आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 11 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 235, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





आर्थिक सहयोग बढ़ाएंगे भारत-ऑस्ट्रिया 14

पूजा ने पूरी की फिल्म देवा की शूटिंग 13


## बेटे की चाह में पिता ने की जुड़वा नवजात की हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- मारने के बाद घर के पास दफना दिया, पुलिस ने किया गिरफ्तार
- पत्नी को बताया कि बीमारी की वजह से हो गई बच्चियों की मौत

बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में बेटे की चाह रखने वाले 32 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपनी तीन दिन की जुड़वा बेटियों की हत्या कर दी और उन्हें अपने घर के पास दफना दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी नीरज सोलंकी को हरियाणा के रोहतक से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमित गोयल ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक सोलंकी ने तीन जून को अपनी बेटियों की हत्या कर दी थी। गोयल ने कहा कि अदालत से अनुमति मिलने के बाद शवों को पांच जून को बाहर निकाला गया। डीसीपी ने बताया कि सोलंकी ने अपनी तीन दिन की बेटियों को इसलिए मार डाला क्योंकि वह बेटा चाहता था।

बच्चियों का जन्म हरियाणा में एक निजी अस्पताल में हुआ था। सोलंकी अपनी पत्नी से यह झूठ बोल कर बच्चियों को दिल्ली लाया था कि किसी बीमारी की वजह से उन्हें बचाया नहीं जा सका।

## आईटीबीपी ने लद्दाख में 108 किलो सोना पकड़ा

**लेह।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने भारत-तिब्बत सीमा पर तस्करी कर लाए गए सोने की 108 ईंटे जब्त की हैं। प्रत्येक ईंट का वजन एक किलोग्राम है। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बल के एक अधिकारी ने बताया कि सोना के अलावा दो मोबाइल फोन, एक दूरबीन, दो चाकू और कई चीन निर्मित खाद्य सामग्री जैसे केक और दूध भी जब्त की गई है। आईटीबीपी द्वारा सोने की यह सबसे बड़ी जब्ती है। जब्त सामग्री को सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया गया है। आईटीबीपी को श्रीरापले में तस्करी की खुफिया जानकारी मिली थी।

## 7720 लेखपालों को मिले नियुक्ति पत्र, 4700 पदों पर भर्ती शीघ्र

### कर्तव्यों के प्रति रहें सजग, लोगों के बीच अपनी छवि सुधारें लेखपाल : योगी आदित्यनाथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने लोकभवन में वितरित किए नियुक्ति पत्र



लोकभवन में चयनित लेखपाल को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचार :** मिशन रोजगार कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 7720 लेखपालों को बुधवार को नियुक्ति दिया गया, जबकि 4700 खाली पदों पर जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में चयनितों को नियुक्ति पत्र दिए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने चयनित लेखपालों को उनके कर्तव्यों के प्रति आगाह करते हुए कहा कि लेखपाल लोगों के बीच अपनी छवि सुधारें। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये नियुक्ति प्रक्रिया पूरी ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई है। इसमें कहीं कोई भेदभाव नहीं हुआ, कोई सिफारिश की आवश्यकता नहीं पड़ी। ऐसे में लेखपालों की जिम्मेदारी बनती है कि वे प्रदेश में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के साथ ही गरीबों की 'ईज ऑफ लिविंग' के लिए कार्य करें। लोगों को निर्धारित समय सीमा में जाति, निवास व आय प्रमाण पत्र मुहैया कराने में अपनी सक्रिय भूमिका अदा करें। वरासत, नामांतरण और पैमाइश से जुड़ी कार्यवाही समय से पूरी हों। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच में अच्छी छवि बने, ताकि लेखपाल के नाम से लोग घबराएं नहीं।

### नई भर्ती के लिए भेजा जा चुका है प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने के लिए 2022 में राजस्व विभाग ने अपना प्रस्ताव अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को दिया था। चयन की प्रक्रिया पूरी ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ आयोग ने संपन्न की, लेकिन कुछ लोगों ने इसमें रोड़ा अटकाने का कार्य किया। राजस्व विभाग व अधीनस्थ सेवा चयन आयोग इसके लिए लड़ा और अंततः सफलता मिली। उन्होंने कहा कि 4700 और नई नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है। जल्द ही यह प्रक्रिया भी पूरी होगी। इससे सृजित व खाली पड़े 3837 लेखपालों की संख्या भी पूरी हो जाएगी।


MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
वास्तविक छूट
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर
ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती
फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज
7 DAYS OPEN
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050
DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन


# टैंकर से टकराई बस, 18 की मौत

### उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बुधवार को भोर में हुआ हादसा, 19 घायल

### बिहार से दिल्ली जा रही डबल डेकर स्लीपर बस ओवरटेक करते समय टैंकर में पीछे से भिड़ी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- तेज धमाके के बाद मची चीत्कार रोड पर बिखरे पड़े मिले शव
- मृतकों के परिजनों को 4 लाख घायलों को 50 हजार दिए जाएंगे



हादसे के बाद क्रेन से हटाई जा रही दुर्घटनाग्रस्त बस। ● एजेंसी

**अमृत विचार :** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में जोगीकोट गांव के पास बुधवार भोर में एक डबल डेकर स्लीपर बस आगे चल रहे दूध लदे टैंकर में जा घुसी। जिससे बस, टैंकर चालक सहित 18 यात्रियों की मौत हो गई और 19 घायल हो गए। तेज धमाका सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। एक्सप्रेस-वे पर लाशें बिखरी पड़ी थीं और घायलों में चीख-पुकार मची थी। यूपीडा की रेस्क्यू टीम व पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को स्थानीय सरकारी अस्पताल पहुंचाया। शासन ने मृतकों व घायलों के परिजनों को आर्थिक सहायता के साथ हर संभव मदद देने के निर्देश दिए हैं। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने दुर्घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है।

बुधवार भोर करीब साढ़े 4 बजे गौरीगंज अमेठी से दूध लदा टैंकर दिल्ली जा रहा था। बिहार प्रांत के शिवहर शहर से 70 सवारियां लेकर दिल्ली जा रही डबल डेकर स्लीपर बस ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित होकर टैंकर में पीछे से घुस गई। तेज धमाके के साथ बस के परखचे उड़ गए। यात्रियों में चीख पुकार मच गई। टक्कर इतनी तेज थी कि टैंकर भी पलट गया और ढक्कन खुलने से दूध सड़क पर बह गया। हादसे से बस दो हिस्सों में बंट गई। बाद में यूपीडा के साथ पुलिस टीम ने रेस्क्यू कर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और आसपास के सरकारी अस्पतालों से बुलाई गई 10 एंबुलेंस से घायलों को बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया गया। जहां 18 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में बस और टैंकर चालक भी शामिल हैं। डीएम गौरांग राठी, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद्र, सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया फोर्स के साथ पहुंचे। बाद में सीएचसी से घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। कुछ गंभीर घायलों को केजीएमयू लखनऊ भेजा गया। हादसे में सुरक्षित बचे यात्रियों को दूसरे वाहन से जिला प्रशासन ने गंतव्य को भेजा। मृतकों में टैंकर चालक सुनील सहित तीन लोगों की ही पहचान हो सकी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताते हुए घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये देने की घोषणा की। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर चार किमी दूर तक वाहनों की कतार लग गई। सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि स्लीपर बस शिवहर बिहार से दिल्ली जा रही थी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डीएम गौरांग राठी ने बताया कि डाक्टरों की टीम इलाज में लगी है।

> उन्नाव में हुई सड़क दुर्घटना में जिन लोगों ने अपनों को खोया है उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर उन्हें इस कठिन समय में संबल प्रदान करे। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। –**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री।
>
> उन्नाव में सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दु:खद है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी के निर्देश दिए गए हैं। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। –**योगी आदित्यनाथ**, मुख्यमंत्री
>
> उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे में 18 लोगों की मौत का कारण सरकार की लापरवाही है। ये जांच का विषय है कि एक्सप्रेस-वे पर विशेष पार्किंग जोन होते हुए भी कोई वाहन बीच रास्ते में क्यों खड़ा था। सीसीटीवी लगे रहने के बावजूद खड़े वाहन की निगरानी में चूक कैसे हुई। –**अखिलेश यादव**, पूर्व मुख्यमंत्री।

## तलाकशुदा मुस्लिम महिला पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह कोई दान नहीं, बल्कि महिला का अधिकार
- अदालत ने कहा- सीआरपीसी की धारा-125 सभी महिलाओं पर लागू

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाया कि एक मुस्लिम महिला आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-125 के तहत अपने शौहर से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। शीर्ष अदालत ने कहा कि सीआरपीसी का यह धर्मनिरपेक्ष और धर्म तटस्थ प्रावधान सभी शादीशुदा महिलाओं पर लागू होता है, फिर चाहे वे किसी भी धर्म से ताल्लुक रखती हों। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने स्पष्ट किया कि मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 को धर्मनिरपेक्ष कानून पर तरजीह नहीं मिलेगी।

दोनों न्यायाधीशों ने अलग लेकिन समवर्ती आदेश दिए। पीठ ने कहा कि पूर्ववर्ती सीआरपीसी की धारा-125 के दायरे में मुस्लिम महिलाएं भी आती हैं। यह धारा पत्नी के भरण-पोषण के कानूनी अधिकार से संबंधित है। पीठ ने जोर देकर कहा कि भरण-पोषण दान नहीं, बल्कि हर शादीशुदा महिला का अधिकार है और सभी शादीशुदा महिलाएं इसकी हकदार हैं, फिर चाहे वे किसी भी धर्म की हों। शीर्ष अदालत ने तेलंगाना हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली मोहम्मद अब्दुल समद की याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने गुजारे भत्ते के संबंध में परिवार अदालत के फैसले में दखल देने का समद का अनुरोध ठुकरा दिया था। समद ने दलील दी थी कि एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला सीआरपीसी की धारा-125 के तहत गुजारा भत्ता पाने की हकदार नहीं है।

### एक नजर

#### डोडा में आतंकवादियों की तलाशी का अभियान तेज

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के जंगलों में छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने बुधवार को तलाशी अभियान तेज कर दिया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि डोडा में आज तड़के फिर तलाशी अभियान शुरू किया गया। कल देर रात अंधेरे के कारण तलाशी अभियान रोका गया था। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के बारे में फिलहाल कुछ पता नहीं चल पाया है। डोडा के जंगलों में अंधेरे और भारी बारिश के कारण तलाशी अभियान निलंबित कर दिया गया था।

#### डीजीसीए ने जारी किए सुरक्षा मानदंड

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अनिवार्य सुरक्षा मंजूरी आवश्यकताओं सहित हवाई अड्डों पर विमान संचालन सेवा प्रदाताओं के लिए सुरक्षा मानदंड जारी किए हैं। डीजीसीए ने यह कदम हवाई यातायात में वृद्धि के बीच हवाई अड्डों पर विमानों का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के प्रयासों के तहत उठाया है। कुछ हवाई अड्डों पर विमान को नुकसान पहुंचने की घटनाओं की पृष्ठभूमि में भी ये नियम बनाए गए हैं। डीजीसीए ने बुधवार को कहा कि नया 'सिविल एविएशन रिक्वायरमेंट्स' (सीएआर) विस्तृत परामर्श के बाद तैयार किया गया है जो निगरानी तंत्र को मजबूत करेगा।

## दोस्ती निभाने को तीन युवकों ने खाया जहर, एक की मौत

संवाददाता, बंडा (शाहजहांपुर)

- दो दोस्तों का पूरनपुर के निजी अस्पताल में चल रहा इलाज

**अमृत विचार :** दोस्ती निभाने के लिए तीन युवकों ने जहरीला पदार्थ खा लिया। एक युवक ने दम तोड़ दिया। जबकि दो का पूरनपुर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस को घटना की जानकारी नहीं दी गई।

बंडा थाना क्षेत्र के गांव रनमस्तपुर बुजुर्ग के मजरा मानपुर गौंटिया के तीन युवकों में घनिष्ठ दोस्ती थी। तीनों एक साथ जीने-मरने की कसमें खाया करते थे। मंगलवार शाम तीनों खेतों की ओर टहलने गए। जहां कुछ ऐसा हुआ कि दोस्ती की कसम खाते हुए तीनों ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। कुछ देर बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। गांव के एक युवक ने तीनों को बेसुध देखा तो परिजनों को सूचना दी। एक युवक के परिजन उसे बंडा सीएचसी ले गए जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन परिजन उसे पीलीभीत के निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दो युवकों को पूरनपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बंडा थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्या ने बताया कि पुलिस को मामले की जानकारी नहीं दी गई है।

## सरकार आपके साथ, डरने की कोई बात नहीं : योगी

### मुख्यमंत्री ने पीलीभीत के बाढ़ प्रभावित गांवों का किया हवाई निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बाढ़ पीड़ितों की जानी समस्याएं, चंदिया हजारा में बांटा राशन
- बंगालियों को जल्द पट्टा आवंटन नागरिकता सर्टिफिकेट दिए जाएंगे



चंदिया हजारा में राहत सामग्री बांटते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीलीभीत जिले के तहसील कलीनगर और पूरनपुर के गांवों का हवाई निरीक्षण किया। उन्होंने चंदिया हजारा गांव में बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं जानीं और राशन किट का वितरण किया। उन्होंने कहा कि सरकार आपके साथ है डरने की कोई बात नहीं है। कहा कि नेपाल और पहाड़ों पर हुई बारिश से प्रदेश के 12 जनपद प्रभावित हुए हैं। पीलीभीत के 152 गांव और फसलें प्रभावित हुई हैं। तीन जनहानि होने पर पीड़ित तीनों परिवार को चार-चार लाख रुपये की सहायता देने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा जिले में 50 वर्ष से बंगाल के लोग रह रहे हैं। इन लोगों को जल्द ही जीवनयापन के लिए पट्टा आवंटन एवं नागरिकता सर्टिफिकेट जारी किए जाएंगे जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान पर रखा जाए। भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था कराई जाए। पशुओं के लिए भी भूसे-चारे की व्यवस्था करें। जिनके घर गिर गए हैं, उनकी सूची भेजी जाए ताकि उन्हें आवास दिया जा सके। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर आदि मौजूद रहे।

### बाढ़ में बहे मोपेड सवार दो भाई, एक की मौत

**बदायूं।** मामा की शादी से लौट रहे दो भाई बाढ़ में बह गए। पुलिया पकड़ लेने से एक बच गया जबकि दूसरे की मौत हो गई। हजरतपुर के गांव कैमी निवासी राम गोपाल (22) पुत्र सोहन पाल मंगलवार को मौसेरे भाई गुड्डू (24) पुत्र धन पाल के साथ मोपेड से मामा की शादी में शामिल होकर लौट रहे थे। रात एक बजे गांव शेरपुर के पास बाढ़ का पानी पुलिया के ऊपर बह रहा था। बहाव तेज होने से दोनों मोपेड समेत बहने लगे। गुड्डू ने किसी तरह पुलिया पकड़ ली और बच गया जबकि राम गोपाल बह गया। थानाध्यक्ष विक्रम सिंह ने ग्रामीणों की मदद से तलाश कराई। एक घंटे के बाद रामगोपाल का शव बरामद हो गया लेकिन मोपेड का पता नहीं चल सका।

**सड़क हादसा** आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से सुरक्षा तंत्र पर उठ रहे सवाल, नवागत एडीजी यातायात ने शुरू किया अभियान, जिलों से मांगी रिपोर्ट

## साढ़े चार वर्ष में 96 हजार से ज्यादा लोगों ने गंवाई जान

विनय सिंह, लखनऊ

| वर्ष | कुल हादसे | घायलों की संख्या | मृतकों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 2020 | 34200 | 22400 | 19100 |
| 2021 | 37710 | 24800 | 21000 |
| 2022 | 41740 | 28500 | 22500 |
| 2023 | 44500 | 31000 | 23600 |
| 2024 (जून तक) | 18680 | 13600 | 10000 |

**अमृत विचार :** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर बुधवार की सुबह हुई बस दुर्घटना में 18 यात्रियों के मरने के बाद अब सड़क सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। यातायात निदेशालय के आंकड़ों के अनुसार साल दर साल हादसों और इससे होने वाली मौतों में वृद्धि हुई है। जिस गति से सड़कें बन रही हैं, उससे दोगुनी गति से वाहनों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। ऐसी स्थिति में यातायात विभाग दुर्घटनाओं को रोक पाने में असफल साबित हो रहा है। अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जनवरी 2021 से जून 2024 तक (साढ़े चार वर्षों में) हुई सड़क दुर्घटनाओं में 96 हजार से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो चुकी है। एक लाख 20 हजार से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। उक्त वर्षों में एक लाख 76 हजार सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। सड़क हादसों को रोकने को भारी-भरकम स्टाफ कार्य कर रहा है। लेकिन, आए दिन हो रही दुर्घटनाएं सरकारी तंत्र को कठघरे में खड़ा कर रही हैं।

**खुले कट्स हादसों का बड़ा कारण :** जिलों से निदेशालय पहुंच रही रिपोर्ट पर गौर किया जाए तो डिवाइडर पर खुले कट्स हादसों के लिए सबसे बड़े कारणों के रूप में सामने आ रहे हैं। चौराहों पर विद्युत व्यवस्था न होना। सिंगल और डबल लेन सड़क भी असुरक्षित हैं।

### टूरिस्ट परमिट पर चल रही बसें, जिम्मेदार मौन

टूरिस्ट परमिट पर डबल डेकर बसें धड़ल्ले से चल रही हैं। इन बस संचालकों पर न नियम लागू हो पा रहा न ही कोई कार्रवाई हो पा रही है। डबल डेकर बसें दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण बन रही हैं। जानकारी के अनुसार मुरादाबाद के एक व्यावसायी इन बसों को चलवा रहे हैं। यह बसें नेपाल बार्डर से जुड़े जिलों से चलकर पंजाब, दिल्ली और गुजरात तक जाती हैं। लेकिन इन पर कोई कार्रवाई नहीं करता है। बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती आदि जनपदों से भी यह बसें लगातार चल रही हैं।

> यातायात व सड़क सुरक्षा को लेकर विभाग जिस तरह से काम कर रहा, उसका परिणाम एक-दो महीने में देखने को मिलेगा। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जिलों के अधिकारियों के साथ बैठकें भी की जा रही हैं। प्रचार के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। कुछ नई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। जल्द ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। - **के. सत्यनारायण**, एडीजी यातायात।

## सीबीआई जांच के लिए राज्य की सहमति जरूरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दायर उस वाद को विचारणीय माना जिसमें आरोप लगाया गया है कि राज्य की ओर से 16 नवंबर 2018 को आम सहमति वापस लिए जाने के बावजूद सीबीआई विभिन्न मामलों में जांच जारी रखे हुए है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि राज्य के वाद पर कानून के अनुरूप और गुण-दोष के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 13 अगस्त की तारीख निर्धारित की। शीर्ष अदालत ने आठ मई को इस संबंध में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## गोशाला में गोवंशों की मौत पर दो अधिकारी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, संभल

- प्रशासन ने की छह की पुष्टि, गांव में 15 से 20 के मरने की चर्चा

**अमृत विचार :** विकास खंड संभल के गांव शरीफपुर की अस्थायी गोशाला में कई गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई। जिला प्रशासन ने छह गायों की मौत की पुष्टि की है। मौत की वजह बाजरा खाने से फूड प्वाइजनिंग होना बताया गया। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत अधिकारी और पशुधन प्रसार अधिकारी को निलंबित कर दिया है। जबकि सीवीओ और बीडीओ संभल समेत चार अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है।

ग्रामीणों में चर्चा है कि गोशाला में करीब 15 से 20 गोवंशीय पशुओं की मौत हुई है। ग्रामीण गोशाला पहुंचे तो जहां-तहां पशुओं के शव पड़े थे। ग्रामीणों की सूचना पर सीवीओ दिनेश चंद्र, बीडीओ संभल प्रेमपाल सिंह, कार्यवाहक एसडीएम दीपक चौधरी गोशाला पर पहुंचे और पशुओं के शव दफन कराने का काम शुरू कराया। डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने गोशाला का जायजा लेने के बाद कहा कि बाजरा खाने से फूड प्वाइजनिंग हुई। सैंपल आईवीआरआई बरेली भेजे गए हैं। छह पशुओं की मौत हुई है और छह बीमार पशुओं को ड्रिप लगाई गई है।


महानगर के घरों में भरे पानी के बीच फंसे लोग। ● अमृत विचार


लोधीपुर खन्नौत में तीन दिन से फंसे चंद्रभान के पांच सदस्यीय परिवार समेत 15 20 लोगों को निकालकर लाई टीम।


सिटी पार्क बिजली घर में भरा पानी। ● अमृत विचार

# जिले में हालात बेकाबू, शहर में घुसा पानी, लोग फंसे तो चली नाव

## सिटी पार्क बिजली घर में भरा पानी, मशीनें डूबीं, हजारों घरों की बिजली गुल, मोहम्मदी रोड पर बैरियर लगाकर रोके गए बड़े वाहन

● 10 से ज्यादा लोग घरों में फंसे, 20 से ज्यादा लोग नाव और ट्यूब के सहारे निकाले गए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले में बाढ़ से हालात बेकाबू हो गए हैं। शहर में खन्नौत और गर्रा नदी का पानी घुस गया है। 15 से ज्यादा कालोनी में पानी भर गया है। गली-मोहल्लों में नाव चलने लगी हैं।

बाढ़ में फंसे 20 से ज्यादा लोगों को प्रशासन ने बुधवार को नाव और ट्यूब से निकाला। सिटी पार्क पावर हाउस में मशीनें डूब जाने से पावर हाउस को बंद करना पड़ा है। जिससे हजारों घरों में बिजली ठप है। हजारों घरों को बिजली नहीं मिल पा रही है। लोग पानी तक को तरस गए हैं। उमस भरी गर्मी से बच्चे-बूढ़े, जवान सभी परेशान हैं। बाढ़ का पानी लोधीपुर और हनुमतधाम पुलों तक पहुंच गया है। लोधीपुर, फाइव एनक्लेव और हुसैनपुरा सहित कई मोहल्ले में पानी घुस गया है। ऐसे में लोग घरों में शरण लिए हुए हैं।

हथौड़ा रोड, रेती रोड, हनुमतधाम रोड सहित कई मोहल्लों की सड़कें जलमग्न हो गई। पक्का पुल मोहल्ले में कई मकानों की पहली मंजिल डूब गई है। यहां सड़कें तालाब बन गई हैं। लोग सड़कों में नहाते हुए देखे गए। हनुमान धाम रोड पर भी मस्जिद की पहली मंजिल डूब गई। हनुमत धाम के पास ही एक मैरिज लॉन भी डूब गया। एक गर्भवती महिला को ट्यूब के सहारे निकाला गया। इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतीपुर में पानी भर गया। मरीजों को दवा लेने में असुविधा हुई। सिंधौली में पुल पर बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया। साथ ही गली मोहल्लों तक में पानी घुस गया और लोग घरों में फंस गए। एनडीआरएफ और राहत कर्मियों ने नाव व अन्य साधनों से लोगों को बाहर निकाला।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सांसद अरुण कुमार सागर और विधायक अरविंद सिंह ने बाढ़ पीड़ितों का हाल जाना और अधिकारियों को राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए।


लोधीपुर में सड़क पर पहुंचा पानी। ● अमृत विचार


मेडिकल कॉलेज में भरा पानी। ● अमृत विचार

### मेडिकल कॉलेज परिसर में घुसा बाढ़ का पानी

**शाहजहांपुर।** बाढ़ का पानी नाले के माध्यम से मेडिकल कॉलेज परिसर के ट्रामा सेंटर तथा ओपीडी के सामने एक-एक फुट पानी भर गया। मरीज तथा तीमारदारों पानी के बीच परिसर आना-जाना लगा रहा। कॉलेज परिसर का नाला गर्रा नदी से जुड़ा हुआ है। मंगलवार की रात एक बजे तक परिसर में बाढ़ का पानी नहीं था। रात दो बजे अचानक नदी का बाढ़ का पानी आ गया। देखते-देखते ट्रामा सेंटर, प्रशासनिक भवन तथा ओपीडी के सामने एक-एक फुट पानी भर गया। पानी भर जाने से मेडिकल कॉलेज प्रशासन में हड़कंप मच गया। स्टाफ ने प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार को सूचना दी। उन्होंने रात ही में परिसर में बाढ़ के पानी को देखा। हालांकि वार्ड तथा कॉलोनी के घरों में पानी नहीं भरा था। पानी अभी सड़क तक ही है। प्राचार्य डॉ राजेश कुमार ने पानी निकलवाने के लिए नगर निगम को पत्र लिखा था। उन्होंने बताया कि शाम को पानी कम हो गया था।


बुधवार को खन्नौत नदी कुछ इस तरह उफान पर रही। ● अमृत विचार

### पानी खतरे के निशान से ऊपर, ककरा पुल को किया बंद



**शाहजहांपुर।** ककरा वाला गर्रा नदी पुल पर पानी खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया। इस दौरान पुल पर आवागमन ठप हो गया। ककरा गर्रा नदी पुल पोस्टमार्टम तथा अजीजगंज की ओर निकलता है। बुधवार की सुबह पानी बढ़ जाने से गर्रा नदी खतरे के निशान से ऊपर निकल गई है। अधिकारियों ने चौक कोतवाली को निर्देश दिए कि ककरा पुल पर आवागमन रोक दिया जाए। कोतवाली के दरोगा तथा सिपाही सुबह नौ बजे ककरा पुल पहुंच गए और पुल पर निकलने पर रोक लगा दी। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि पानी खतरे से निशान के ऊपर हो जाने से निकलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### पीलीभीत की ट्रेनें रद्द रही

**शाहजहांपुर।** पीलीभीत-शाहजहांपुर रेल लाइन पर भोपतपुर गांव के सामने रेल लाइन पर बाढ़ का पानी भर गया है। इस दौरान शाहजहांपुर से पीलीभीत तथा पीलीभीत से शाहजहांपुर जाने वाली ट्रेनें दूसरे दिन भी निरस्त रही। पीलीभीत जाने वाला ट्रेन को पूर्वोत्तर रेलवे स्टेशन पर खड़ा कर दिया है। यहां से सुबह, दोपहर तथा शाम को पीलीभीत के लिए ट्रेनें जाती है। बुधवार की सुबह छह बजे स्टेशन पर पहुंचे। लोगों ने बताया कि रेल लाइन पर पानी भर जाने से ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया है। एसएस पीएस तोमर ने बताया कि अग्रिम आदेश के लिए ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया है।

### खन्नौत श्मशान घाट में घुसा पानी

**शाहजहांपुर।** रेलवे खन्नौत नदी पुल से कुछ दूरी पर श्मशान घाट है। रेलवे फाटक से श्मशान घाट के लिए रास्ता जाता है। खन्नौत नदी का बाढ़ का पानी श्मशान घाट के अंदर घुस गया है। साथ ही श्मशान गेट के बाहर रास्ते में पानी भर गया है। श्मशान घाट के चबूतरे पानी में नहीं डूबे है। लोग श्मशान घाट के आसपास पानी भर जाने से लोग अंत्येष्टि के लिए बाढ़ के पानी के बीच से निकल कर जा रहे है। ऊंचे बने चबूतरे पर रखकर चिता को जलाई जा रहीहै।

### बाढ़ में फंसे बच्चे को निकाला



**रौसर कोठी।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के ख्वाजा फिरोज मोहल्ले में बाढ़ का पानी घुस आया। इस कारण काफी मकानों में पानी भर गया। रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ 21 मद्रास आर्मी आई हुई है, लेकिन बाढ़ में घरों में फंसे हुए लोगों की सही लोकेशन नहीं मिल पा रही थी इसलिए प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने रेस्क्यू टीम के साथ बाढ़ के पानी में उतरकर बचाव कार्य करवाया। इस दौरान एक बच्चे सहित कई लोगों को निकाला गया।

### 11 लोगों को सुरक्षित निकाला

**तिलहर।** ग्राम राई खेड़ा स्थित केआर पेपर मिल वालों के झाले पर दो परिवारों के 11 सदस्य मिल की जमीन को ठेके पर करते हैं। गर्रा नदी में अचानक जलस्तर बढ़ने से झाले के चारों तरफ पानी-पानी हो गया। झाले से निकलने का कोई रास्ता नहीं बचा है, इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे और ग्राम राईखेड़ा से एक नाव की व्यवस्था कर बारी-बारी से सभी 11 लोगों को झाले से निकाल कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।


लोधीपुर का निरीक्षण करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना। ● अमृत विचार


बाढ़ की स्थिति का जायजा लेते डीएम उमेश प्रताप सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा।


बाढ़ की स्थिति का जायजा लेते सांसद अरुण कुमार सागर। ● अमृत विचार

### रामगंगा हुई विकराल, पहरूआ में तटबंध डूबा

**मिर्जापुर।** रामगंगा का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। बढ़ते जलस्तर से पहरूआ में निर्माणाधीन तटबंध डूब गया है , जिससे मंदिर तथा गांव किनारे कटान का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों की मांग के बाद भी प्रशासन द्वारा नाव उपलब्ध नहीं कराई गई है।

मिर्जापुर क्षेत्र में बहने वाली रामगंगा आषाढ़ माह में ही उफान पर है। जिससे तटवर्ती गांव के लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें छाई हुई है। उफनाती लहरें देख कर लोगों का कलेजा कांप रहा है। क्षेत्र के पहरूआ में रंगेश्वर महादेव मंदिर व गांव को बचाने के लिए बनाया जा रहा तटबंध एक झटके में ही डूब गया। कटान रोकने के लिए तटबंध में बनाई गई 16 ठोकरों मे से 11 बिल्कुल डूब गई है। बाकी ठोकर डूबने के कगार पर है। पहरूआ में ग्रामीणों ने प्रशासन से नाव उपलब्ध कराने की मांग की है लेकिन प्रशासन अभी बाढ़ के हालात नही मान रहा है जिसके चलते नाव उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।

एसडीएम महेश कुमार कैथल ने बताया कि हालात पर नजर बनाए हुए है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए बाढ़ चौकियां व प्रशासन सक्रिय है।

### हालात सही करने पहुंची सेना

**शाहजहांपुर।** महानगर में पानी घुसने के बाद हालात लगातार खराब होते चले। इसके बाद हालात को काबू करने के लिए सेना उतारी गई। मंगलवार रात अचानक पानी लोगों के घरों में घुसना शुरू हुआ था। सुबह होते-होते लोग बाढ़ के पानी से घिर गए। 15 से 20 मोहल्लों के करीब आठ हजार लोग प्रभावित बताए जा रहे हैं। प्रशासन के साथ ही पार्षदों ने नावों की व्यवस्था कर लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। प्रशासन ने सेना से मदद मांगी। इसके बाद मद्रास रेजीमेंट के 60 जवान राहत बचाव कार्य में लग गए। बाढ़ में फंसे लोगों को सेना के जवानों ने मोटरबोट के जरिए निकाला।

### प्रशासन ने 750 लोगों को सुरक्षित निकाला

**शाहजहांपुर।** प्रशासन ने अब तक कुल 750 लोगों को बाढ़ क्षेत्र से निकाल कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया है। पानी भरने के चलते सुभाष नगर से 35 परिवारों को विस्थापित किया गया है। इसी तरह मोहल्ला हयातपुर से 12 परिवार, ख्वाजा फिरोज से 20 परिवार, लोदीपुर से 15 परिवार, अक्षरधाम कॉलोनी से 12 परिवार, लोक विहार कॉलोनी से 10 परिवार विस्थापित किए गए हैं। इस तरह कुल 519 लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। यह राहत शिविर बचपन पब्लिक स्कूल सुभाष नगर, तक्षशिला विद्यालय, गुरु नानक विद्यालय, गन्ना शोध संस्थान में बनाए गए हैं। बुधवार तक प्रशासन की ओर से कुल 750 लोगों को सुरक्षित बाढ़ प्रभावित मकान से बाहर निकाला गया है।


रटा गांव के पास सड़क पर बह रहे पानी के बीच निकलते वाहन। ● अमृत विचार

## गर्रा में बढ़ा पानी, सड़क तक पहुंचा

संवाददाता, निगोही/ तिलहर/ सेहरामऊ दक्षिणी।

● अभी खतरे के निशान से नीचे है गर्रा का पानी

**अमृत विचार:** निगोही-तिलहर मार्ग पर गांव रटा के पास गर्रा का पानी सड़क के ऊपर से बहने लगा है। हालांकि अभी खतरे के निशान से नीचे है लेकिन देर शाम तक जलस्तर बढ़ने के आसार बताए जा रहे हैं। गर्रा में उफान की वजह से वीरसिंहपुर, रटा-रटी, धनियुरा, चित्ती भोजी आदि गांवों में भी पानी भर गया है।

तिलहर में पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश के चलते गर्रा नदी में जलस्तर बढ़ रहा है। बुधवार शाम करीब 5:00 बजे रटा गांव के पास तिलहर निगोही मार्ग बाढ़ के पानी में डूब गया है। जिससे कई गांव का संपर्क टूट गया। बाढ़ के चलते रत गांव के घरों में भी पानी घुस गया और गलियां जलमग्न हो गईं। जलस्तर लगातार बढ़ने से क्षेत्र के लोगों में दहशत है। वहीं सेहरामऊ दक्षिणी तहसील सदर क्षेत्र में पड़ने वाले गांव नागरपाल में गर्रा नदी पर बने पुल से चांदापुर जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग पर कमर से पानी बहने लगा है। जिस कारण शादी आदि शुभ अवसर पर दूर-दूर से आने वाले रिश्तेदारों को वापस लौट कर हरदोई बाईपास से बरेली मोड़ जाने वाले मार्ग पर पड़ने वाली नहर रोड से करीब बारह किमी की अतिरिक्त दूरी तय करके चांदापुर तक जाना पड़ रहा है।















शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

ASHOKA FOAM
WOW SALE
UP TO 70%
Bed Linen · Rugs
Bath Linen · Louvers
Sofa Fabric · Curtains
Wallpapers
Wooden
PVC Flooring
106/8 Civil Lines, Opp. Mission Hospital Bareilly, Uttar Pradesh, India 243001
Tel: +91 9720031000 | www.ashokafoam.com

# जमीन की रंजिश में युवक की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या

## बंडा के गांव देवकली में मंगलवार रात की घटना, आरोपियों के घर पुलिस को चारपाई से बंधा मिला शव

संवाददाता, बंडा (शाहजहांपुर)

**अमृत विचार:** जमीन की रंजिश में आरोपियों ने युवक को लाठी डंडों से पीट पीटकर घायल कर दिया और चारपाई में बांधकर पुलिस को सूचना दे दी, लेकिन जब तक पुलिस पहुंची युवक दम तोड़ चुका था। मृतक के पिता ने सात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एएसपी ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी और सीओ पुवायां पंकज पंत ने मौका मुआयना कर घटना की जानकारी ली। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य इकट्ठा किए।

देवकली गांव में मंदिर के नाम से करीब आठ एकड़ जमीन है। इसी जमीन को लेकर गांव के ही राजवीर सिंह और दूसरे पक्ष के लोगों में विवाद चल रहा है। दो साल पहले मंदिर की जमीन का कब्जा छुड़वाने के लिए राजवीर ने अधिकारियों से शिकायत की थी, जिस पर जमीन को कब्जा मुक्त करा लिया गया था। इसी बात से आरोपी उससे व उसके परिवार से रंजिश मानने लगे। मंगलवार की शाम उसका पुत्र रवि प्रकाश (28) घर से खाना लेकर गांव में ही साधन सहकारी समिति पर बतौर चपरासी ड्यूटी करने गया। पिता का कहना है कि रात में किसी समय आरोपियों ने बेटे को लाठी-डंडों से पीटकर मौत के घाट उतार दिया और उसके शव को अपने घर लाकर चारपाई से बांध दिया। जिसके बाद आरोपियों ने ही डायल 112 को सूचना दी कि रवि उनके घर पर नशे में गाली-गलौज कर रहा है और आरोपियों ने उसे घर में बंद कर लिया है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने पिता राजवीर को सूचना दी।

पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी आरोपियों से जमीन को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने रवि की हत्या कर दी और उसके शव को अपने घर में चारपाई से बांध दिया। आरोपियों ने मामले की सूचना पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने गांव के ही आशीष सिंह, भारत सिंह, शेर सिंह, सुंदर सिंह, ऋषिपाल सिंह, सेठपाल व अरविंद के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


देवकली गांव में युवक की हत्या के बाद मौके पर पर मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार


मृतक रविप्रकाश।


घटना के बाद गुमसुम बैठे परिजन।


गांव पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम। ● अमृत विचार

● पिता ने सात लोगों के खिलाफ दर्ज कराई हत्या की रिपोर्ट

> तहरीर के आधार पर सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। – **पंकज पंत, सीओ**, पुवायां

## हर बार ही शिकायत को नजरअंदाज करती रही पुलिस

● **पिता बोले, तीन दिन पहले भी हुआ था विवाद पर पुलिस ने नहीं की कार्रवाई**

● **बोले परिजन, इसी वजह से आरोपियों के बढ़ते चले गए हौसले, ले ली बेटे की जान**

**बंडा, अमृत विचार:** गांव देवकली में रविप्रकाश की हत्या के मामले में पीड़ित परिवार ने पुलिस को कठघरे में खड़ा किया है। आरोप है कि पुलिस हर बार की शिकायत को नजरअंदाज करती रही। तीन दिन पहले खेत की मेड़ पर लगे पेड़ों को लेकर हुए विवाद पर पुलिस ने आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की। इससे आरोपियों के हौसले बढ़ते चले गए और उन लोगों ने बेटे रविप्रकाश की जान ले ली।

गांव देवकली निवासी राजवीर सिंह ने बताया कि मंदिर के नाम आठ एकड़ जमीन कब्जा मुक्त कराने के बाद से आरोपी आशीष सिंह, भारत सिंह, शेर सिंह, सुंदर सिंह, ऋषिपाल सिंह, सेठपाल व अरविंद उससे व उसके परिवार से रंजिश मानने लगे। आए दिन आरोपी उससे व उसके परिवार के लोगों के साथ मारपीट करते थे और जान से मार देने की धमकी भी दिया करते थे। इस संबंध में उसने कई बार बंडा पुलिस से शिकायत की लेकिन पुलिस ने कभी भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया। परेशान होकर उसने जिलाधिकारी के यहां 18 अप्रैल को उक्त लोगों के खिलाफ दाखिल दफ्तर भी कराया था जिसमें उसने आरोपियों से जान माल का खतरा बताया था। पीड़ित ने बताया कि आठ जुलाई को उसका पुत्र रवि प्रकाश बंडा कस्बे में बने एक पैलेस में एक तिलक समारोह में गया था। घर लौटते समय आरोपियों ने उसके बेटे के साथ मारपीट की थी। छह जुलाई को मंदिर की भूमि और उसके खेत की मेड पर लगे कुछ पेड़ों को लेकर आरोपियों से उसका विवाद हो गया था, जिस पर बंडा पुलिस ने उसे और दूसरे पक्ष से एक आरोपी को पकड़कर हवालात में बंद कर दिया था। आरोप लगाया कि पुलिस ने दूसरे आरोपी से साठगांठ कर ली और बाद में आरोपी को छोड़ दिया लेकिन उसे दो दिन तक हवालात में बंद रखने के बाद दोपहर बाद छोड़ दिया। यदि पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया होता तो उसके पुत्र की हत्या नही होती। वहीं इस घटना को लेकर क्षेत्र में तमाम तरह की चर्चाएं हो रही हैं। रविप्रकाश की मौत से मां राजवती, भाई विकास, शिवा, बहन अंजली का रो रो कर बुरा हाल है।

> दो पक्षों में पेड़ों को लेकर विवाद चल रहा था, मामला सामने आने पर पता चला कि पेड़ राजवीर के थे जो उन्हें दिला दिए गए थे। फिर कोई विवाद नहीं रह गया था। – **राकेश कुमार मौर्या**, थाना प्रभारी

## नर्सिंग होम में घुसकर डॉक्टर व स्टाफ को पीटा, तोड़फोड़ की

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** शहर के एक नर्सिंग होम में घुसकर महिला समेत पांच लोगों ने डॉक्टर तथा स्टाफ को मारा पीटा और सामान तोड़ दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर कार से भाग गए। सदर बाजार पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला अंटा निवासी डॉ राजेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि सोमवार की दोपहर चार बजे अपने अंटा रोड पर स्थित नर्सिंग होम में मरीजों को देख रहे थे। इसी बीच चार-पांच लोग एक बच्चे को चोट दिखाने के लिए आए थे। बच्चे का नाम अनुभव गुप्ता बताया था। उन्होंने परिवार वालों से कहा कि बच्चे के टांके लगेंगे। परिवार वाले टांके लगवाने के लिए तैयार नहीं हुए। उन्होंने बच्चे को पट्टी बांध दी। चारों लोग बच्चे को लेकर चले गए। आरोप है कि सोमवार की रात में ही पौने दस बजे पांच लोग उनके नर्सिंग होम घुस आए। उनके साथ एक महिला भी थी। आरोपियों ने कहा कि इलाज ठीक नहीं करते हो और पीटने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने नर्सिंगहोम में तोड़फोड़ कर दी। डॉक्टर तथा स्टाफ को मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए कार से भाग गए। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह नर्सिंग होम में पहुंचे और जानकारी की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला समेत पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

**आज का मौसम**
आसमान में तेज धूप खिली रहेगी।
35.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.23 | सूर्यास्त 07.13

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**पुवायां, अमृत विचार:** पुलिस ने अलग-अलग नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नाबालिग के पिता ने अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना में दुष्कर्म की धाराओ को बढ़ाया गया है।

क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने दो जुलाई को स्कूल से लौटने पर छात्रा के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना में भिलावां निवासी मुखराज सिंह व धारा निवासी साहिल को दोषी पाए जाने पर मेडिकल व बयान के आधार पर दुष्कर्म व पास्को की धाराएं बढ़ाकर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट: करंट लगने से गई थी अशोक की जान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **कटरा में बिजली के तार से इंवर्टर का तार जोड़ रहा था युवक**

● **पिता ने आढ़ती समेत तीन पर दर्ज कराई थी हत्या की रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** कटरा पुलिस ने अशोक कुमार के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर बिजली के करंट से उसकी मौत हुई है। विवेचना के आधार पर इंवर्टर का तार बिजली के तार से जोड़ते समय उसकी दाएं हाथ की अंगुलियों में करंट लग गया था।

कटरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला तहवरगंज निवासी अशोक कुमार सब्जी मंडी में अखिलेश की आढ़त पर काम करता था। सोमवार की शाम घर से बताकर निकला था कि आढ़त पर जा रहे है। वह रात भर नहीं लौटा तो परिवार वालों ने उसकी तलाश की। मंगलवार की सुबह साढ़े नौ बजे उसका शव सब्जी आढ़त के पीछे विपिन के मकान के बाहर टीन शेड के नीचे मिला था। उसके दाएं हाथ में बिजली का तार था। पुलिस लाइन से पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए थे। मृतक के पिता मुन्नालाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके बेटे को आढ़त स्वामी अखिलेश ने फोन करके बुलाया था कि प्याज की गाड़ी आ गयी है और गाड़ी उतरवानी है। उनका आरोप था कि गाड़ी उतरवाने के बहाने बुलाकर उसके बेटे को बिजली के करंट से मार डाला है। पुलिस ने आढ़त स्वामी अखिलेश समेत तीन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। रिपोर्ट के आधार दहिने हाथ की अंगुली में करंट लगने से उसकी मौत हुई है। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि विवेचना के आधार पर आलोक गुप्ता के मकान में विपिन मिश्रा किराए पर रहते थे। उनका इंवर्टर का तार बिजली के तार जोड़ रहा था। उसकी करंट से मौत हो गई है।

## हौद में नहा रहे तीन वर्ष के बालक की मौत

**खुटार, अमृत विचार:** हौद में नहाने के दौरान तीन वर्ष के बालक की डूबकर मौत हो गई। इससे घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है।

क्षेत्र का एक ग्रामीण गांव से कुछ दूरी पर स्थित फार्म पर परिवार के साथ रहता है। घर में ही ट्यूबवेल है और नहाने के लिए हौद बना रखा है। बुधवार दिन के करीब दस बजे तीन वर्ष का बालक के अपने चचेरे भाई के साथ नहा रहा था। थोड़ी देर बाद उसका चचेरा भाई नहा कर घर चला गया।

काफी देर होने के बाद उक्त ग्रामीण का बेटा घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने ट्यूबवेल की ओर पहुंचे। जहां हौद में उसका शव उतरा रहा था। देखने के बाद मृत मिला। इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी गई। बेटे की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।

# अलग-अलग स्थानों पर हादसों में दो की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **पत्नी को मायके छोड़ लौट रहे सर्वेश की बाइक से टकराई दूसरी बाइक**

● **बरात से लौट रहा था शिशुपाल दोनों पीलीभीत के रहने वाले**

● **क्षेत्र में हुआ हादसा, पीलीभीत के रहने वाले थे दोनों**

**अमृत विचार:** जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को अस्पताल लाया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। बंडा तथा तिलहर क्षेत्र में हादसा हादसा हुआ है। दोनों मृतक पीलीभीत जिले के रहने वाले थे।

पीलीभीत के पूरनपुर थाना क्षेत्र के गांव पजावा निवासी सर्वेश कुमार (23) की शादी छह माह पूर्व सविता निवासी मैगलगंज जिला खीरी के साथ हुई थी। वह पंजाब में काम करता था। वह दो दिन बाद पंजाब काम करने के लिए जाने वाला था। वह पत्नी सविता को मायके छोड़ मंगलवार शाम छह बजे बाइक से पीलीभीत लौट रहा था। बंडा-खुटार रोड पर उसकी बाइक से दूसरी बाइक से टकरा गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को सीएचसी लाई। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर खबर मिलने परउसकी मां सरोज परिवार वालों के साथ बंडा थाने पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

इधर, पीलीभीत के करेली थाना के गांव आम खरिया निवासी शिशुपाल (40) की रिश्तेदारी कांट थाना क्षेत्र के गांव औद्वापुर में थी। रिश्तेदारी में बरात थी। मंगलवार की रात आठ बजे औद्वापुर से बरात तिलहर के गांव गोपालपुर नगरिया आई थी। मंगलवार की रात एक बजे बरात में शामिल होने के बाद शिशुपाल बाइक से रिश्तेदारी में तिलहर थाना क्षेत्र के गांव हिस्माह जा रहा था। हाईवे पर नगरिया मोड़ पर कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस घायल को मेडिकल कॉलेज लाई। इधर परिवार वाले भी पहुंच गए। इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक राजमिस्त्री था। उसकी पत्नी का नाम गुड्डी देवी तथा तीन बच्चे है। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।


पोस्टमार्टम हाउस पर गुमसुम बैठीं मृतक शिशुपाल के परिवार की महिलाएं।

### हादसे में पति की मौत पत्नी घायल

**शाहजहांपुर।** बरेली जिले के भुता थाना के गांव अठाईन निवासी तोताराम अपनी पत्नी कांता देवी (35) के साथ बाइक से सुबह नौ बजे शाहजहांपुर से बरेली जा रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार तोताराम व कांती देवी घायल हो गए। घायल दंपत्ती को बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई और उसकी पत्नी का इलाज चल रहा है। पुलिस ने तोताराम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि हादसे में पति की मौत हो गयी और पत्नी घायल हो गयी। उन्होंने बताया कि मृतक के परिवार वालों की तरफ से तहरीर नहीं आई है।

## सार-संक्षेप

### गड्ढे में बाइक गिरने से भाई घायल, हंगामे के बाद भरे



**खुटार।** बाईपास सड़क निर्माण कार्य के पास गहरे गड्ढे में बाइक सवार दो भाई गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद लोगों ने एनएचएआई की लापरवाही को लेकर हंगामा कर दिया। जिस पर जेसीबी से गड्ढा भरकर सड़क को समतल किया गया। खुटार मैलानी मार्ग पर लंगोटी बाबा स्थान के समीप एनएचएआई की ओर से बाईपास सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। उसके पास काफी गहरा गड्ढा खुदा हुआ है। बुधवार दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे लखीमपुर खीरी के थाना हैदराबाद के गांव रामदीनपुर निवासी विष्णु कुमार भाई निशि कुमार के साथ बाइक से कस्बा भीरा के गांव कटैया जा रहे थे। तभी अचानक उस गहरे गड्ढे में उनकी बाइक चली गई और गिर जाने से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को उठाया। एनएचएआई की लापरवाही देख लोगों ने हंगामा कर दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने जेसीबी मशीन भेज कर गड्ढे को बंद कराया। तो मामला शांत हो गया।

### जलालाबाद स्टेट हाईवे पर गड्ढे, वाहन हो रहे हैं दुर्घटनाग्रस्त



**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर से जलालाबाद स्टेट हाईवे पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इनके कारण आए दिन बाइक चालक गिरकर घायल हो रहे हैं और अन्य वाहन भी गड्ढों के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। बारिश में दिक्कत और बढ़ जाती है। 22 जुलाई से शुरू होने वाले सावन माह में कांवड़ लेकर भी लोग इसी रूट से पैदल गुजरेंगे। बावजूद इसके अफसर सड़क की मरम्मत कराने की ओर ध्यान नहीं दे रहे है। शहर से कांट -जलालाबाद की ओर से जाने और उधर से आने वाले लोगों को पिपरौला और उसके आसपास सड़क पर गड्ढों से होकर गुजरना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी बारिश में होती है। बारिश के समय इन गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे वाहन चालकों को यह गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिसके चलते कई बार वाहन चालक इनमें गिर जाते हैं। ऐसे में वाहन चालकों को हादसे का डर हर पल सताता रहता है। कुछ माह पहले इस स्टेट हाईवे को फोरलेन की मंजूरी मिली लेकिन कार्य बहुत ही धीमी गति से हो रहा है। वही सावन माह में इसी रोड से कांवड़ यात्रा निकलेगी। इसको लेकर जिला अधिकारी उमेश प्रताप सिंह बैठक कर सख्त निर्देश दे चुके हैं लेकिन कोई सुधार नही हुआ। लगातार हुई बारिश में जगह-जगह सड़क फिर से उधड़ गई है।

## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एक सप्ताह पूर्व हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया था। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

चौक कोतवाली के मोहल्ला मौजमपुर निवासी मोहम्मद हनीफ (40) दो जुलाई को काम करने के लिए घर से निकला था। हाईवे पर मौजमपुर गांव के सामने अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया था। पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। सूचना पर परिवार वाले भी मेडिकल कॉलेज में पहुंच गए थे। घायल व्यक्ति ने बुधवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# उल्टी दस्त से चार दिनों में दादी-पोते की मौत

संवाददाता, खुटार

● **परिजनों में कोहराम, स्वास्थ्य विभाग की टीम लगाएगी कैंप**

**अमृत विचार:** गांव सिंहपुर में छह दिन में उल्टी दस्त से दादी-पोते की मौत हो गई। घटना से कोहराम मचा हुआ है। वहीं इन मौतों की जानकारी पर स्वास्थ्य विभाग ने गांव में टीम भेजकर कैंप लगाकर दवा वितरित किए जाने की बात कही है।

क्षेत्र के गांव सिंहपुर निवासी रजनीश कुमार ने बताया कि पांच जुलाई की शाम को उसके पुत्र पारस (3) को अचानक उल्टी-दस्त आने शुरू हो गए थे। रात होने के चलते उसे अस्पताल नहीं लेकर पहुंच सके और सोचा शायद अगले दिन सुबह तक हालत में कुछ सुधार हो जाएगा लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ और उसने घर में दम तोड़ दिया। इसके चार दिन बाद आठ जुलाई को मां शांति देवी (62) को अचानक उल्टी दस्त आने लगे। अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहा था कि उन्होंने भी दम तोड़ दिया। रजनीश कुमार ने बताया कि छह दिन में मां और बेटे की मौत हो गई है। जिस कारण परिवार पर दुख का पहाड़ टूट गया है। रजनीश की बेटी मोहिनी (9), जसविंदर (6) और छह माह की आरोषी है। पारस और शांति देवी की मौत से रजनीश कुमार, पूनम देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

> जानकारी मिली है। बीसीपीएम को मौके पर भेजा गया है। गांव में कैंप लगाया जाएगा और जो अन्य लोग गांव में बीमार हैं। उनका उपचार कराया जाएगा। – **डॉ. संजीव कुमार**, प्रभारी सीएचसी, खुटार

## सड़क पर मिला अज्ञात युवक, मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि मंगलवार की रात पौने 12 बजे सूचना मिली कि गर्रा फाटक और चारखंभा रोड पर पेट्रोल पंप के सामने एक अज्ञात युवक सड़क के किनारे पड़ा है। निरीक्षक सिपाहियों के साथ मौके पर गए और उसे मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

उन्होंने बताया कि मृतक की उम्र 33 साल और शर्ट व पैंट पहने हुए था। शरीर में कही भी चोट के निशान नहीं थे। आशंका व्यक्त की जा रही है कि उसकी हार्ट अटैक से मौत हुई होगी। अज्ञात शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# शरीर में आई चोटों के कारण हुई थी ट्रांसपोर्टर की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **दामाद ने शक के आधार पर ई-रिक्शा चालक पर लिखाई रिपोर्ट**

● **दूसरी मंजिल पर खून से लथपथ मिला था बलजिंदर का शव**

**अमृत विचार:** शहर में रामनगर कॉलोनी में मंगलवार को खून से लथपथ मिले ट्रांसपोर्टर के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। रिपोर्ट में उसके सिर तथा शरीर में आई चोटों के कारण उसकी मौत की पुष्टि हुई है। पुलिस ने मृतक के दामाद की तरफ से शक के आधार पर ई-रिक्शा चालक के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस पूछताछ कर रही है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर कॉलोनी निवासी बलविंदर सिंह (55) ट्रांसपोर्टर थे। पत्नी की मौत हो चुकी है। उनकी एक बेटी की शादी पुवायां क्षेत्र में और बेटा बाहर गया हुआ था। उसके मकान में सिपाही अनुज किराए पर रहता है।

रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोदीपुर निवासी रमन तथा उसकी मां का ट्रांसपोर्टर के घर पर आना जाना था। वह ई-रिक्शा चलाता था। वह मंगलवार शाम छह बजे ई-रिक्शा लेकर उनके घर पहुंचा। दूसरी मंजिल पर गया और कुछ देर बाद उसने नीचे आकर सिपाही को बताया कि बलविंदर कमरे में खून से लथपथ पड़े है। सिपाही के साथ वह भी ऊपर गया। मकान मालिक ने इशारा करके पानी मांगा। इस दौरान उनको पानी दिया तो उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना पर दामाद पामिंदर सिंह अपनी पत्नी के साथ मकान पर पहुंचा। इधर एसपी, एएसपी सिटी, सीओ सिटी तथा सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे और ई-रिक्शा चालक रमन तथा सिपाही से पूछताछ की। मृतक बलविंदर सिंह के सिर के पीछे नुकीली चोट के निशान थे और खून बह रहा था। पुलिस ने ट्रांसपोर्टर के शव का पोस्टमार्टम कराया। रिपोर्ट के आधार पर सिर तथा शरीर में कई जगह चोटों के कारण उसकी मौत की पुष्टि हुई है।

> दामाद पामिंदर सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके ससुर की दो मंजिल में स्थित उनके कमरे में हत्या की गई है। उन्होंने शक के आधार पर रमन निवासी लोदीपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। विवेचना की जा रही है। – **रवींद्र सिंह**, प्रभारी निरीक्षक

# तेंदुआ ने कुत्ते को बनाया निवाला, लोगों में दहशत


जांच करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** गांव टोडरपुर में तेंदुआ एक कुत्ते पर हमला कर उसे खेत में घसीट ले गया और निवाला बना लिया। सूचना पर वनकर्मियों ने जांच की।

गांव टोंडरपुर निवासी हरनाम सिंह का गांव किनारे फार्म है। बुधवार सुबह करीब चार बजे वह सो रहे थे। उस वक्त उन्होंने अपने पालतू कुत्ते की जोर से भौंकने की आवाज सुनी। उनकी आंख खुल जाने के बाद वह उठकर बाहर की तरफ आए। जहां घर के अंदर दरवाजे पर बंधे कुत्ते पर तेंदुआ हमला कर मरने का प्रयास कर रहा था। यह देख वह घर के अंदर भाग खड़े हुए और उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। तभी तेंदुआ कुत्ते को जबड़े में दबाकर घसीटता हुआ दो सौ मीटर दूर खेत में ले गया। जहां उसका शिकार कर उसे मार डाला। जानकारी पड़ोस में ही रहने वाले अन्य लोगों को दी। जिस पर आस पड़ोस के लोग भी एकत्र होकर आ गए और शोर करने लगे। इसके बाद तेंदुआ कुत्ते के शव को खेत में छोड़कर पड़ोस में ही दूसरे खेत में भाग निकला। हरनाम सिंह ने मामले की जानकारी वन विभाग को दी। बुधवार दोपहर वन दरोगा संजीव कनौजिया मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। जांच के दौरान वन दरोगा ने पगचिन्हों को ट्रेस किया। इसके बाद सतर्कता बरतने की अपील करते हुए वापस लौट गए।


खेत में मिले पगचिह्न।

● **वनकर्मियों ने पगचिन्हों को ट्रेस किया, सतर्कता बरतने की अपील**

> सूचना मिली थी वन दरोगा को मौके पर जांच के लिए भेजा गया था। मौके पर मिले पगचिह्न ट्रेस कराए गए है। साथ ही फार्मरों को सचेत रहने के लिए कहा गया है। – **मनोज श्रीवास्तव**, रेंजर खुटार

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स-रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

## ऑनलाइन उपस्थिति वाले आदेश को लोगों ने सराहा, कहा- इससे शिक्षा में होगा सुधार

# सरकार की मंशा सही... उचित नहीं विरोध, सहर्ष स्वीकार करें शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों के डिजिटाइजेशन को लेकर इन दिनों पूरे सूबे में ही शिक्षक आंदोलनरत हैं। वह किसी भी दशा में डिजिटल उपस्थिति देने के मूड में नहीं दिख रहे हैं। सरकार चाहती है कि डिजिटल इंडिया अभियान के साथ परिषदीय स्कूलों का भी डिजिटाइजेशन किया जाए। इसके लिए इन स्कूलों में संचालित सभी 12 प्रकार के रजिस्टरों को डिजिटल रजिस्टर के नाम से जोड़ते हुए कार्य कराने की मंशा सरकार ने जताई है। इसमें शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी के साथ छात्र-छात्राओं की हाजिरी भी शामिल है। साथ ही बच्चों को मिलने वाला मध्यान्ह भोजन समेत स्कूलों में संचालित होने वाले अन्य क्रियाकलाप भी शामिल किए गए हैं, लेकिन शिक्षक इसे लेकर बेचैन हैं। सरकार के विरोध में शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशक संगठन एकजुट हो गए हैं। इस संबंध में आम लोगों का मत है कि जब शिक्षकों के मन में कोई खोट नहीं है और वह नियमित स्कूल भी जा रहे हैं, तो फिर उन्हें विरोध नहीं करना चाहिए, बल्कि सुधारात्मक दिशा में उठाए गए सरकार के कदम का स्वागत करना चाहिए। इससे परिषदीय स्कूलों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार तो आएगा ही, साथ ही शिक्षकों के ऊपर स्कूल नहीं जाने के आरोप भी धुल सकेंगे। उनकी छवि में सुधार आएगा। लोगों का कहना है कि आनलाइन उपस्थिति का विरोध बेबुनियाद है। शिक्षकों को सरकार की मंशानुसार काम करना चाहिए।



जब शिक्षक अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार हैं, तो फिर विरोध नहीं करना चाहिए। डिजिटल इंडिया की ओर बढ़ रहे कदम का सभी को स्वागत करते हुए सरकार का सहयोग करना चाहिए और व्यवस्था का पालन कारना चाहिए। ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध करना सर्वथा अनुचित है। तमाम विभागों में डिजिटल उपस्थिति दर्ज की जा रही है। **-गुरप्रकाश सिंह होरा**, व्यापारी नेता



विरोध के पीछे कुछ न कुछ लोचा जरूर है। शिक्षकों के विरोध के पीछे दाल में कुछ न कुछ काला जरूर है, इसीलिए वह सरकार के अच्छे कदम का भी विरोध कर रहे हैं। ऑनलाइन उपस्थिति का शत-प्रतिशत शिक्षक विरोध भी नहीं कर रहे होंगे। अपने ऊपर लगने वाले आरोपों से बचने को आदेश को स्वीकार करना जरूरी है। **-शिव नारायण खन्ना**, व्यवसायी



परिषदीय स्कूलों के डिजिटाइजेशन का निर्णय बहुत अच्छा है। इससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और व्यवस्था में सुधार भी होगा। शिक्षक गलत नहीं हो सकते, इसलिए उन्हें इसका विरोध भी नहीं करना चाहिए। जो शिक्षक स्कूल नहीं जाते हैं, उन शिक्षकों पर संगठनों की सहानुभूति भी नहीं होनी चाहिए। इन्हीं से शिक्षक बदनाम हैं। **-अजय गुप्ता**, व्यवसायी



जब सरकार वेतन दे रही है, तो उसके निर्णय भी मानने पड़ेंगे। डिजिटल उपस्थिति में गलत क्या है। इस निर्णय का तो सभी शिक्षकों को स्वागत करना चाहिए, न कि विरोध। इससे विभाग और सरकार के साथ शिक्षकों की छबि भी सुधरेगी। कुछ तो जरूर रहा होगा, जिससे सरकार को डिजिटल उपस्थिति का निर्णय लेना पड़ा। **-सुशील दीक्षित**, व्यवसायी



डिजिटल उपस्थित में गलत क्या है। इस बदलाव की व्यवस्था शिक्षकों को सहर्ष स्वीकार करनी चाहिए। बमुश्किल 10-20 फीसदी शिक्षक ही होंगे, जो स्कूल नहीं जाते, जिनके कारण पूरा शिक्षक समाज बदनाम हो रहा है। समाज में उनकी छवि धूमिल हो रही है। परिस्थितियां विषम हो सकती है, लेकिन सुधारात्मक कदम जरूरी हैं। **-गौरव अरोरा**, व्यवसायी



देश में हर ओर बदलाव दिखाई दे रहा है। हर विभाग, व्यापार, यात्रा टिकट आदि डिजिटल होने लगे हैं। तमाम विभागों में कर्मचारियों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज की जा रही है, तो फिर परिषदीय शिक्षकों को विरोध के बजाय इस निर्णय का स्वागत करना चाहिए। बदलाव में पहले परेशानी होती है, बाद में इसकी अच्छाई पता चलती है। **-शमीम आजाद**, रंगकर्मी

## ट्रेन से गिरकर बुजुर्ग की मौत, शिनाख्त नहीं

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह सात बजे अटसलिया रेलवे फाटक के निकट एक अज्ञात व्यक्ति का अप लाइन की पटरी पर मिला है। उसके हाथ-पैर कटे हुए है। अज्ञात व्यक्ति की उम्र 55 साल है। सुबह किसी ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हुई है। शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## तमंचा समेत गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** मदनापुर एसओ अमित चौहान को बुधवार को सुबह दस बजे सूचना मिली कि खंडहर भवन के निकट एक संदिग्ध युवक खड़ा है। पुलिस ने उसे पकड़कर तलाशी ली तो उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पकड़ा गया अभियुक्त सत्यदेव निवासी मोहम्मदपुर थाना मदनापुर है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

# 35 दिन से झेल रहे थे कटौती, एक दिन पहले रखा ट्रांसफार्मर फिर दे गया दगा

## महुआ पिमई के घरों में छाया रहा अंधेरा, गर्मी में लोगों का हाल हुआ बेहाल

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** गांव महुआ पिमई में एक दिन पहले रखा गया ट्रांसफार्मर फुंक गया। इससे भीषण गर्मी में परेशान तमाम ग्रामीणों ने एकत्र होकर बुधवार को खुटार विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। एसडीओ ने एक दिन की मोहलत मांगी है। इसके बाद खराब ट्रांसफार्मर बदलवाकर दूसरा रखवाने का आश्वासन दिया है।

लोगों ने बताया कि गांव में बिजली लाइन निकली हुई है। जो काफी जर्जर हो गई है। इसके चलते बिजली लाइन कई बार टूट चुकी है। इस मामले में अधिकारियों को अवगत कराया गया। बावजूद इसके जर्जर लाइन को बदलवाया नहीं गया। इससे हर वक्त हादसे की आशंका रहती है। इसके अलावा कई दिन पूर्व बिजली विभाग की ओर से गांव में पंच लाइन डालने के लिए पोल लगाए गए थे। इस कार्य को ऐसे ही छोड़ दिया गया। जिससे गांव में लोग जर्जर लाइन में कटिया डालकर घरों में बिजली सप्लाई चला रहे है। जिस कारण ओवरलोड के चलते रोजाना फॉल्ट और ट्रांसफार्मर खराब हो जाता है। करीब 30-35 दिन पहले गांव में रखा ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। अधिकारियों से शिकायत करने के बाद बड़ी मुश्किल से कई दिन बाद ट्रांसफार्मर रखा गया था। यही हालत फिर से बन गए। मंगलवार को ट्रांसफार्मर फुंक गया। इससे घरों में अंधेरा छा गया और गर्मी में बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। साथ ही बिजली के सारे उपकरण ठप पड़ गए। बुधवार को 30 से 35 लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक से खुटार विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचे। जहां मौके पर मौजूद एसडीओ हरिओम सिंह से समस्या का समाधान कराने की बातचीत की। इसके बाद ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। तो उन्होंने अगले दिन वृहस्पतिवार को ट्रांसफार्मर रखवाने का आश्वासन दिया है। इसके बाद ग्रामीण वापस लौट गए। ज्ञापन में प्रधान संतोषी देवी, जितेंद्र सिंह, सतविंदर सिंह, जदुवीर, धीरेंद्र सिंह, शोभित कुमार, सुमित कुमार, आशीष कुमार, श्याम सिंह, देशराज सहित कई लोगों के हस्ताक्षर है।



एसडीओ को ज्ञापन देते महुआ पिमई गांव के ग्रामीण। ● अमृत विचार

- बुधवार को 30 से 35 लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक से पहुंचे विद्युत उपकेंद्र, एसडीओ को सौंपा ज्ञापन
- कई दिन पूर्व पोल लगाने के बावजूद नहीं डाली गई बंच केबिल, जिम्मेदार बरत रहे लापरवाही

### रसवां कलां में चार दिन से गुल बिजली ट्रांसफार्मर खराब

**खुटार।** गांव रसवां कलां में रखा ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। जिसे चार दिन हो चुके हैं। ग्रामीणों की सूचना के बाद भी उसे बदलवाया नहीं गया। जिससे भीषण गर्मी में लोग परेशान हैं। गांव के पंकज, नीरज कुमार, रमेश चंद्र, संजीव कुमार, विष्णु दयाल आदि लोगों ने बताया कि गांव में ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। जो सात जुलाई की शाम को खराब हो गया था। इसकी शिकायत खुटार विद्युत उपकेंद्र के कर्मचारियों को दी गई थी तो मौके पर पहुंचकर जांच की थी और ट्रांसफार्मर खराब होने की बात कही गई थी। धीरे-धीरे चार दिन गुजर चुके हैं। इसके बावजूद ध्यान नहीं दिया गया। जबकि गर्मी में घर में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को लेकर काफी परेशानी उठानी पड़ती है। गांव के लोगों ने ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग की है।

जेई खुटार को मामले से अवगत कराया गया है। जल्द ही दोनों जगह ट्रांसफार्मर रखवाकर बिजली सप्लाई शुरू करा दी जाएगी। **- हरिओम सिंह**, एसडीओ विद्युत विभाग, खुटार

## ओशीन ने शूटिंग में फिर दिखाया कमाल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** डॉ. करनी सिंह शूटिंग रेंज दिल्ली में पांच से सात जुलाई तक हुई 7वीं यूपी राइफल स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में जनपद की ओशीन अनेजा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण सहित तीन पदकों पर कब्जा जमाया है।

ओशीन ने बताया कि कंपटीशन में प्रदेश के लगभग 4000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें उन्होंने सब यूथ वर्ग में विजयश्री हासिल करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। जबकि जूनियर एवं सीनियर वर्ग में तृतीय स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीते। ओशीन अनेजा तक्षशिक्षा पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 की छात्रा हैं। काकोरी शूटिंग रेंज के अधिष्ठाता विनय कुमार ने प्रदेश में जनपद को गौरवांवित करने वाली ओशीन की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



पदकों के साथ शूटिंग खिलाड़ी ओशीन अनेजा।

## सर्वश्रेष्ठ रहा वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज का डायलिसिस सेंटर



अवार्ड लेते कर्मचारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में 7 मेड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित डायलिसिस सेंटर को देश भर में संचालित 35 सेंटर्स में सर्वश्रेष्ठ डायलिसिस सेंटर चुना गया।

मेड के डायरेक्टर विकास वर्मा ने बताया कि 7 मेड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की एनुअल कॉन्फ्रेंस का आयोजन बीते दिनों हयात रीजेंसी होटल गुरुग्राम में हुआ था, जिसमें वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल बंथरा डायलिसिस सेंटर को सर्वश्रेष्ठ डायलिसिस सेंटर, हाई परफार्मेंस सेंटर चुना गया।

सम्मान स्वरूप डायलिसिस सेंटर को बेस्ट सेंटर हाई परफार्मेंस सेंटर का अवार्ड दिया गया। इसके अलावा सेंटर इंचार्ज उज्ज्वल कुमार शर्मा को देश भर में संचालित डायलिसिस सेंटर्स के 400 कर्मचारियों में सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी चुना गया। इसके लिए उज्ज्वल शर्मा को एम्पलाई ऑफ़ द इयर सेंटर सुपरस्टार अवार्ड से नवाजा गया।

कांफ्रेंस में मयंक शर्मा, डॉ. राकेश ठाकुर, डॉ. विजय खेर, डॉ. अजय खेर समेत क्लस्टर मैनेजर, सर्विस सेंटर, इंचार्ज एवं क्लीनिकल इंचार्ज मौजूद रहे।

- गुरुग्राम में बेस्ट सेंटर हाई परफार्मेंस सेंटर का मिला अवार्ड




अवार्ड के रूप में मिला प्रशस्ति पत्र।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रात: 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

## रौतापुर कलां में फुंका ट्रांसफार्मर, ढाई सौ परिवार प्रभावित

**खुटार।** ग्राम पंचायत रौतापुर कला में पांच दिन से ट्रांसफॉर्मर फुंका पड़ा है, जिससे ग्रामीण परेशान हैं। क्षेत्र के गांव रौतापुर कला का द्वितीय ट्रांसफॉर्मर जो कि गांव के पूर्व में रखा हुआ है। इस ट्रांसफॉर्मर से ढाई सौ परिवारों को बिजली सप्लाई होती है। इसके खराब होने से गांव वाले गर्मी और पानी की वजह से काफी परेशान हैं। शिकायत अधिकारियों से की गई है। गर्मी में ट्रांसफॉर्मर फुंकने से पंखा, कूलर, फ्रिज, एसी भी नहीं चल रही है। बिजली नहीं होती है तो सबमर्सिबल पानी भी नहीं देता है। वहीं इस संबंध में उपकेंद्र पर तैनात जेई प्रमोद कुमार ने बताया कि दो दिन में ट्रांसफर सही कर दिया जाएगा।

# उपनिदेशक ने किया तीन इंटर कॉलेजों का निरीक्षण

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** शिक्षा विभाग के बरेली मंडल के उप निदेशक गजेंद्र कुमार ने बुधवार को नगर के तीन इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आरवीएम इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य की कुर्सी पर प्रबंधक बैठे मिले। जानकारी करने पर पता चला कि रोजाना प्रबंधक ही प्रधानाचार्य की कुर्सी पर बैठते हैं, जिस पर उन्होंने नाराजगी की व्यक्त की।

विद्यालय में बच्चों की केवल 35 प्रतिशत उपस्थित मिलने पर प्रधानाचार्य रत्नेश जायसवाल को कड़ी हिदायत दी और विद्यालय के अध्ययन कक्ष में सफाई व्यवस्था न मिलने, विद्यार्थियों के लिए बनाई गई लैब संचालित न होने, शासन द्वारा विद्यालय में भेजे गए लाखों रुपये के कंप्यूटर उपलब्ध न मिलने तथा विद्यालय में प्रधानाचार्य तथा अध्यापकों के मध्य चल रही गुटबाजी को भी उन्होंने गंभीरता से लिया। उन्होंने बताया विद्यालय में सभी कार्यों की गुणवत्ता अत्यधिक कम है, जिसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है। उसके बाद उन्होंने राजकीय कन्या इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर बच्चों की उपस्थिति की जानकारी ली। जहां 842 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में 332 उपस्थित मिले। उप शिक्षा निदेशक ने विद्यालय की प्रधानाचार्य रचना शुक्ला को गृह विज्ञान जीव विज्ञान तथा रसायन विज्ञान की एक ही लैब के बजाय अलग-अलग लैब बनवाने के निर्देश दिए तथा लैब में बंदरों की रोकथाम के लिए खिड़की में जाली लगवाने एवं खेल के मैदान को सही करवाने को कहा। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति प्रतिदिन मोर्निंग असेंबली में कराई जाने एवं असेंबली को प्रभावी बनाने का भी निर्देश दिया। लाला बुलाकी दास इंटर कॉलेज की लोकेशन नेट पर गलत मिलने के कारण निरीक्षण की अपलोडिंग नहीं हो सकी।



एक कॉलेज का निरीक्षण करते उपनिदेशक गजेंद्र कुमार। ● अमृत विचार

- आरवीएम कॉलेज में प्रधानाचार्य की कुर्सी पर बैठे मिले प्रबंधक
- खामियां मिलने पर जताई नाराजगी, शासन को भेजेंगे रिपोर्ट

# पहले सुविधाएं फिर लगाएंगे ऑनलाइन हाजिरी



प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में जुटे शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, जैतीपुर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर बुधवार को ब्लॉक कार्यकारिणी व संघर्ष समिति की बैठक वीआरसी प्रागंण में हुई। जिसमें अध्यापकों की विभिन्न मांगों 31 ईएल, 15 हाफ सीएल, कैशलेस चिकित्सा, पुरानी पेंशन बहाली, प्रमोशन, वरिष्ठता के आधार पर अंतर जनपदीय स्थानांतरण व डिजिटल उपस्थिति के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता राकेश सिंह ने की। ब्लॉक अध्यक्ष आदेश सिंह तोमर ने कहा कि अध्यापकों को मूलभूत सुविधाएं देकर कर उनकी विभिन्न समस्याओं का निस्तारण करने के बाद ही डिजिटल उपस्थिति स्वीकार होगी अन्यथा किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं होगी। इस दौरान ब्लॉक मंत्री अनंग पाल गौतम, शैलेंद्र पाल सिंह, राहुल रूहेला, शेखर पंवार, अवनीश कुमार सिंह, उमेश पाल सिंह, गौरव कुमार, सुबोध सिंह यादव, वीरपाल गंगवार, आशीष मिश्रा, ज्ञान प्रकाश राय, मोनू कुमार, प्रशांत कुमार, भुवनेश कुमार आदि रहे।

### ऑनलाइन उपस्थिति के पीछे निजीकरण की मंशा

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक कलान की बैठक बुधवार को बीआरसी में हुई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ऋषिकांत पांडेय ने कहा कि सरकार ऑनलाइन उपस्थिति के बहाने बेसिक शिक्षा का निजीकरण करना चाहती है। सरकार की यह मंशा पूरी नहीं होने दी जाएगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया जाएगा पहले शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को नियमितीकरण, पुरानी पेंशन की बहाली, शिक्षकों को शिक्षण कार्य के अतिरिक्त सभी कार्यों से मुक्त कराना, नई शिक्षा नीति के अनुसार प्रत्येक विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति पूर्ण कराना, पदोन्नति और स्थानांतरण समय से कराने आदि तमाम मांगें पूरी करनी होंगी। उन्होंने 15 जुलाई को जिला मुख्यालय पर होने वाले धरना प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की। बैठक में उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष दलसिंह, आशीष मिश्रा, सुशील कुमार, आलोक यादव, विनोद चौधरी, मनोज यादव, राजेंद्र पाल शाक्य, वचन वीर सिंह, प्रशांत मणि त्रिपाठी, प्रदीप तिवारी, नीरज कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन सचिन शाक्य ने किया।

## युवक को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी रईस ने बताया कि उसके घर के बाहर सरकारी नल लगा है। नल पर मोहल्ले के लोग पानी भरते है। पड़ोस में पप्पू शाह ने सरकारी नल पर लोगों को पानी भरने के लिए मना किया और नल बंद करने की कोशिश की। नल बंद करने का विरोध किया तो आरोपी ने साथियों के साथ उसे पीटकर घायल कर दिया। उसे जान से मारने की धमकी दी है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि आरोपी पप्पू शाह, मोहब्बत शाह, नसरीन शाह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शाहजहांपुर की खबरें पेज 9 पर भी पढ़े

**आज का मौसम**

बादल छाये रहेंगे, तेज बारिश की संभावना है

34.3° अधिकतम तापमान | 27.1° न्यूनतम तापमान

# बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री, कहा- युद्धस्तर पर होंगे राहत और बचाव के काम

## मुख्यमंत्री ने चंदिया हजारा में शरणालय पहुंचने से पहले किया हवाई दौरा

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जिले में बाढ़ के हालात का जायजा लिया। खकरा और देवहा नदी की बाढ़ से प्रभावित इलाकों का हैलिकॉप्टर से काफी देर जायजा लेने के बाद मुख्यमंत्री पूरनपुर के गांव अभयपुर जगतपुर में बनाए हैलिपैड पर उतरे और यहां से सर्वाधिक बाढ़ प्रभावित गांव चंदिया हजारा पहुंचकर शरणालय में ठहरे 21 पीड़ितों को राहत सामग्री बांटी। उनकी समस्याएं सुनने के बाद आश्वासन दिया कि राहत और बचाव के काम युद्धस्तर पर होंगे। उन्होंने बाढ़ में किसी भी जनहानि पर जिला प्रशासन को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का भी निर्देश दिया है।

बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर करीब एक बजे पीलीभीत पहुंचे थे। ट्रांस शारदा क्षेत्र में बाढ़ की तबाही का हेलीकॉप्टर से निरीक्षण करने के बाद जब वह बाढ़ प्रभावित चंदिया हजारा गांव पहुंचे। इसके बाद यहां उन्होंने शरणालय में ठहरे ग्रामीणों को राहत सामग्री वितरित की। इस दौरान मुख्यमंत्री से मिलने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण उत्सुकता से इंतजार कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें किसी तरह से निराश नहीं किया और पैदल ही चलकर उनसे मिलने पहुंच गए। लोगों की समस्याएं सुन के बाद कार से मुख्यमंत्री हेलीपैड स्थल के पास बनाए सभास्थल पर पहुंचे। बाढ़ राहत शिविर के मंच से मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार समय से पहले आई बाढ़ से करीब 12 जनपद प्रभावित हुए हैं। पीलीभीत सदर के 32, पूरनपुर क्षेत्र के साथ कलीनगर और अमरिया क्षेत्र के 23 गांव का कृषि क्षेत्र और आबादी प्रभावित हुई है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लिए पहले से ही प्रशासन की तैयारी कर ली गई। निर्देशित किया गया है सबसे पहले बाढ़ से ग्रसित लोगों को सुरक्षित स्थान पहुंचाया जाए। कहा बाढ़ प्रभावित इलाकों में समस्त सुविधाएं दी जा रही हैं। घरों में पानी भरा होने पर कम्युनिटी किचन बनाकर भोजन की व्यवस्था की जाएगी।

जिन क्षेत्रों में ईंधन की व्यवस्था नहीं, वहां केरोसिन उपलब्ध कराया जाएगा। सिंचाई विभाग के इंजीनियरों से बाढ़ की स्थिति और उसके निस्तारण के लिए मैप पर जानकारी भी ली। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीतसांसद जितिन प्रसाद, प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख, सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री संजय गंगवार, विधायक बाबूराम पासवान, पूरनपुर चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता, पीलीभीत चेयरमैन डॉ.आस्था अग्रवाल, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आईजी डॉ.राकेश सिंह, जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय समेत कई नेता और अधिकारी मौजूद रहे।



बाढ़ शरणालय में राहत सामग्री वितरित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।



चंदिया हजारा के बाढ़ शरणालय से निकलते मुख्यमंत्री।

- **बच्चों से बातचीत कर जाना हाल बोले- अच्छे से करना पढ़ाई**



बाढ़ पीड़ित महिलाओं से बात करते मुख्यमंत्री। ● अमृत विचार



भीड़ को रस्सी लगाकर रोके सुरक्षाकर्मी। ● अमृत विचार

### 122 ग्रामीणों को बांटी बाढ़ राहत सामग्री

**पूरनपुर:** चंदिया हजारा गांव पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ शरणालय पहुंचे। वहां उन्होंने पीड़ितों का हाल जाना। शरणालय में मौजूद सुमित्रा बैरागी, गीताराय, कृष्णा मंडल,सागरिका, ममता, प्रभावती, रेखा, ललिता विश्वास, हजारी, गोपाल सरदार, रविन्द्र नाथ, गंगा राय, वीला विश्वास, मालती, सुभाषिनी, रीना, सपना विश्वास, संध्या सरकार, अमेला सरकार, काली गाई, रंजीता और काली को मुख्यमंत्री ने खाद्य सामग्री सौंपी। कुल 122 ग्रामीणों को बाढ़ राहत सामग्री सौंपी गई।

### मुख्यमंत्री के मंच के पास बैठी एडीएम हुई बेहोश

**पूरनपुर:** गांव अभयपुर जगतपुर में बाढ़ राहत शिविर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। इस दौरान सभी अधिकारी मुस्तैद थे। पूरनपुर, कलीनगर, एसडीएम के साथ ही अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया भी मुख्यमंत्री के मंच के पीछे बनी नींव पर बैठी थीं। इस बीच अचानक एडीएम को चक्कर आया और वह अचेत होने लगीं। पास खड़े पुलिसकर्मियों ने उन्हें संभाला। महिला पुलिसकर्मियों ने एडीएम को मंच के पीछे बने टैंट में पहुंचाया। मौजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उनका उपचार किया इसके बाद एडीएम की हालत में सुधार हुआ। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को बीच में ही छोड़कर एडीएम को उपचार के लिए पीलीभीत भेज दिया गया।



अचेत हुई एडीएम को संभालते अधिकारी।



बच्ची से वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

### सागर, श्रृद्धा और शिरीष से मुख्यमंत्री ने पूछा- स्कूल जाते हो

**पूरनपुर:** मुख्यमंत्री से मिलने के लिए भीड़ काफी उत्सुक थी। बाढ़ शरणालय से निकलने के बाद मुख्यमंत्री गाड़ी में सवार न होकर पैदल ही ग्रामीणों से मिलने पहुंच गए। सुरक्षा घेरे के बीच पहुंची महिलाओं ने उन्हें समस्याएं बताई। इस दौरान भीड़ में खड़े बच्चे सागर, श्रद्धा और शिरीष को मुख्यमंत्री ने एक-एक कर बुलाया। नन्हे मुन्ने बच्चों को प्यार दुलार किया और उनसे नाम पूछे। मुख्यमंत्री ने बच्चों से सवाल किया कि स्कूल पढ़ने जाते हो तो बच्चों ने हामी भरी। बच्चों को प्यार दुलार करने के बाद मुख्यमंत्री आगे बढ़ गए और अन्य ग्रामीणों से वार्ता की। इसके बाद मुख्यमंत्री गाड़ी से फिर राहत शिविर की ओर रवाना हो गए।

## सपा जिलाध्यक्ष बोले- मुख्यमंत्री का दौरा फ्लॉप शो

**पीलीभीत।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पीलीभीत के बाढ़ प्रभावित इलाकों के दौरे के बाद राजनीति भी गरमा गई है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने इसे औपचारिक बताने के साथ फ्लॉप शो करार दिया।



सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गो ने अपने जारी किए बयान में कहा कि मुख्यमंत्री ने पीलीभीत के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई दौरा किया, जोकि मात्र एक औपचारिकता थी। अपनी फसलें और घर गंवा चुके बाढ़ पीड़ितों को मुख्यमंत्री से बड़ी उम्मीद थी कि वह उनके बीच आएंगे, उनके दुख-दर्द सुनेंगे और संसाधनों के अभाव में जिन लोगों को जान माल का नुकसान हुआ उनकी दिक्कतों को दूर करेंगे। मगर सब कुछ इसके विपरीत हुआ अधिकारियों ने जो दिखाया वही मुख्यमंत्री ने देखा। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण के लिए करोड़ो रूपए के बजट की समीक्षा तक नहीं की। इतना पैसा किस तरह बहा दिया गया। आज का दौरा फ्लॉप शो के सिवा कुछ भी नहीं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### विधायक-मंत्रियों की तय की जिम्मेदारी

इस बार की बाढ़ के बाद जनप्रतिनिधियों की सक्रियता न होने से जुड़े आरोप सोशल मीडिया पर लगाए जा रहे थे। इसे लेकर विपक्षी दल भी सरकार को घेरते दिख रहे थे। मगर मुख्यमंत्री अपने दौरे के साथ जनप्रतिनिधियों की भी जिम्मेदारी तय कर गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में क्षेत्रीय विधायक और मंत्री जनता के बीच उनकी सेवा करेंगे। उनको होने वाली समस्याओं की जानकारी कर निस्तारण कराया जाएगा। बाढ़ प्रभावित लोगों कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए।

### ...और जब लगी अधिकारियों की फटकार

मुख्यमंत्री बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनकी समस्याएं जान रहे थे। इस दौरान बाढ़ शरणालय में मौजूद कुछ महिलाओं से उन्होंने दिक्कत और राहत सामग्री मिलने को लेकर सवाल किया। जिसमें कुछ महिलाओं ने कहा कि अभी तक तो नहीं मगर बुधवार को मदद मिली है। इस पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई और अधिकारियों की फटकार लगाई। इसका असर रहा कि मुख्यमंत्री दौरा करने के बाद चले गए और फिर अफसर दोबारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की दौड़ लगाते रहे।

### चंदिया हजारा क्षेत्र बचाओ संघर्ष समिति ने दिया ज्ञापन

**पूरनपुर:** बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चंदिया हजारा क्षेत्र बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुचित्रा विश्वास आदिह ने ज्ञापन दिया। जिसमें कहा गया कि गत दिनों ग्रामीणों ने 101 दिनों तक क्रमिक भूख हड़ताल की थी। इस दौरान रखी गईं उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया। बाढ़ से गांव को बचाने के लिए कार्यदायी संस्था ने शारदा नदी की पुरानी धार में ड्रेजिंग कर चैनेलाइजेशन किया। आरोप लगाया कि काम करने वाली संस्था ने पुरानी मशीनों से आधा अधूरा काम किया। यही वजह रही कि पहली बरसात में ही कार्य बह गया। कहा कि इससे पहले बाढ़ में 53 लोगों की जमीन कट गई थी। उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया। आज तक उन किसानों को जमीन के बदले जमीन नहीं मिली।

### राहत सामग्री न मिलने पर किया प्रदर्शन

**पूरनपुर:** बुधवार को चंदिया हजारा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ शरनालय में लगभग दो दर्जन लोगों को राहत सामग्री बांटी। इस दौरान अन्य लोग भी खाद्य सामग्री लेने के लिए पहुंच गए। मुख्यमंत्री कुछ लोगों को सामग्री देने के बाद चले गए थे। जिन लोगों को सामग्री नहीं मिल सकी। उनमें नाराजगी पनप गई। इसको लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया और राहत सामग्री दिलाए जाने की मांग की।

### अवैध कब्जे की शिकायत लेकर पहुंची महिला

चंदिया हजारा गांव से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वापस राहत शिविर में पहुंचे। इस दौरान गुलड़िया भूप सिंह की रहने वाली माला सिंह जमीन और मंदिर पर अवैध कब्जे की शिकायत लेकर मुख्यमंत्री तक पहुंच गई। महिला मुख्यमंत्री के पैरों के पास बैठ गई। सुरक्षा कर्मियों ने महिला को उठाया। इस दौरान माला सिंह ने मुख्यमंत्री से जमीन और मंदिर से अवैध कब्जा छुड़ाने की मांग की। सुरक्षा कर्मियों ने महिला को कुर्सी पर बिठाया और पानी पिलाने के बाद उसे सभा की ओर भेज दिया। माला देवी ने बताया भगैतीपुर मंदिर पर चल रहे मेले में कुछ लोग अवैध रूप से उगाही कर रहे हैं। वह मंदिर की जमीन भी हड़पना चाहते हैं।

### बाढ़ का नजारा देखने गया युवक बहा

**बीसलपुर, अमृत विचार:** पीलीभीत मार्ग पर स्थित ग्राम जसौली दिवाली में बाढ़ का पानी कई फीट भर गया था। गांव के बाहर पानी का तेज बहाव चल रहा है। गांव के ही मूलचंद का 18 वर्षीय पुत्र नन्हेलाल अपने कुछ साथियों के साथ बाढ़ का नजारा देखने पुलिया पर गया था। पुलिया पर पानी का तेज बहाव होने के कारण पैर फिसलने के बाद नन्हेलाल गिरा और बह गया। साथियों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे। शोर सुनकर काफी लोग जमा हो गए। कई घंटे की तलाश के बावजूद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। परिवार वालों का रोकर बुरा हाल है। एनडीआरफ की टीम रेस्क्यू में जुटी रही।

सुपर स्पेशलिटी विभाग
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
शाहजहाँपुर में एक मात्र संस्थान जहाँ एक ही छत के नीचे सारे समाधान
अस्पताल में उपलब्ध सुपर स्पेशलिटी विभाग
यूरो सर्जरी विभाग
न्यूरो सर्जरी विभाग
पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
प्लास्टिक सर्जरी विभाग
OPD का समय- प्रातः 9:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹1000 ₹200
24 घंटे उपलब्ध सुविधायें I.C.U., M.R.I., CT-Scan की सुविधा उपलब्ध
दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर नि:शुल्क इलाज की सुविधा।
• पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
• ई.सी.एच.एस. कार्डधारकों के लिये कैशलेस इलाज की सुविधा।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989

## 48 घंटे से बरखेड़ा कस्बा और 110 गांवों की बिजली सप्लाई ठप

- **उपकेंद्र परिसर और विद्युत केबिलों में जलभराव के बाद बिगड़ी व्यवस्था**
- **जेई बोला-बुधवार शाम कस्बा और टिकरी फीडर की सप्लाई कर दी शुरू**

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** देवहा नदी उफनाने के बाद आई बाढ़ ने कस्बे और आसपास के 110 गांवों की बिजली ठप कर दी है। देहात व टाउन के कंट्रोल रूम में जलभराव से 48 घंटे से आपूर्ति बंद हैं।

बारिश के बाद देवहा नदी उफनाने से कस्बे व आसपास के तमाम गांवों में बाढ़ के हालात बन गए। दो स्थानों पर सड़क भी कट गई थी। पावर कारपोरेशन के उपकेंद्र में जलभराव व अंडरग्राउंड केबिल में पानी पहुंच गया। ऐसे में मंगलवार सुबह बिजली सप्लाई बंद की गई। कस्बा के अलावा 110 गांवों में बीते दो दिन से बिजली सुचारू नहीं हो सकी है। बुधवार को सड़कों और गांवों में भरा पानी कम होता चला गया। मगर उपकेंद्र में समस्या बनी हुई है। कंट्रोल रूम का भवन भी पुराना होने के कारण लिटर टपक रहा। कर्मचारियों ने विद्युत फीडरों के ऊपर पॉलिथीन बांधकर काम चलाया। अवर अभियंता सुखपाल सिंह ने बताया कि बुधवार शाम करीब 6:45 बजे कस्बा बरखेड़ा और कंट्रोल रूम पर लगे टिकरी फीडर की विद्युत सप्लाई शुरू हो गई है। टिकरी फीडर के 27 गांवो में से 16-17 गावो की विद्युत आपूर्ति शुर हो पाई है। इसके अतिरिक्त देहात के अन्य फीडरो की विद्युत सप्लाई बंद है।

## चेयरमैन ने कर्मचारियों को बांटी सुरक्षा किट

**पीलीभीत, अमृत विचार:** बाढ़ के बाद शहर की व्यवस्थाएं सुधारने और साफ सफाई को लेकर नगर पालिका सभागार में बुधवार की शाम सभासद और सफाई नायकों की आनन-फानन में बैठक बुलाई गई। इस दौरान नगर पालिका चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने बारिश में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा की दृष्टिगत रेनकोट, गम बूट सुरक्षा किट आदि वितरित की। सफाई के लिए फावड़े भी दिए।

प्रत्येक वार्ड के लिए ब्लीचिंग पाउडर दिया ताकि पानी निकालने के बाद पाउडर डाला जाए। चेयरमैन ने कहा कि रोज प्रत्येक वार्ड में कीटनाशक दवाई का स्प्रे किया जाएगा। फागिंग मशीन भेज कर रोस्टर के अनुसार वार्डों में फॉगिंग कराई जाएगी। 27 कीटनाशक स्प्रे मशीन, चार छोटी फागिंग मशीन कूड़ा उठाने के लिए नए ठेले मंगवाने की बात कही। कहा कि इस प्राकृतिक आपदा के समय पालिका से जुड़े सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि अपने-अपने वार्ड, गली, मोहल्ले में विशेष रूप से सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखें ताकि नगर को संक्रामक रोगों से बचाया जा सके। इस अवसर पर काफी संख्या में वार्ड सभासद और सफाई नायक मौजूद रहे।



सफाई नायकों को रेनकोट देतीं चैयरमैन डा. आस्था अग्रवाल। ● अमृत विचार

## बरेली, टनकपुर और मैलानी रूट की ट्रेनें अग्रिम आदेश तक निरस्त

- **दो दिन पहले बाढ़ के चलते मिट्टी धंसने से बह गए थे रेलवे ट्रैक, बुधवार को काम शुरू होते ही रेल यातायात दुरुस्त करने को पहुंचाई निर्माण सामग्री**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** बुधवार को भी बरेली, टनकपुर, मैलानी और शाहजहांपुर रुट पर ट्रेनों का संचालन ठप रहा। रेल ट्रैक पर जलभराव और रेल ट्रैक बह जाने पर रेलवे ने अधिकांश ट्रेनें अगले आदेश तक निरस्त कर दी है। वहीं रेल यातायात दुरुस्त करने के लिए पीलीभीत-भोजीपुरा रुट पर जहानाबाद और पीलीभीत-मैलानी रुट पर शाहगढ़-माला के बीच हुए रेनकट को दुरुस्त करने के लिए सामग्री पहुंचाई जा रही है।

फिलहाल इन दोनों रुटों पर जल्द रेल सेवा बहाल होने की उम्मीद कम ही दिख रही है। जनपद समेत आसपास जनपदों में पिछले दिनों हुई भारी बारिश और नदियों का जलस्तर बढ़ने के बाद रेल यातायात व्यवस्था भी बुरी तरह लड़खड़ा गई। बीते सोमवार को पीलीभीत-टनकपुर रुट पर खटीमा और वनबसा स्टेशन के बीच रेल ट्रैक पर भारी जलभराव होने से ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया था।

रविवार रात ही पीलीभीत-मैलानी रुट पर शाहगढ़-संडई के बीच एक पुलिया पानी के तेज बहाव में बह गई थी। इससे इस रुट पर चलने वाली ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया था। इधर एक दिन पूर्व भी पीलीभीत-भोजीपुरा रुट पर जहानाबाद रेलवे क्रासिंग के समीप एक पुलिया के बहने और पीलीभीत-शाहजहांपुर रुट पर एक स्थान पर रेल ट्रैक पर भारी जलभराव होने के चलते शेष बचे इन दोनों रुटों पर भी ट्रेनों का संचालन बंद हो गया था। इधर बुधवार को भी इन सभी चारों रेल रुटों पर ट्रेनों का संचालन बंद रहा। हालांकि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर जहानाबाद रेलवे क्रासिंग और शाहगढ़-संडई के बीच बही पुलियों को दुरुस्त करने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। इन दोनों स्थानों पर रेल और ट्रकों के माध्यम से सामग्री पहुंचाई जा रही है। रेल अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही ट्रेनों का संचालन शुरू कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।



जहानाबाद रेलवे क्रासिंग के समीप सामग्री ले जाती जेसीबी।

> खटीमा-वनबसा, शाही-पीलीभीत, शाहगढ़-माला एवं भोपतपुर-पीलीभीत रेल खंडों पर भारी बारिश और बाढ़ से यातायात बाधित होने के कारण कुछ ट्रेनों का संचालन अग्रिम आदेश तक निरस्त किया गया है। - **राजेंद्र सिंह**, जनसंपर्क अधिकारी, इज्जतनगर मंडल

### इन ट्रेनों को किया निरस्त

- 05329/05330 बरेली सिटी-पीलीभीत-बरेली सिटी
- 05385/05386 बरेली सिटी-पीलीभीत-बरेली सिटी
- 05339/05340 बरेली सिटी-पीलीभीत-बरेली सिटी
- 05321/05322 बरेली सिटी-टनकपुर-बरेली सिटी
- 05311/05312 बरेली सिटी-पीलीभीत-बरेली सिटी
- 05391/05392 पीलीभीत-टनकपुर-पीलीभीत
- 05393/05394 पीलीभीत-टनकपुर-पीलीभीत
- 05341/05342 पीलीभीत-टनकपुर-पीलीभीत
- 05381/05382 पीलीभीत-शाहजहांपुर-पीलीभीत
- 05417/05418 पीलीभीत-शाहजहांपुर-पीलीभीत
- 05395/05396 पीलीभीत-शाहजहांपुर-पीलीभीत
- 05062/05061 टनकपुर-मथुरा-टनकपुर
- 05097/05093 टनकपुर-दौराई-टनकपुर

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

# एमआरएफ सेंटर पर बाढ़ में फंसा युवक, परिवार ने निकाला

संवाददाता, बरखेड़ा

- युवक बोला- नहीं मिली कोई मदद, परिजन को आश्वासन देते रहे जिम्मेदार

**अमृत विचारः** कस्बा बरखेड़ा से करीब दो किलोमीटर की दूरी पर नगर पंचायत का एमआरएफ सेंटर (कूड़ा निस्तारण केंद्र) बना हुआ है। इस एमआरएफ सेंटर पर मिश्रीलाल चौकीदारी करते हैं। चौकीदार के 26 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार ने बताया कि उसके पिता एमआरएफ सेंटर पर दिन में ड्यूटी करते हैं। जबकि काफी समय से रात में वह स्वयं ड्यूटी करता है।

केंद्र पर 24 घंटे की ड्यूटी है। आठ जुलाई की शाम करीब सात बजे वह घर से खाना खाकर एमआरएफ सेंटर पर पहुंच गया। उसके बाद उसके पिता मिश्रीलाल घर चले आए। रात में किसी समय देवहा नदी में अचानक बाढ़ आ गई। बीते दिवस मंगलवार की सुबह जब उसकी आंख खुली तो केंद्र के चारों तरफ बाढ़ का पानी ही नजर आ रहा था। वह बाढ़ में घिर चुका था। परिवार के सदस्यों ने नगर पंचायत के जिम्मेदारों को जानकारी दी। इस पर ये कहा गया कि टीम पहुंच रही है और मदद करेगी। बाढ़ में फंसे अन्य लोगों को तो टीम निकाल ले गई लेकिन वह फंसा का फंसा रह गया। 24 घंटे से अधिक समय बाद बुधवार को पिता मौसेरे भाई अवधेश को लेकर थाने पहुंचे। वहां पुलिस को भी बताया। आरोप है कि पुलिस ने हवा भरा हुआ ट्यूब दिया और फिर परिवार वाले ही बचाने के लिए आए। दोनों लोग पानी में किश्ती डालकर ट्यूब उसमें रखकर जैसे तैसे एमआरएफ सेंटर पर पहुंचे। उसके बाद जैसे तैसे उसे सुबह करीब नौ बजे बाढ़ के पानी से एमआरएफ सेंटर से बाहर निकाला।

आवश्यकता है
सहायक प्रशासनिक अधिकारी
कम्प्यूटर ऑपरेटर
फार्मासिस्ट
कम्प्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग एवं सी.सी.टीवी. मेंटेनेंस हेतु
लैब टैक्नीशियन
अनुभवी व्यक्ति की, वेतन-योग्यतानुसार
शीघ्र संपर्क करें :-
HR ऑफिस, रूम नं. 102, OPD गेट के पास
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर में
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक
मो. 7521001986, 7521001994

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथेरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# अभिभावक बोले-ऑनलाइन हाजिरी से सुधरेगी सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था

## ऑनलाइन हाजिरी का शिक्षक काफी समय से कर रहे विरोध, अभिभावकों को बदलाव की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- टेबलेट मिलने के बाद भी नहीं लग रही हाजिरी, हो रहे विरोध प्रदर्शन

**अमृत विचार :** नए शैक्षिक सत्र में शिक्षा महानिदेशक की ओर से शिक्षकों की हाजिरी ऑनलाइन लगाने के निर्देश दिए हैं। मगर, शिक्षक लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। लेकिन, परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों का कहना है कि ऑनलाइन हाजिरी एक बेहतर विकल्प है। जिससे पारदर्शिता आएगी और शिक्षा की गुणवत्ता में बदलाव देखने को मिलेगा।

जिले में 1508 परिषदीय विद्यालयों में पौने दो लाख बच्चे अध्ययनरत हैं। जिनको शिक्षित करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से 5500 शिक्षक रखे गए हैं। इनमें 1400 शिक्षमित्र, 600 अनुदेशक और 3500 शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हैं। जोकि कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं को पढ़ा रहे हैं। जिले में भी जब एक जुलाई से शैक्षिक सत्र चालू हुआ तो उन्हें भी ऑनलाइन हाजिरी लगाने के निर्देश दिए गए। मगर शिक्षक तैयार नहीं हुए। यह समस्या जिले की बल्कि पूरे प्रदेश में चल रही है।

शिक्षकों का तर्क है कि यह तानाशाही चल रही है। इसको लेकर अमृत विचार की टीम टनकपुर हाईवे पर दियूनी केसरपुर गांव पहुंची। गांव की आबादी करीब तीन हजार है। इस गांव के 80 फीसदी बच्चे प्राथमिक विद्यालय दियूनी केसरपुर में पढ़ रहे हैं। जहां टीम ने परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता से इस मुद्दे पर चर्चा की तो अधिकतर लोगों ने इस योजना को सही साबित किया। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूलों में आधे शिक्षक समय पर आते है, तो आधे गायब रहते हैं। कोई 12 बजे आ रहा है तो कोई एक बजे। ऑफलाइन हाजिरी में चाहे जितने दिन तक हाजिरी लगा दो, मगर ऑनलाइन होने से प्रतिदिन हाजिरी लगाना होगी। साथ ही समयबद्ध तरीके से स्कूल आएंगे। निरीक्षण करने वाली टीम भी कोई साठगांठ नहीं कर सकेगी। बच्चों की भी ऑनलाइन हाजिरी होने से अभिभावक भी बच्चे को स्कूल समय से भेजेंगे।

### शिक्षकों की भी अपनी एक समस्या

ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे शिक्षकों का कहना है उनकी समस्या सुनने को कोई तैयार नहीं है। शिक्षकों हमेशा गलत समझा जाता है। विभाग की ओर से शिक्षकों को ईएल, द्वितीय शनिवार अवकाश, निर्बंधित अवकाश, अध्ययन अवकाश, प्रतिकर अवकाश, अर्ध दिवस सीएल, आदि नहीं दी जाती है। हर मामले में उन्हें मेडिकल लीव लेना पड़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों की दूरी अधिक है। ऐसे में शिक्षक अगर किन्हीं कारणों से पहुंचने में देरी हो जाती है। तो उसे गैरहाजिर कर दिया जाएगा। प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री उमेश गंगवार ने बताया कि शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे हैं। वह हाजिरी नहीं लगाएंगे। इसका लगातार विरोध जारी है।

### नई व्यवस्था सबके लिए फायदेमंद



अगर शिक्षक समय से स्कूल आ रहे हैं और बच्चों को पढ़ाते हैं। तो ऑनलाइन हाजिरी से दिक्कत क्यों आ रही है। नई व्यवस्था से शिक्षक और बच्चे दोनों ही समय से स्कूल आएंगे और पढ़ाई भी बेहतर होगी।
-**धर्मेंद्र कुमार**, अभिभावक



परिषदीय विद्यालयों में पहले बच्चे को एडमिशन कराया था। मगर पढ़ाई के नाम पर खिलवाड़ होता है। इसलिए वहां से उन्हें निजी स्कूल में एडमिशन कराया गया है। बच्चे बेहतर शिक्षा नहीं पा सके। तो दिक्कतें आएंगी।
- **गोविंदराम**, अभिभावक



लंबे समय से बच्चे परिषदीय विद्यालयों में पढ़ रहे हैं। लेकिन अधिकतर स्कूलों में शिक्षक समय से नहीं पहुंचते हैं। इसलिए ऑनलाइन पैटर्न बेहतर होगा। हर एक जगह पारदर्शिता देखने को मिलेगी।
- **सुनीता देवी**, अभिभावक



परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाई के नाम पर सिर्फ टाइम पास होता है। बच्चे स्कूल जाते है, मगर वहां पढ़ाई की जगह उन्हें खाना खिलाकर भेज दिया जाता है। ऑनलाइन हाजिरी लागू होने से शिक्षा व्यवस्था में सुधार की उम्मीद दिख रही है।
- ऋषिपाल, अभिभावक

### हर माह होते हैं 26 करोड़ से अधिक खर्च

परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले शिक्षक, अनुदेशक और शिक्षमित्रों पर करीब 26 करोड़ से अधिक का बजट एक माह में खर्च हो रहा है, फिर भी शिक्षा गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हो रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जिले में 5500 से अधिक शिक्षक अलग-अलग विंग में कार्यरत हैं। इनमें 3500 शिक्षक है। जिनको करीब 70 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन देय होता है। जिस हिसाब से करीब 24 करोड़ से अधिक का बजट खर्च होता है। इसके अलावा दस हजार रुपये प्रतिमाह शिक्षामित्रों पर देय होते है। जिनका बजट एक करोड़ 40 लाख से अधिक है। तो वहीं अनुदेशकों को नौ हजार रुपये मिलते हैं। जिनका 600 अनुदेशकों पर 54 लाख रुपये खर्च होते हैं। मगर अभी भी परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों का बौद्धिक स्तर नहीं बढ़ पा रहा है। कारण बेहतर ढंग से पढ़ाई नहीं होना। खुद शिक्षकों के बच्चे परिषदीय विद्यालय में न पढ़कर कांवेंट स्कूलों में पढ़ रहे हैं। ऐसे में अधिकतर लोगों ने अपने बच्चों को भी अब निजी स्कूलों में पढ़ाना शुरु कर दिया।

REQUIREMENT
आवश्यकता है
1. हॉस्पिटल सुपरवाइजर
2. कम्पाउंडर
3. वार्ड बॉय / वार्ड आया
4. हॉस्टल केयर टेकर महिला
5. कुक पुरुष/ महिला
6. नर्स/आयुर्वेदिक परिचारिका
7. स्टोर इंचार्ज
संपर्क करें
रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सैक्टर-7 राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली (उ.प्र.)
फोन नं. 8077808309, 9837357497

# हरियाणा से लौटे युवक की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता, पूरनपुर

- पेड़ पर फंदे से लटका मिला शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा

**अमृत विचारः** तीन दिन पहले हरियाणा से लौटे एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव जंगल किनारे खेत में आम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। शव पोस्टमार्टम को भेज पुलिस छानबीन में जुट गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सेहरामऊ के रहने वाले अनिल कुमार (40) पुत्र राम दुलारे मजदूरी करते थे। एक पखवाड़ा पहले अनिल हरियाणा मजदूरी करने गए थे। तीन दिन पहले ही अनिल हरियाणा से वापस घर पहुंचे थे। बुधवार को अनिल घर से खेत देखने के लिए जाने की बात कहकर निकले। वापस न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की। इस दौरान गांव से करीब आधा किमी दूर जंगल किनारे एक खेत में आम के पेड़ पर फंदे से लटका शव मिला। शव प्लास्टिक की रस्सी से लटका था। जानकारी लगते ही परिजनों में खलबली मच गई। वह रोते बिलखते खेत में पहुंच गए। इसकी सूचना पर थाना सेहरामऊ पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पत्नी रामा देवी ने पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को तहरीर दी। मृतक के तीन बच्चे हैं। उपनिरीक्षक मनफूल सिंह ने बताया कि मामला प्रथम दृष्टया खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर स्पष्ट हो सकेगी।


रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। फोन : 0581-2526011, 2526012
द्वारा
निःशुल्क नेत्र व दन्त चिकित्सा शिविर
दिनांक : 12 जुलाई 2024, शुक्रवार समय-प्रातः 9:30 से 1:00 बजे तक
❑ आँखों के कैम्प में आये मरीजों को दवाईयाँ मुफ्त।
❑ मोतियाबिन्द का ऑपरेशन व दवाईयाँ एवं लैंस मुफ्त।
❑ मोतियाबिन्द के भर्ती मरीज को खाना मुफ्त एवं बस द्वारा लेकर जाना मुफ्त।
❑ यदि मोतियाबिन्द निकलता है तब ऑपरेशन रोहिलखंड हॉस्पिटल में ले जाकर मुफ्त में किया जायेगा घर पर बता कर आयें।
❑ मोतियाबिन्द के मरीज घर से पहचान पत्र, राशन कार्ड या आधार कार्ड में से कोई एक डॉक्यूमेंट अवश्य लायें।
❑ दन्त रोग परीक्षण व इलाज मुफ्त।
नोट
निशक्त जन सेवा संस्थान द्वारा विकलांग जनो को उनकी जरूरत के मुताबिक ट्राई साईकिल, व्हील चेयर, वैसाखी, कान की मशीनें आदि प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन करायें।
शिविर स्थान
अंकुर राईस मिल, निकट असम चौराहा, पूरनपुर रोड, पीलीभीत
सौजन्य से : • स्वामी प्रवक्ता नन्द, विधायक 128-बरखेड़ा, विधान सभा, पीलीभीत
• • सभ्यता वर्मा, ब्लॉक प्रमुख, मरौरी • डॉ. सुधीर कुमार गुप्ता एम.एल.सी. पुवायाँ
निःशक्त जन सेवा संस्थान पीलीभीत
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें। शकीब उद्दीन मो. नं. 8534088093

## प्रेमी की शादी तय घर आ धमकी प्रेमिका

**घुंघचिहाई, अमृत विचारः** क्षेत्र की एक किशोरी का गांव के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा है। युवक की शादी अब उसके परिवार ने दूसरी जगह तय कर दी। इसकी भनक लगने के बाद प्रेमिका सोमवार को युवक के घर जा धमकी और काफी देर हंगामा किया। युवक के साथ शादी करने की जिद पर अड़ी रही। आसपास के लोग भी जमा हो गए। युवक के परिवार ने समझा बुझाकर घर भेजना चाहा लेकिन किशोरी नहीं मानी। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। एसओ विशेष कुमार ने बताया कि लड़की की उम्र 18 साल से कम है। उसे चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम अपने साथ ले गई है। बयान दर्ज होने के पश्चात उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## बहन के साथ मारपीट बहनोई के खिलाफ केस

**पीलीभीत।** विवाहिता के साथ आए दिन मारपीट करने के मामले में एक भाई ने अपने बहनोई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उत्तराखंड के उधमसिंहनगर जिले के थाना रुद्रपुर क्षेत्र के बागवाला के रहने वाले प्रशांत चौधरी ने बताया कि उसकी बहन अमिता चौधरी की शादी आठ साल पहले बल्लभ नगर के शिव स्वरूप गंगवार से हुई थी। बहनोई आए दिन बहन के साथ मारपीट करता हैं। पांच जुलाई को बहन के साथ मारपीट की। सूचना पर वह मायके वालों संग बहन की ससुराल गए। बहनोई को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माना। इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## एक नजर

### डीएम ने आज स्कूलों में घोषित किया अवकाश

पीलीभीत। बारिश थमने और नदियों का जलस्तर कम होने के बाद जिले में हालात नहीं संभल सके हैं। बाढ़ के पानी से हुए जलभराव को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर बीएसए ने कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूलों में 11 जुलाई का अवकाश घोषित किया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि बारिश को देखते हुए जिले में बेसिक स्कूलों के साथ ही सभी स्कूलों में कक्षा आठ तक 11 जुलाई तक अवकाश घोषित किया गया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

गजरौला। असम हाईवे पर बिठौरा कलां पेट्रोल पंप के पास कार की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। दुघटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा है। हादसा बुधवार दोपहर करीब 12 बजे हुआ। ग्राम महुआ के रहने वाले सुमेरलाल पुत्र रामलाल ने बताया कि वह एक दावत में शामिल होने के लिए घर से बाइक लेकर निकले थे। वह घर से कुछ दूरी पर पहुंची थी कि रास्ते में सामने से आ रही कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में वह घायल हो गए और हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गए। उसे एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया है।

# ...दिखने लगे बाढ़ के दिए जख्म, पानी उतरने के बाद धंसने लगे पक्के निर्माण

## कई दुकानों के बाहर चबूतरे ढहे तो कच्चे मकानों पर भी मंडरा रहा खतरा, हॉकी खिलाड़ी सिमरनजीत सिंह के घर को जाने वाला मार्ग हुआ क्षतिग्रस्त

संवाददाता, मझोला (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** दो दिन से बारिश थमने के बाद बाढ़ का पानी उतरना शुरू हो गया है। लेकिन आपदा अपने जख्म छोड़ गई है। इससे ग्रामीणों के सामने एक और मुसीबत गहरा गई है। घरों में लोगों का राशन और कीमती सामान खराब हो गया है। दुकानों में पानी घुसने से व्यापारियों को भी करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ा। चटकती धूप के बीच पक्के चबूतरे ढहने से ग्रामीण डर से सहम गए हैं। कच्चे मकानों में गुजर बसर करने वालों को भी हादसे का डर सता रहा है।

पहाड़ों और मैदानी इलाके में हुई बारिश से क्षेत्र से गुजर रही देवहा और कैलाश नदी उफना गई थी। इससे तमाम गांव बाढ़ की चपेट में आ गए थे। नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा के तमाम इलाकों में जलभराव होने पर आशियाना छोड़ बड़ी संख्या में ग्रामीण ऊंचे स्थानों पर शरण लेने पहुंच गए थे। इधर, दो दिन से बारिश थमी हुई है। नदियों का जलस्तर कम होने लगा है। जिसके बाद गांवों में जिंदगी पटरी पर लौटती दिख रही है। मगर पूरी तरह से राहत नहीं है। बुधवार को कई जगह भूस्खलन से जुड़ी तस्वीरें सामने आई। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान रहे सिमरनजीत सिंह के घर जाने वाला मार्ग जलभराव दूर होने के बाद क्षतिग्रसत हो गया। मझोला से जोशी कॉलोनी होते हुए मझारा फार्म जाने वाली सड़क एक तरफ से क्षतिग्रसत होकर ढह गई। कॉलोनी में पक्के घर और चबूतरे भी धंसने लगे हैं। कई दुकान और मकानों के बाहर के चबूतरे बुधवार को धंस गए। कच्चे मकानों के ढहने का भी घर उनमें बसे परिवारों को सता रहा है। वहीं, बारिश के बीच बनी बाढ़ की स्थिति के बाद मझोला-सितारगंज मार्ग पर स्थित पुलिया बह गई थी। मार्ग पर कई फीट तक पानी चल रहा था, जो निकल गया है। मगर क्षतिग्रस्त पुलिया की वजह से आवागमन पूरी तरह से ठप है।


मझोला-सितारगंज मार्ग पर पुलिया बहने से आवागमन बंद।


जोशी कॉलोनी में मकान और दुकानों के बाहर धंसे पक्के चबूतरे। ● अमृत विचार


भारतीय हॉकी खिलाडी सिमरन जीत के घर जाने वाला मार्ग। ● अमृत विचार

### बच्चों की चिंता में परिवार...कहीं हो न जाए हादसे का शिकार

जलभराव की समस्या दूर होने के बाद सड़क , चबूतरे धंसने का सिलसिला शुरू होने पर आबादी क्षेत्रों में परिवारों को बच्चों को लेकर चिंता सता रही है। कहीं हादसे का शिकार न हो जाएं। इसके लिए अभी बच्चों को घरों से कम ही निकाला जा रहा है। चहलकदमी भी बुधवार को न के बराबर रही। अधिकांश दुकानें भी बंद रही। कुछ्दुकानदारों ने प्रतिष्ठान खोले भी तो साफ सफाई करते रहे।

## व्यापारी चिंता में...गोदाम और दुकानों में नुकसान की कैसे होगी भरपाई

- उद्योग व्यापार मंडल ने नुकसान का आकलन करने को शुरू कराया सर्वे

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बारिश में जलभराव से लोगों का काफी नुकसान हुआ है। नुकसान की भरपाई किससे होगी। यह तय नहीं हो पा रहा है। शहर के कई मोहल्लों में पानी घरों के अंदर दुकानों व गोदामों में भर गया। बेसमेंट तो शायद ही बचे हों। ऐसे में उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को जलभराव से करोड़ों का नुकसान पहुंचने की आशंका है। जिलाध्यक्ष ने तहसील और कस्बे के इकाईयों से व्यापारियों के नाम और नुकसान के साथ विस्तृत रिपोर्ट मांगी है ताकि प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर सहयोग मांगकर व्यापारियों को राहत मिल सके। शहर में वैसे तो बारिश के बाद ही जलभराव की स्थिति बन गई थी। मगर, जब देवहा नदी उफान पर आई तो अधिकांश इलाके डूब गए। 2008 की बाढ़ के बाद इस बार बाढ़ का तबाही वाला मंजर देखा गया। कई तो इसे पहले से भी भयंकर बता गए थे। मुख्य सड़क, गली मोहल्लों के साथ ही व्यापारियों की दुकान और गोदामों में भी जलभराव हो गया था। चार से पांच फीट तक पानी भर गया था। जैसे-जैसे जलभराव कम होना शुरू हुआ तो गोदामों और दुकानों को खोलकर व्यापारियों ने वहां रखे सामान को चेक किया। जिसके बाद नुकसान को लेकर व्यापारी भी चिंतित हो उठे हैं। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से अब इस नुकसान का आकलन कराया जा रहा है। तहसील व ब्लॉक अध्यक्ष -महामंत्री को जिम्मेदारी दी गई है कि वह अपने क्षेत्रों में ऐसे व्यापारियों के यहां जाएं जिनका नुकसान हुआ है। उनका ब्योरा तैयार कर जिला स्तर पर उपलब्ध कराएं ताकि शासन ,प्रशासन तक व्यापारियों की मदद के लिए बात रखी जा सके।


गोदाम में जलभराव से खराब हुआ सामान।



व्यापारियों का इस बार की बाढ़ से करोड़ों का नुकसान हो चुका है। मेरे ही गोदाम में चार से पांच फीट तक पानी भर गया था। जिससे वहां रखा सामान खराब हो गया है। व्यापारी सरकार को टैक्स देता है। परेशानी में शासन व प्रशासन के साथ खड़ा रहता है। अब शासन को चाहिए इस वक्त व्यापारियों का सहयोग करे और हर संभव मदद करे। नुकसान का ब्यौरा प्राप्त कर शीघ्र ही ज़िला अधिकारी से मुलाकात की जाएगी। - **एमए जिलानी,** जिलाध्यक्ष, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25

**KESHLATA COLLEGE**
**OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE**

Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

**Nursing Courses**
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

**Paramedical Diploma Courses (2 Year)**
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

**Pharmacy Course (2 Year)**
- D. Pharma

**Facilities Available**
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431




**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
| --- | --- | --- |
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

**फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट**

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
| --- | --- | --- |
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

# पीलीभीत, बरखेड़ा के बाद बाद देवहा नदी ने बीसलपुर में मचाई तबाही

- दो दिन से बारिश बंद, मगर उफनाई नदी तो शहर से देहात तक घुसा बाढ़ का पानी
- बीसलपुर-बरेली मार्ग पर कई फीट चल रहा पानी और तेज बहाव, आवागमन बंद


संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** देवहा नदी के उफनाने के बाद पीलीभीत, बरखेड़ा की तरह अब बीसलपुर तहसील क्षेत्र भी बाढ़ की चपेट में आ गया है। मंगलवार रात को अचानक हालात बेकाबू हो गए। देवहा नदी उफनाई और बाढ़ का पानी करीब 33 गांव के साथ ही नगर को भी डुबो गया।

आलम ये था कि कहीं चार से पांच फीट तो कहीं दस-दस फीट तक पानी भरा रहा। क्षेत्र में आई भीषण बाढ़ के चलते बीसलपुर से बरेली, रसिया खानपुर, खुदागंज, पीलीभीत का मुख्य मार्ग जलभराव होने के कारण बंद हो गया। बीसलपुर-बरेली मार्ग पर पानी अधिक चलता देख कोई हादसा न हो, ऐसे में ईदगाह चौराहे से ही बैरियर लगाकर मार्ग पर आवागमन बंद करा दिया गय। इसके अलावा बिलसंडा, बंडा और दियोरिया मार्ग पर भी जलभराव की स्थिति रही।

कटना पुल पर पानी अधिक रहा। जिसके चलते यहां पर भी आवागमन बाधित है। नगर की बात करें तो बिजली घर, कोतवाली, कचहरी, सीओ कार्यालय, राजकीय डिग्री कॉलेज, गल्ला मंडी, जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण क्षेत्र, ब्लॉक बीसलपुर, चीनी मिल परिसर आदि सभी कार्यालय और प्रतिष्ठानों में बाढ़ का पानी कई फीट तक रहा। जिससे सरकारी कामकाज भी बाधित हो गया। शहर की मुख्य सड़कें, कॉलोनियों और गली मोहल्लों में भी जलभराव की स्थिति रही। बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए पुलिस प्रशासन की टीमें लगी रही। डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय ने बाढ़ के पानी का निरीक्षण कर हालात परखे। एसडीएम महिपाल सिंह, कोतवाल अशोक पाल को निर्देश दिए कि इस मार्ग पर बाढ़ के पानी के तेज बहाव में वाहनों पर आने जाने पर प्रतिबंध रखा जाए। जब पानी मार्ग पर कम हो जाए तभी तत्काल वाहनों का आवागमन शुरू कराएं। ताकि कोई दुर्घटना न हो।


बीसलपुर में मुख्य मार्ग पर भरा पानी। ● अमृत विचार


बीसलपुर के बिजली घर में जलभराव के बाद बिगड़े हालात


बीसलपुर पीलीभीत मार्ग का निरीक्षण करते डीएम-एसपी। ● अमृत विचार

### आपदा में अवसर तलाशा, वसूला किराया

एक तरफ बाढ़ के हालात बनने के बाद तमाम लोग जहां लोगों की मदद करने को आगे आए थे। वहीं, कुछ ऐसे भी रहे, जिन्होंने आपदा में ही अवसर तलाश लिया। बीसलपुर -पीलीभीत मार्ग पर बाढ़ का पानी आ चुका था। आवागमन ठप होने पर कई ट्रैक्टर चालकों ने बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के नाम पर ही किराया वसूलना शुरूकर दिया। कई फीट बाढ़ का पानी होने के चलते लोगों ने रुपये दे दिए। बुधवार को भी दुपहिया वाहन को ट्रैक्टर ट्रॉली में लादकर निकलवाने के एवज में ग्राम टिकरी से बरखेड़ा और बीसलपुर तक लाने व लेजाने के 50 से100 रुपये वसूले गए। जिम्मेदार इसे लेकर अनभिज्ञता जता गए।

### पूरी रात पेड़ पर गुजारी, दूसरे दिन हुए रेस्क्यू

**बीसलपुर।** चुर्रासकतपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम रिछोला घासी के रहने वाले सोमपाल, धनपाल, रामेश्वर दयाल, नन्हेंलाल और तेजराम गांव में आई बाढ़ के बाद अपना खेत देखने गए थे। उसके बाद वह बाग में आकर रुक गए। मगर मंगलवार रात बाग में भी पानी पहुंचने लगा। आलम ये रहा कि करीब दस फीट तक पानी भर गया। जिसके बाद खुद को बचाने के लिए पांचों ग्रामीण पेड़ पर चढ़े और रात भर जागते रहे। सोमपाल ने मोबाइल से ग्रामीणों को सूचना दी। परिवार वाले भी पहुंचे लेकिन पानी अधिक होने पर बचाने में असफल रहे। इसके बाद बुधवार को एनडीआरफ की टीम को सूचना दी। टीम ने ग्रामीणों को रेस्क्यू करके सुरक्षित घर पहुंचाया।

### ट्रैक्टर पर सवार हुए और पहुंचाई मदद

बीसलपुर नगर पालिका अध्यक्ष शशि जायसवाल के प्रतिनिधि भाजपा नेता अमन जायसवाल उर्फ निक्की ने बाढ़ के पानी में घिरे लोगों को टीम के साथ ट्रैक्टर पर सवार होकर राहत पैकेट वितरित किए। नगर की पटेल नगर कॉलोनी,डिग्री कॉलेज रोड, साहूजी महाराज स्कूल रोड, रमपुरा रोड ,रामलीला रोड, मोहल्ला दुर्गाप्रसाद, हरित क्रांति कॉलोनी समेत बाढ़ प्रभावित एक दर्जन मोहल्ले में पहुंचकर विस्किट, चिप्स समेत खानपान के सामान का वितरण किया ।इस मौके पर आरपी सिंह, सभासद राकेश बाथम, अभिमान शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई

- पालिका सभागार में बृजेश गुप्ता ने अध्यक्ष और प्रशांत ने ली महामंत्री की शपथ
- नगर पालिका सभागार में हुआ भारत विकास परिषद गोमती का शपथ ग्रहण समारोह

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** नगर पालिका सभागार में भारत विकास परिषद गोमती का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। कार्यक्रम में बृजेश गुप्ता ने अध्यक्ष, डा. प्रशांत गुप्ता ने महामंत्री और नितिन अग्रवाल ने कोषाध्यक्ष की शपथ ली।

समारोह में पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने प्रांतीय अध्यक्ष संजीव जौली, प्रांतीय महामंत्री राहुल यदुवंशी, प्रांतीय उपाध्यक्ष डा. अनिल सक्सेना शपथ अधिकारी एसपीएस संधू, प्रांतीय संयोजक पर्यावरण अनिल मैनी का पटका पहनाकर स्वागत किया। प्रांतीय उपाध्यक्ष डा. अनिल सक्सेना ने भारत विकास परिषद का उद्देश्य और उसके कार्यों पर बिस्तर से प्रकाश डाला। शपथ अधिकारी एसपीएस संधू ने अध्यक्ष बृजेश गुप्ता और उनकी कार्यकारिणी को शपथ दिलाई।

अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष नवीन अग्रवाल, परिवार सक्सेना, विमल सक्सेना महामंत्री, डा.प्रशांत कोषाध्यक्ष, नितिन अग्रवाल मंत्री जुगराज सिंह और महिला संयोजिका संगीता सिंघल, संरक्षक डा. दिनेश गुप्ता, शैलेंद्र गुप्ता और डा. शोभित सेठ ने शपथ ली। नवनिर्वाचित अध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने कहा कि वह परिषद द्वारा सुझाए के कार्यक्रमों को पूरे मनोयोग से करेंगे। गरीब कन्याओं का विवाह ,ब्लड डोनेशन कैंप, पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण, समूह गान प्रतियोगिता आदि सामाजिक कार्य को वह प्राथमिकता के तौर पर कराएंगे। पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने नवनियुक्त नए लेखपालों का पटका पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों को परिषद की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संरक्षक डा. दिनेश गुप्ता ने किया। हर्ष प्रधान, हर्ष गुप्ता, विकास शर्मा, प्रभात सक्सेना, मानस शुक्ला आदि मौजूद रहे।


शपथ ग्रहण में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

खबर पेज 10 पर भी...

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पासपोर्ट में मेरा नाम भूलवश देवेन्द्र कौर (Devendra Kaur) अंकित हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम नरेन्द्र कौर (Narendar Kaur) है। अन्य दस्तावेजों में भी मेरा नाम नरेन्द्र कौर (Narendar Kaur) ही अंकित है। मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। **नरेन्द्र कौर उर्फ देवेन्द्र कौर पत्नी बलविन्दर सिंह निवासी ग्राम महोलिया वीरान वि.खं. खुटार तहसील पुवायां जिला शाहजहाँपुर।**

**सूचना**
हमने अपने तीसरे छोटे भाई प्रदीप पुत्र धर्मपाल को उसके दुर्व्यवहार व गलत संगत के कारण उससे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। ये अपने कृत्यों व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा व हमारे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **पुष्पेन्द्र सिंह व वेदप्रकाश पुत्रगण धर्मपाल, निवासी-ग्राम जौनेर, तहसील मीरगंज, जिला बरेली**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े बेटे स्व. रिजवान की पत्नी सबीना व अपने छोटे पुत्र फरदीन को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **रईस बानो पत्नी स्व. मुख्त्यिार अहमद नि. म.नं. 82, मुड़िया अहमदनगर, कुम्हरा मीरपुर थाना इज्जतनगर, बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सन्तोष कुमार सिंह पुत्र श्री अशोक सिंह निवासी सी-78बी, शास्त्री नगर, टीकोना शास्त्री पार्क इज्जतनगर, बरेली उत्तर प्रदेश- 243122 था। अब मेरा नाम सन्तोष सिंह है और मैं इसी नाम से जाना जाता हूँ।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अर्थम् महान्तमासाद्य विद्यामैश्वर्यमेव वा।
विचरत्यसमुन्नद्धो य: स पंडित उच्यते ॥

जो व्यक्ति विपुल धन-संपत्ति, ज्ञान, ऐश्वर्य, श्री इत्यादि को पाकर भी अहंकार नहीं करता, वह ज्ञानी कहलाता है ।


## संपादकीय

# बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं

उन्नाव जिले में बुधवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बस और टैंकर की टक्कर में 18 लोगों की मौत हो गई और 19 घायल हो गए। इससे पहले मंगलवार को दिल्ली से सिवान जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, इसमें पांच यात्रियों की मौत हो गई। इस प्रकार दो दिनों में दो भीषण हादसों ने लोगों को दहला दिया है। आए दिन सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाएं महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है। सड़क हादसे गंभीर चिंता का विषय है। अर्थव्यवस्था की गति को रफ्तार देती सड़कें देश के विकास एजेंडे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विश्व बैंक के अनुसार, सड़क दुर्घटनाओं से भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रत्येक वर्ष सकल घरेलू उत्पाद का तीन से पांच प्रतिशत नुकसान होता है। रोड सेफ्टी सेल की रिपोर्ट के मुताबिक अकेले उत्तर प्रदेश में वर्ष 2022 में 41 हजार से अधिक सड़क़ हादसे हुए। इनमें 22 हजार 595 लोगों की मौत हुई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सड़क यातायात से होने वाली मौतों और क्षति को 2030 तक कम-से-कम 50 प्रतिशत रोकने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ 'वैश्विक सड़क सुरक्षा में सुधार' का संकल्प अपनाया। इस पर भारत ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इसके अनुरूप विश्व के 108 देश अब तक सड़क दुर्घटनाओं में दस प्रतिशत कमी लाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके विपरीत भारत में सड़क दुर्टनाएं प्रति वर्ष दस प्रतिशत की दर से बढ़ रही हैं। प्रतिवर्ष सड़कों पर वाहनों की बढ़ोतरी, शून्य फिटनेस और जुगाड़ से चलते वाहन देश में चुनौती बन चुके हैं। शिवहर (बिहार) से सवारी लेकर चली इस दुर्घटनाग्रस्त बस के बारे में भी इसी तरह की जानकारी मिल रही है।

केंद्र सरकार ने बीते वर्ष मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन कर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से इसके प्रावधानों को कठोर बनाने का प्रयास किया था। साथ ही वाहन सुरक्षा के लिए नए इंजीनियरिंग मानक लागू किए गए थे। इसके बावजूद सड़क सुरक्षा का जोखिम लगातार बढ़ता जा रहा है। यह इस ओर संकेत करता है कि भारत के कानून प्रवर्तन तंत्र में कहीं-न-कहीं कमी विद्यमान है। कानून प्रवर्तन के लिए ज़िम्मेदार राज्य सरकारें इस ओर उदासीन बनी हुई हैं। ऐसी दुर्घटनाओं में लोगों की मौतों को रोकने के उपाय जरूर किए जाएं। आवश्यक है कि लोगों के व्यवहार में परिवर्तन का प्रयास किया जाए। दुर्घटना के पश्चात तत्काल प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराना और पीड़ित को जल्द-से-जल्द अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करना कई लोगों की जान बचा सकता है। आम लोगों को इस कार्य के प्रति जागरूक किया जाए। लोगों को शराब पीकर गाड़ी न चलाने के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए।

# आहार के बारे में एकांगी सलाह की अवैज्ञानिकता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

रोटी सेंकने के लिए आंच लकड़ी को जला कर बनाई गई है, पशु के गोबर से बनाए हुए सूखे हुए उपले की है या पत्थर के कोयले की, यह स्थिति भी रोटी के गीले आटे के पकने का समय निर्धारित करती है।

अनाज के आटे से रोटी बनाने, धातु और टेराकोटा के पात्रों जैसे माध्यम का एक अनोखा और अंतरंग रिश्ता पारंपरिक रीति पर चलने वाले संस्कारित भारतीय समाज में आज भी कायम है। चिकनी मिट्टी से बनाए हुए चूल्हे (ओपन हर्थ) और तंदूर में सेंकी सिर्फ हथेलियों और अंगुलियों की दाब और करवट आदि क्रियाओं के इस्तेमाल से बढ़ाई जाने वाले रोटी के अलावा यह जानना महत्वपूर्ण है कि रोटी बनाने के भीगे हुए आटे के एक टुकड़े की लोई को रोटी की आकार देने के लिए इस पर हथेलियों को गीला करके पानी की परत चढ़ा कर हथेलियों के बीच लेकर, थपलिया कर पतला करते हुए अमाप बढ़ाया जाता है। एक अन्य विधि में हथेली पर घी का लेप चढ़ा कर, लोई को थपलियाकर एक निश्चित आकार और आकृति में रोटी तैयार की जाती है। मक्का और बाजरे के आटे से रोटी बनाने के लिए हथेलियों पर बारम्बार पानी की परत चढ़ानी होती है। गेहूं का आटा, मोटा पिसा है या बारीक, इसमें कौन से और अन्न का आटा मिलाया गया है, यह भी सिकाई से रोटी के पकने और इसे एक निश्चित स्वाद देने के लिए जरूरी होता है। मक्का और बाजरा के अनाजों का आटा महीन ही होना चाहिए। रोटी सेंकने के लिए आंच लकड़ी को जला कर बनाई गई है, पशु के गोबर से बनाए हुए सूखे हुए उपले की है या पत्थर के कोयले की, यह स्थिति भी रोटी के गीले आटे के पकने का समय निर्धारित करती है। रोटी का स्वाद इस तथ्य पर निर्भर करता है अनाज की किस्म क्या है और आटे में कितनी मात्रा में कौन से पोषक तत्व मौजूद हैं। रोटी सेंकने के लिए और सिकने के दौरान आंच (हीट या रेडिएशन) कितनी मात्रा में कितनी देर तक और किस एंगिल से रोटी की भीतर प्रवेश करती है। आंच को संग्रहीत करके रखने वाले तंदूर या खुले डिजाईन वाले चूल्हे में रोटी को उलटने-पलटने की वजह यही है कि रोटी के सर्फेस को हर तरफ से एकसा सेंक मिले। गैस के चूल्हे पर पकाई जाने वाली रोटी में स्वाद पैदा करना भी एक हुनर है। रोटी या अन्य पकवानों के रंधने-पकने के लिए थर्मल एम्बियन्स एंड एनवायरनमेंट का काफी बड़ा रोल है।

कार्यालय में एक दिन मेरे पास गाज़ियाबाद से एक व्यक्ति आया जिसने एक फ्लोर मिल लगाई

डाइट और डिज़ीज के सह-संबंधों और शरीर में किस रूट से किन पोषक तत्वों को नार्मन हेल्थ के चलते हुए नियमित रूप से ग्रहण करना लाभकारी होता है आमजन को इसकी वैज्ञानिक जटिलताओं का आभास नहीं है।

हुई थी। मुझसे पूछा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएमआर) के प्रयोगशाला संस्थानों में से किसी एक में आटे में पोषक तत्वों की किस्म की पहचान, इनकी मात्रा का आकलन और गुणवत्ता की परीक्षा करवाई जा सकती है। मैंने कहा कि प्राइवेट पार्टीज का काम हम नहीं करते। अपनी बात को जारी रखते हुए उसने बताया कि अखबार में एक इश्तिहार देकर हमारी मिल ने क्लेम किया था कि इस मिल का आटा औरों की मिल के आटे की बनिस्पत अधिक पोषक और प्रोटीनयुक्त है। उन दिनों फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया का वजूद नहीं था। आमतौर से मार्किट में उपलब्ध एक फूड प्रोडक्ट के बारे में तब ऐसे दावे जिसके बारे में मालिक ने अन्य वैसे ही ब्रांड प्रोडक्ट्स के मुकाबले में कहीं बेहतर बता दिया, तो इसकी इसको लीगल चुनौती देने के मामले मोनोपोलिस्टिक एंड रेस्ट्रिक्टिव ट्रेड प्रैक्टिसेस कमीशन में शिकायत करके उठाए जाने चाहिए, इतना भी मालूम नहीं था। किसी व्यक्ति ने अदालत में पीऍफ़ए एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज कर दिया। सुनवाई से पहले ही यह मिल मालिक मुझसे मिलने आया था। उसने मुझसे कहा कि उसका दावा गलत था और उसने फ़ूड बायो-न्यूट्रीएंट्स बनाने वाली किसी भी इंडस्ट्रियल कंपनी से विशुद्ध प्राकृतिक प्रोटीन खरीद कर अतिरिक्त रूप से न तो अपनी फैक्ट्री द्वारा तैयार आटे में मिलवाई और न ही यह जांच करवाई थी कि सिर्फ उसके द्वारा पीसे गए गेहूं के आटे में प्रोटीन की कितनी मात्रा प्रति 100 ग्राम पहले से उपलब्ध थी। मैंने इस व्यक्ति को सलाह दी कि अदालत में वह बिना हिचक लिखित में मुआफिनामा जमा करवा दे और आश्वासन दे कि भविष्य में लैब जांच करवाए बिना कोई दावा नहीं करेगा। उसे मामूली जा जुर्माना करने की घोषणा के बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था। देखा गया है कि प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापन में जो दावा अकसर किया जाता है उसे एक पोषण विज्ञानी नहीं बल्कि पोषाहार सलाहकार समर्थन देता या प्रोमोट करता दिखता है। इनमें सेलिब्रिटीज़ तो अनेक हैं।

पिछले दिनों अंग्रेजी भाषा के एक अखबार के में मैंने एक खबर की हैडलाइन-विच रोटी इज बेस्ट फॉर वेटलॉस? फाइंड आउट व्हाट न्यूट्रीशनिशट्स से, देखी जिसने मुझे चौंकाया है। एक व्यक्ति के शरीर का वजन उसकी आयु और जेंडर के हिसाब के हिसाब के अलावा डाइट की किस्म, मात्रा एवं दिनचर्या के अलावा उसके लाइफ स्टाइल से भी जुड़ा होता है। यह भ्रम है कि केवल रोटी को आधार बनाकर शरीर के वजन को आदर्श केटेगरी में बनाए रखा जा सकता। उक्त खबर की हैडलाइन एक पोषाहार सलाहकार के कथन के आधार पर है और यह आंशिक रूप से अवैज्ञानिक और अमान्य इसलिए है कि यह खतरनाक है। ऐसी बात करने का वैज्ञानिक और कानूनी अख्तियार फिजियोलॉजिस्ट, न्यूट्रीशनिश्ट्स, बायो-केमिस्ट और एंडोक्राइनोलॉजिस्ट को होता है।

रोटी के सेंकने के तौर-तरीके, आटे की किस्म -जैसे कि एकल अनाज या मिश्रित अनेक अनाज, पर रोटी की गुणवत्ता और पोषक मान निर्भर होता है। मोटे अनाज और मोटा पिसे हुए आटे में रेशा और प्रोटीन के अलावा और भी बहुत कुछ मिला होता है जिसके बारे में तथ्यात्मक और भरोसेमंद जानकार भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् के अंतर्गत काम करने वाले संस्था नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ न्यूट्रीशन (हैदराबाद) की पुस्तक न्यूट्रीटिव वैल्यू ऑफ़ इंडियन फूड्स में दर्ज की गई है। लोगों को मालूम नहीं है कि एक न्यूट्रीशनिश्ट्स उपरोक्त फील्ड्स में प्रशिक्षित और अनुभवी डॉक्टर-तिकड़ी के निर्देशन में एक बड़े अस्पताल, जैसे कि एम्स जिसमें रिसर्च भी होती है, में काम करता है तब वह इनकी निगरानी में होता है। लेकिन स्वतंत्र होकर मार्किट में प्रैक्टिस करने वाले न्यूट्रीशनिश्ट्स पर निगरानी कौन रखता है? वैसे तो अपनी तरफ से कोई एक न्यूट्रीशनिश्ट्स किसी को भी त्रुटिपूर्ण सलाह नहीं देता लेकिन अस्पताल में काम करने वाले न्यूट्रीशनिश्ट्स की डाइट योजना को एक सीनियर डॉक्टर दस्तखत करके ही मंजूरी देता है और मरीज़ को फॉलो-अप करवाने की हिदायत देता है जैसेकि टाइप-2 के नॉन-इन्सुलिन डिपेंडेंट डायबिटिक से पीड़ित एक व्यक्ति के लिए किया जाता है।

डाइट और डिज़ीज के सह-संबंधों और शरीर में किस रूट से किन पोषक तत्वों को नार्मन हेल्थ के चलते हुए नियमित रूप से ग्रहण करना लाभकारी होता है आमजन को इसकी वैज्ञानिक जटिलताओं का आभास नहीं है। एक बायो-केमिकल प्रोसेस के रूप में स्वतंत्र रूप से समझना भी इन्हें कठिन है। एक-पक्षीय और स्वतंत्र शोध कार्य के नतीजे भी कभी एक डॉक्ट्रिन के बतौर व्यक्ति पर लागू नहीं किये जाते बल्कि ऐसा करने से शरीर पर पड़ने वाले संयुक्त प्रभाव देखकर ही इन्हें विवेकपूर्ण होकर लागू किया जाता रहा है। सिर्फ रोटी और इस आधार पर कि इसे फलां किस्म के अनाज और अनाजों में मिश्रण से बनाया गया है और यह अनेक व्यधियों और विकारों को दूर रखने में सहायक है, एक विवेकपूर्ण कथन नहीं है। एक ही विषय से संबद्ध अनेक पक्षों पर सैंकड़ों तरह से डिजाईन किए गए शोध के नतीजे एक्सपर्ट्स की निगाह में संयुक्त जानकारी से जिस समग्रता और विवेक का बुध करते हैं उसी के अनुसार अपार अनुभवी डॉक्टर्स शारीरिक व्याधियों और विकारों की नैदानिकी और उपचार का फैसला लेते हैं और दवा का चुनाव करते हैं। इसलिए यह प्रचारित करना कि रोटी के स्रोत अनाजों की किस्म ऐसी हो, वैसी हो और इन्हें बदलने या ऐसा सेंक कर खाने से यह लाभ होगा, कोलेस्ट्रोल कम होगा, डायबिटीज में फायदा होगा, कैंसर पनपने की संभावना कम होगी, मोटापा विकसित नहीं होगा, शुगर कम होगी आदि, नितांत एकांगी कथन हैं और विज्ञान सम्मत भी नहीं। विज्ञान सम्मत अगर कुछ है तो वह टेक्स्टबुक्स हैं जो एक समय विशेष की हद में प्रिसीजन इनफार्मेशन होती है। यह भी रिसर्च की तत्परता और विशालता को देखते हुए हमेशा 90 प्रतिशत को ही छू पाती हैं। बाकी 10 प्रतिशत की पूर्ति रिसर्च जर्नल्स में छपे पर्चों की जानकारी में दर्ज होती है।

## प्रसंगवश

# क्यों होते हैं हाथरस जैसे हादसे

एक तरफ विज्ञान मंगल और चांद के रहस्यों की थाह लेने में जुटा है, लेकिन भोले बाबा सरीखे तमाम नाम इस समाज में अपना ऐसा मायाजाल फैलाए हैं, जिनकी गिरफ्त में आम जनता है। आमतौर पर धार्मिक आयोजनों या धर्मस्थलों पर भारी भीड़ उमड़ती है। गहरी आस्था के चलते लोग अपने आराध्य के दर्शन करने या उनके बारे में सत्संग-प्रवचन सुनने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। भोले बाबा के सत्संग को लेकर पुलिस के खुफिया तंत्र ने अपनी रिपोर्ट सत्संग से पहले ही तैयार की थी। इस रिपोर्ट में यह कहा गया था कि सत्संग में सवा लाख से अधिक भीड़ जुटेगी। यहां पर एलआईयू ने अप्रिय घटना होने की आशंका भी रिपोर्ट में व्यक्त की थी, लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदारों ने सत्संग में जुटने वाली भीड़ की बात को गंभीरता से नहीं लिया और इसका परिणाम सामने आ गया। सत्संग समापन के बाद हुई भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गईं।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

हाथरस में सत्संग स्थल पर ढाई लाख लोग मौजूद थे। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अंदाजा न तो आयोजकों को था और न ही जिला प्रशासन को। इसलिए इस संख्या के हिसाब से मौके पर व्यवस्था ही नहीं की गई थी, जबकि सत्संग स्थल के अंदर की व्यवस्था आयोजकों को संभालनी थी और बाहर कानून-व्यवस्था पर प्रशासन और पुलिस को नजर रखनी थी, क्योंकि इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन से बाकायदा अनुमति ली गई थी। इसके बावजूद सत्संग स्थल पर न तो श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग द्वार नहीं थे ।

ऐसे आयोजनों में एक साथ भीड़ का रेला आता है तो धक्के के कारण लोग एक-दूसरे के ऊपर चढ़ने लगते हैं। इस दौरान लोग खुद के शरीर को ही नियंत्रित नहीं कर पाते हैं। ऐसे में अगर एक व्यक्ति भी भीड़ में गिर जाता है तो लोग चाहते हुए भी खुद को रोक नहीं पाते हैं और उस पर चढ़ जाते हैं।

नतीजा यह होता है कि भीड़ में किसी के गिरने, बेहोश होने या मौत की अफवाह फैलती है और बचने के लिए लोग भागने लगते हैं। भीड़ में शामिल लोग, खासकर बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं इस भगदड़ का सबसे ज्यादा शिकार होते हैं। इसके लिए स्थानीय प्रशासन भी कहीं न कहीं जिम्मेदार होता है, जो आस्था के आगे हाथ खड़े कर देता है। छोटे स्थल पर अधिक लोगों की भीड़ बढ़ने पर भी वह लोगों को रोकता नहीं है।

हाथरस के मामले में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा है कि हाथरस में अनुमति और आकलन से कहीं ज्यादा भीड़ पहुंच गई थी। इसके बावजूद प्रशासन तमाशबीन बना रहा और न तो आयोजन निरस्त किया और न ही लोगों को रोकने की कोशिश की।

इस तरह की दुर्घटना भविष्य में न हो इसके लिए सभी धार्मिंक लोगों को दो चीजों का पालन करना होगा। पहला कि उन्हें अपने जीवन में धर्म का पालन करना होगा। दूसरा अधर्म होते हुए न देखने का प्रण लेना होगा कि मैं अधर्म नहीं होने दूंगा। अगर रोक नहीं सकता, तो विरोध करूंगा। और विरोध भी नहीं कर सकता तो कम से कम वहां से हट जाउंगा। मेरे घर में अगर मेरे सामने कचरा पड़ा है, तो उसे हटाना मेरा धर्म है। ऐसे ढोगी लोगों का हर स्तर पर बहिष्कार होने चाहिए। इस दुर्घटना के बाद धार्मिक संस्थाएं भी सक्रिय हुई हैं।

हाथरस हादसे से सुर्खियों में छाए भोले बाबा समेत 20 ढोंगी बाबाओं को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। सभी 13 अखाड़ों के बीच इसकी सहमति बन चुकी है। कुंभ मेला प्रशासन के साथ 18 जुलाई को होने जा रही बैठक में अखाड़ा परिषद की ओर से इसका प्रस्ताव रखा जाएगा। मेला अधिकारी को कहा जाएगा कि इन ढोंगी स्वयंभू बाबाओं को मेले में बसने में भूमि और सुविधाएं न दी जाएं। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी के मुताबिक भोली भाली जनता को भ्रमित कर अपने भक्तिजाल में फंसाने वाले तरह-तरह के रूपों वाले पाखंडी बाबाओं की सूची अखाड़ा परिषद ने तैयार कर ली है। ऐसे ढोंगी बाबाओं को महाकुंभ में अपनी दुकानें नहीं सजाने देंगे। इस बारे में सभी तेरह अखाड़ों के प्रतिनिधियों की सहमति बन चुकी है कि पाखंडी बाबाओं की सूची जारी की जाए। ऐसे ढोंगी बाबाओं को महाकुंभ में बसने के लिए भूमि और शिविर की सुविधाएं नहीं दी जाएं, इसकी मांग मेला प्रशासन के समक्ष रखेंगे।

# विपक्षियों के सामने संभलने में लगी है भाजपा

मोदी जी का योग्यतम शीर्ष नेतृत्व भाजपा को अभी भी पूरी मजबूती से संभाले हुए है किंतु पार्टी को अगले प्रधानमंत्री की खोज में अभी से लग जाना चाहिए और यदि यह जिम्मा परंपरा से राष्ट्रीय सेवक संघ पर है तो उसे भी इस दिशा में सक्रिय हो जाना चाहिए। जैसे कि तिब्बती लामाओं में अगले दलाईलामा की तलाश की जाती है। जहां मौजूदा दलाईलामा ही यह बता देता है कि उनके पश्चात जन्म लेने वाले पीठाधीश को किन शारीरिक लक्षणों से पहचाना जाएगा। और वैसे ही लक्षणों वाले सद्य जन्में शिशु की तलाश गहनता से शुरु हो जाती है ताकि रिक्त स्थान पर अगले दलाईलामा को तत्काल प्रतिष्ठापित किया जा सके। बिना अंतराल के।

विचारणीय यह होगा कि मोदी जैसा कोई दूसरा क्या सहजता से मिल पाएगा? और क्या स्वयं मोदी जी यह अग्रिम चयन कर देंगे? यह असंभाव्य है। क्योंकि मोदी जैसा कोई और हो यह फिलहाल भाजपा में दिखता नहीं। वैसा गतिशील व्यक्तित्व, वैश्विक इमेज का जन प्रतिनिधि, भारत को एक उल्लेखनीय आर्थिक शक्ति बना देने वाला प्रधानमंत्री और कई रिकार्ड अपने नाम करने वाला विलक्षण व्यक्तित्व कोई दूसरा हो सकता है?

अभी तक तो 'मोदी-योगी' का एक आश्वस्ति भरा शब्द युग्म जन जन के जुबान पर था। मगर उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के प्रदर्शन ने इसमें डेंट लगा दिया है। मोदी जी का कद तो बरकरार रहा और अगर उसमें भी तनिक इफ्स ऐंड बट्स लगा तो उसका भी उत्तरदायी उत्तर प्रदेश ही है। सोचिए यदि वे गुजरात में कहीं से प्रत्याशी होते तो क्या बनारस जैसे हल्के मार्जिन से विजयी



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

यह भी बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा के कई उच्चस्थ पदाधिकारी आपसी ईर्ष्या द्वेष या महत्वाकांक्षा में एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी बने हुए हैं।

होते? तो उनके आभामंडल की यह तनिक सी फीकी हुई चमक के जिम्मेदार वे स्वयं नहीं हैं। प्रदेश की भाजपा पार्टी और बनारस के कृतघ्न मतदाता हैं। प्रतिकूलताओं के बाद भी मोदी जी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद को सुशोभित करने का रिकार्ड अपने नाम कर लिया।

यह भी बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा के कई उच्चस्थ पदाधिकारी आपसी ईर्ष्या द्वेष या महत्वाकांक्षा में एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी बने हुए हैं। ऐसे में मोदी के बाद कौन का चयन एक टेढ़ी खीर है। अभी किसी संभावना पर मुहर लगा देना संभव नहीं लगता। क्योंकि जिस तरह मोदी जी ने पद के अनुरुप अपने को साबित कर दिखाया है वैसी क्षमता का कोई दूसरा भाजपा नेतृत्व में दिख नहीं रहा। इस प्रतिष्ठापरक पद के लिए पहले किसी भी महत्वाकांक्षी भाजपाई को खुद को साबित करना होगा। क्या आसन्न उपचुनाव ऐसा कोई संकेत दे पाएंगे या फिर उत्तर प्रदेश के 2027 के विधानसभा चुनाव ही कुछ स्थिति स्पष्ट कर पाएंगे? इसलिए कि ज्यादातर प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश ने ही दिए हैं। फिलहाल तो भाजपा विपक्षियों के बढ़े मनोबल के सामने संभलने में लगी हुई है। किंतु अभी भी आम जनता की दृष्टि में कोई तात्विक बदलाव भाजपा में नहीं दिख रहा है। नीट की परीक्षा, हाथरस हादसा आदि मुद्दों पर उसकी कार्यशैली वही पुराने ढ़र्रे वाली है, जो आमजन को पसंद नहीं। जबकि चाल चरित्र और चेहरे का दम रखने वाली पार्टी को तत्काल इन पर कड़े निर्णय लेना चाहिए था और जनसंशयों को उभरने का अवसर नहीं देना था। नारायण साकार स्वामी को क्लीन चिट मिला रहना देखिएगा भाजपा के लिए काऊंटर प्रोडक्टिव होगा। खिसके दलित वोट की भरपाई क्या इससे होगी? भारी संशय है।

भाजपा को वोट बैंक के ऐसे नारदमोहों से बचना चाहिए। ऐसे व्यामोह से दूर रहना चाहिए। किसी भी नेतृत्व का, जनता में उसकी इमेज, वोट की पिपासा से नहीं बल्कि उसके राज काज से स्थापित होती है। और भाजपा ने पहले यह कर भी दिखाया है। भगवा पार्टी के कोर वोटर अभी भी उसका दामन थामे हैं। प्रदेश में मुसलमान यादव और दलित का नया समीकरण मजबूत हो रहा है। इस कटु सत्य को आत्मसात करके रणनीति बनानी होगी। और वह केवल है-स्वच्छ प्रशासन और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था तथा अधिकाधिक नौकरियों के अवसर।

भाजपा में बिखरे वोटबैंक के जाति-मजहब के नेताओं के कान उमेठने का वक्त अब आ गया है। उन्हें अल्टीमेटम मिल जाना चाहिए कि अब नहीं तो फिर कभी नहीं। क्यों उन्हें पाला पोषा जा रहा है और मलाईदार पदों पर यथावत बनाये रखा गया है? उनकी जवाबदेही क्यों नहीं? यदि भाजपा अपने ढुलमुल और ढीले ढाले तेवर को त्यागकर कठोर फैसले लेने लेंगे तो देखिएगा उसकी फिर जनता में जय जय होने लगेगी।

## सोशल फोरम

# परंपरा

बंगाल की दुर्गा पूजा हो या महाराष्ट्र की गणेश पूजा। इन दोनों अवसरों पर केमिकल रंगों और प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों को बहते जल के स्रोतों में प्रवाहित किया जाता है। रसायनों से जलीय जीवन और जल स्रोतों को हुए नुकसान की अक्सर चर्चा होती है और इनको रोकने के प्रयास भी होते हैं। फिर भी गणेश चतुर्थी या दुर्गा पूजा के बाद नदी या समुद्र तट पर बिखरी टूटी फूटी मूर्तियों को कचरे के रूप में ढोये जाने का दृश्य किसी भी आस्थावान को विचलित कर सकता है। लेकिन हम विचलित नहीं होते। क्योंकि यही हमारी परंपरा है। और परंपराओं के साथ कोई खिलवाड़ हमें बर्दाश्त नही। भले ही पर्यावरण को कितनी भी क्षति हो।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड


उड़ीसा की मशहूर रथ यात्रा के बारे में पढ़कर हैरत हुई कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ बनाने के लिए पांच अलग-अलग किस्म के कुल 865 वृक्षों की लकड़ी लगती है। और उससे भी बड़ी हैरानी की बात की शायद ये रथ हर साल बनाए जाते हैं। एक मित्र को अपनी जमीन पर लगे वृक्षों को काटने के लिए परमिशन चाहिए। सरकारी परमिशन के बगैर लोग अपने लगाए, अपने घरों के वृक्ष भी नही काट सकते। इतने कठोर नियमों के बीच मेरा ध्यान बार-बार 865 वृक्षों पर चला जाता है। छतीसगढ़ का हंसदेव जंगल हो या मुंबई का आरे जंगल। लोगों ने इनको बचाने के लिए लंबी लड़ाइयां लड़ी। भारतीय संस्कृति में पेड़ों का बहुत महत्व है। झारखंड में सरहुल पर्व पर साल वृक्ष की पूजा होती है। उड़ीसा में वट सावित्री के दिन स्त्रियां वट वृक्ष की पूजा करती हैं। राजस्थान में खेजड़ी के वृक्ष की पूजा की जाती है। सनातन में पीपल के वृक्ष को भी पूजा जाता है। क्या ये बात अजीब नही कि एक तरफ पारंपरिक रूप से हम पेड़ों की पूजा करते हैं और दूसरी तरफ परंपरा के नाम पर वृक्ष काटे भी जाते हैं। अफसोस होता है कि पेड़ों को पूजने वालों के देश मे जंगल का रकबा लगातार घट रहा है। हमे ये मानना होगा कि हमारी संस्कृति, पूजा, परंपरा इन जंगलों को बचाने में नाकामयाब रही है।

-फेसबुक वॉल से

# क्या भारत सीबीडीसी को सफल बना सकता है

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) की प्रस्तावित शुरूआत के साथ भारत अपनी मौद्रिक प्रणाली में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के कगार पर है। यह कदम डिजिटल मुद्राओं और ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी में बढ़ती वैश्विक रुचि के बीच आया है, जो दुनिया भर के वित्तीय क्षेत्रों में व्यापक डिजिटल क्रांति को दर्शाता है। हालांकि, डिजिटल मुद्रा का आगमन साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता और भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे की समग्र तैयारी के बारे में प्रासंगिक सवाल उठाता है।

सेंट्रल बैंक डिजिटल मुद्रा किसी देश की फ़िएट मुद्रा का एक डिजिटल रूप है, जिसे केंद्रीय बैंक द्वारा जारी और विनियमित किया जाता है। बिटकॉइन या एथेरियम जैसी क्रिप्टोकरेंसी के विपरीत, जो विकेंद्रीकृत हैं और केंद्रीय प्राधिकरण के बिना संचालित होती हैं, सीबीडीसी सरकार द्वारा केंद्रीकृत और नियंत्रित होता है। सीबीडीसी का लक्ष्य डिजिटल मुद्राओं के लाभों-जैसे गति, कम लेनदेन लागत और बढ़ी हुई वित्तीय समावेशन - को पारंपरिक फिएट मुद्राओं से जुड़ी स्थिरता और विश्वास के साथ जोड़ना है। भौतिक नकदी के विपरीत, सीबीडीसी केवल डिजिटल रूप में मौजूद है, जिससे लेनदेन सहज और त्वरित हो जाता है।



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

डिजिटल भुगतान सफलता भारत के डिजिटल भुगतान परिदृश्य में पिछले एक दशक में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), भारत इंटरफेस फॉर मनी (भीम) और आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली जैसी पहलों ने भारतीयों के लेनदेन के तरीके में क्रांति ला दी है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों के अनुसार, 2021 में यूपीआई लेनदेन प्रति माह 2 बिलियन का आंकड़ा पार कर गया, जो डिजिटल भुगतान प्रणालियों में व्यापक रूप से अपनाने और विश्वास का संकेत देता है।

भारत अपने साइबर सुरक्षा ढांचे को बढ़ाने में प्रगति कर रहा है, लेकिन डिजिटलीकरण की तीव्र गति के लिए इन उपायों के निरंतर विकास और मजबूती की आवश्यकता है।

वर्तमान साइबर सुरक्षा अवसंरचना-राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीतिः 2013 में शुरू की गई इस नीति का उद्देश्य सार्वजनिक और निजी बुनियादी ढांचे को साइबर खतरों से बचाना है।

ऐसे कई उदाहरण हैं जहां डिजिटल वित्तीय प्रणालियों से समझौता किया गया है। उदाहरण के लिए, एक प्रमुख बिटकॉइन एक्सचेंज माउंट गोक्स की हैकिंग के कारण 450 मिलियन डालर से अधिक का नुकसान हुआ। 2019 में भारत में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र की हैकिंग सबसे सुरक्षित प्रणालियों में भी कमजोरियों को उजागर करती है।

भारत में सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी की शुरूआत वित्तीय प्रणाली को और आधुनिक बनाने और वित्तीय समावेशन को बढ़ाने का एक आशाजनक अवसर प्रस्तुत करती है। हालाँकि, इस पहल की सफलता महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा जोखिमों को संबोधित करने और सहायक बुनियादी ढांचे की मजबूती सुनिश्चित करने पर निर्भर करती है। डिजिटल भुगतान की सफलता से सीखकर और साइबर सुरक्षा ढांचे को लगातार विकसित करके, भारत डिजिटल मुद्रा के फलने-फूलने के लिए एक सुरक्षित वातावरण बना सकता है। एक सफल सीबीडीसी की राह में एक सुरक्षित, लचीला और समावेशी डिजिटल वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र और नागरिकों के समान प्रयासों की आवश्यकता होगी।

# पुराणों की कहानियों से

हम हिंदू हैं, सनातनी हैं। हम वेद, पुराण, उपनिषद आदि सब पर दृढ़ विश्वास रखते हैं। अगर थोड़ी गहराई में जाकर खुद को पूछें कि हमारे तैंतीस वैदिक देवता कौन थे तो टंटा शुरू। तैंतीस नहीं, तैंतीस करोड़। तैंतीस कम पड़ता है। कोटि के दो अर्थों पर प्रवचन न दें। चलो, तैंतीस ही सही। कितने हिंदू उन तैंतीस देवताओं का नाम भी जानते हैं? बारह आदित्य। कौन? क्या हम उनके नाम और उनकी कीर्ति के बारे में जानते हैं? क्या उनकी कभी पूजा भी की? कोई रिश्ता है हमारा उनसे? एक फूल, एक धूपबत्ती कभी उनके नाम? रोज अजीबोगरीब प्रवचन मोबाइल पर आते रहते हैं। कौन थे बारह आदित्य? कौन थे ग्यारह रुद्र? कौन थे आठ वसु? उन्होंने क्या किया? है कोई नामलेवा? और हम हिंदू हैं। सनातनी हैं। श्रीमद् देवी भागवत कहता है कि व्यास ने पुराणों की रचना ही इसीलिए की कि जिनकी पहुंच वेदों तक नहीं है उनका कल्याण हो। वे सनातनी बने रहें।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अठारह पुराण। यह भी कम पड़ा। तो बहुत सारे उपपुराण। हजारों कहानियां। रोमहर्षण सूत थे, ब्राह्मण्यां क्षत्रियासूतः, याने वर्णसंकर। वही सूत जी हुए। व्यास के शिष्य। और कौन व्यास जी? वही जो मत्स्यगंधा और पराशर के पुत्र थे। महा ज्ञानी व्यास। उन्हीं के शिष्य सूत जी। प्रवचन कर्ताओं में सर्वश्रेष्ठ। हर जगह सूत जी बोलते भये।

विष्णु पुराण, शिवपुराण, वराह पुराण, कूर्म पुराण, नृसिंह पुराण, वामन पुराण, मत्स्य पुराण, देवी भागवत, कृष्ण भागवत, पद्मपुराण, गरुड़ पुराण, नारद पुराण, मार्कण्डेय पुराण, अग्नि पुराण, वायु पुराण, स्कंद पुराण, ब्रह्मांड पुराण। और भी कई। यहां हमारा उद्देश्य पुराणों के नाम गिनाना नहीं है। पुराणों का मुख्य उद्देश्य जो भी रहा हो, उनकी कहानियों से हिंदू अनेक सेक्ट बने।

## एक नजर

### मानवता सोसाइटी ने बांटे भोजन के पैकेट

**शाहजहांपुर।** मानवता वेलफेयर सोसाइटी सेवाभाव के तहत बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों में बाढ़ पीड़ितों को भोजन के पैकेट और बच्चों के लिए बिस्कुट वितरित किए। सोसाइटी संस्थापक अमित श्रीवास्तव के नेतृत्व में नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा आधिकारी मयंक भदौरिया, मुकेश सिंह परिहार आदि ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में जाकर पीड़ितों का हालचाल लिया। इस दौरान टीम ने इंदिरानगर, लोधीपुर आदि बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में भोजन के पैकेट, पानी पाउच, बच्चों को बिस्कुट वितरित किए। भोजन वितरण में नीरा श्रीवास्तव, शगुन सक्सेना, शुभम, अभिषेक कुमार राना, मोहम्मद साद, विकास कोली, अकांक्षा राना, विशाल सिंह आदि शामिल रहे।

### पीड़ितों को बांटे लंच पैकेट

**शाहजहांपुर।** वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स के सदस्यों ने बुधवार को बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का भ्रमण कर बाढ़ पीड़ितों को लगभग 500 लंच के पैकेट और पानी के पाउच वितरित किए। ग्रुप अध्यक्ष नीतू गुप्ता के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने ख्वाजा फिरोज, नई बस्ती, लोधीपुर आदि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को लंच पैकेट बांटे। इस कार्य में ज्योति गुप्ता, हेमा अग्रवाल, ग्रुप क्रिएटर अभिनय गुप्ता, विजय शंकर मिश्रा, सतीश सक्सेना, रिद्धि बहल, अनिल मिश्रा, रोहित पांडेय आदि सदस्य शामिल रहे।

# सभासद पद के उपचुनाव में 261 मतों से जीते रमन मिश्रा

## रमन को 705 और प्रतिद्वंदी प्रत्याशी फरहाना को मिले 444 वोट

संवाददाता, तिलहर



नवनिर्वाचित सभासद रमन मिश्रा को जीत का प्रमाण पत्र सौंपते रिटर्निंग अधिकारी रमेश पंकज। साथ में समर्थक। ● अमृत विचार

● **ब्लॉक सभागार में बुधवार सुबह हुई मतगणना, दो घंटे बाद परिणाम घोषित**

**अमृत विचारः** नगर पालिका के मोहल्ला घेरचौबा में सभासद के रिक्त पद पर हुए चुनाव में मतगणना के बाद रमन मिश्रा को विजयी घोषित किया गया। उन्हें 705 मत मिले, जबकि उनकी प्रतिद्वंदी प्रत्याशी फरहाना को 444 वोट ही मिल सके।

नगर पालिका सभासद पद के उपचुनाव की मतगणना बुधवार की सुबह ब्लॉक सभागार में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में रिटर्निंग अधिकारी रमेश पंकज के निर्देशन में हुई। मतदान केंद्र 29 एवं 30 की मतगणना चुनाव अधिकारियों के द्वारा शुरू की गई। मतगणना में प्रत्याशी राधा रमन मिश्रा को 705, फरहाना को 444, शाहरुख खान को 11, रजनीश मिश्रा पांच तथा इंतजार अली को 49 वोट मिले जबकि निरस्त 17 वोट हुए। रिटर्निंग अधिकारी रमेश पंकज ने प्रत्याशी राधा रमन मिश्रा को 261 मतों से विजयी घोषित कर जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। नवनिर्वाचित सभासद राधा रमन मिश्रा को उनके समर्थकों ने फूल मालाएं पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। बता दें कि नगर के मोहल्ला घेरचौबा वार्ड संख्या 13 के सभासद अखलाक उर्फ गुड्डू का छह माह पहले हार्टअटैक के चलते निधन हो गया था। तब से सभासद का पद रिक्त चल रहा था। इसी पद के लिए उपचुनाव में अखलाक की पत्नी फरहाना, बेटा शाहरुख खान, राधारमण मिश्र, रजनीश मिश्रा, इंतजार अली चुनाव मैदान में थे। इस पद के चुनाव के लिए सोमवार को नबीला पब्लिक मांटेसरी स्कूल में मतदान केंद्र बनाया गया था, जिसमें दो बूथ बनाए गए थे। 1921 मतदाताओं में से 1232 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। जिसकी बुधवार को हुई मतगणना में 261 मतों से रमन मिश्रा को विजयी घोषित कर दिया गया।

# यूटा की भावलखेड़ा इकाई का गठन, किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



यूटा के नव नियुक्त भावलखेड़ा इकाई के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● **शेखर ब्लॉक अध्यक्ष और नितिन बने महामंत्री**

**अमृत विचारः** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) की ब्लॉक भावलखेड़ा इकाई का गठन बुधवार को किया गया। जिला अध्यक्ष विनीत कुमार गंगवार की अध्यक्षता में चुनाव पर्यवेक्षक अवनीश कुमार सिंह एवं निर्वाचन अधिकारी चंदन वर्मा की मौजूदगी में विद्यु शेखर को ब्लॉक अध्यक्ष, नितिन वर्मा को महामंत्री, काव्या सक्सेना को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मीनाक्षी वर्मा, मिथिलेश कुमारी, दारा शंकर यादव को सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

जिला महामंत्री हरिशंकर के संचालन में हुई चुनावी कार्यवाही में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम कुमार सिंह ने संगठन की विचारधारा से अवगत कराया। कोषाध्यक्ष पृथ्वीराज, प्रशांत आहूजा, राहुल पांडेय, सुशील तिवारी, नरोत्तम, संजीव, वीरेंद्र भारती, गरिमा त्रिपाठी, दीक्षा, नीतू सिंह, काव्या, राधे राघवेंद्र कुशवाह, नीरज अवस्थी, रजनीश, संदीप, सोनपाल, मसरूफ अली, शिव सिंह, नितिन आदि मौजूद रहे।




बैठक में मौजूद नरमू के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## आंदोलन को सफल बनाने के लिए युवा करें सहयोग

● **नरमू: ट्रेड यूनियन प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं युवा संवाद का आयोजन**

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** मुरादाबाद मंडल के मंडल मंत्री कामरेड राजेश चौबे आदेशानुसार ट्रेड यूनियन प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं युवा संवाद का आयोजन बुधवार को कार्यालय पर किया गया।

सहायक मंडल मंत्री कामरेड नरेंद्र त्यागी ने कहा कि यूनियन कर्मचारियों का एक मात्र संगठन है। युवाओं की प्रत्येक समस्या का हल करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। युवाओं से अपील की है कि आंदोलन को सफल बनाने के लिए अपना सहयोग करें। नरमू के शाखा मंत्री कामरेड शिवम सक्सेना ने युवाओं को पूर्ण भरोसा दिलाया कि यूनियन युवाओं के लिए पूर्ण रूप से समर्पित है। युवा साथी संगठन को और मजबूत करेंगे। सहायक मंडल मंत्री कामरेड दीपक यादव ने यूनियन की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। पुरानी पेंशन बहाली पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर पंकज सक्सेना, सुनील तिवारी, रवि, राजीव, जितेंद्र, महेश, संजय, रमेश, शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

# आधार कार्ड बनाने के नाम पर सुविधा शुल्क वसूलने का आरोप, हंगामा

संवाददाता, खुटार



शिकायत पर डाकघर जांच करते बीडीओ वीरेंद्र मिश्रा। ● अमृत विचार

● **पीड़ितों ने डाक विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर की कार्रवाई की मांग**

**अमृत विचारः** खुटार उपडाकघर में आधार कार्ड बनाने और संशोधन करने के नाम पर कर्मचारियों पर सुविधा शुल्क वसूलने का आरोप लगा है। इस बात को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को हंगामा किया। सूचना पर खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र मिश्रा पहुंच गए। जहां कर्मचारियों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। उन्होंने उच्चाधिकारियों को अवगत कराने की चेतावनी दी। इसके अलावा पीड़ितों ने डाकघर विभाग के अधिकारियों से शिकायत की है।

क्षेत्र के गांव नवाजपुर निवासी अंकुर शुक्ला, सुखचैनपुर निवासी अनिल, पिपरिया बिरसिंहपुर निवासी नन्हें सहित तमाम ग्रामीण उपडाकघर आधार कार्ड बनवाने के लिए पहुंचे थे। आरोप है कि वहां तैनात कर्मचारियों ने आधार कार्ड बनाने के नाम पर सुविधा शुल्क की मांग की। मना करने पर अभद्र व्यवहार कर भगा दिया गया। जिसके बाद ग्रामीण विकास खंड परिसर पहुंचे और खंड विकास अधिकारी वीरेन्द्र मिश्र से शिकायत की। बीडीओ ने मामले को गंभीरता से लिया और पीडितो के साथ उपडाकघर पहुंचे और कर्मचारियो से पूछताछ की। साथ ही ग्रामीणो की समस्या का समाधान करने को कहा। समाधान न करने पर बीडीओ ने डाकघर के उच्चाधिकारियो को मामले से अवगत कराने की बात कहकर वापस लौट गए। इसके बाद ग्रामीणों ने अधिकारियों से इस मामले में शिकायत की है। यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# जंगल में लकड़ी काटते पकड़ा, लकड़कट्टे ने वनरक्षक पर कर दिया जानलेवा हमला

संवाददाता, खुटार

● **वनरक्षक की ओर से खुटार थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट**

**अमृत विचारः** खुटार वन रेंज की सिंहपुर बीट में लकड़ी काट रहे लकड़कट्टे को वनरक्षक ने उसे मौके पर पकड़ लिया। लेकिन जानलेवा हमला कर लकड़कट्टा लकड़ी छोड़कर भाग निकले। वन रक्षक की ओर से खुटार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

सिंहपुर जंगल में आए दिन कटान की सूचना मिलती रहती है। इससे वन संपदा घट रही है और जंगल बाग में तब्दील होने लगे है। कारण है कि कई गांव के लोगों के निशाने पर कीमती लकड़ी पर निगाहें रहती है। लकड़कट्टे जंगल में खड़े बेशकीमती पेड़ काटकर बिक्री करने में जुटे है। मंगलवार की शाम वनरक्षक संतोष गौड़ को सूचना मिली कि सिंहपुर जंगल में कुछ लोग शॉल का पेड़ काट रहे हैं। सूचना पर मिलते ही वनरक्षक ने सिंहपुर बीट जंगल के अंदर पहुंच गए। जहां चार-पांच लोग कुल्हाड़ी से शाल के पेड़ को काटकर जमीन पर गिराकर उसके बोटा बना रहे हैं। यह देख वह लकड़कट्टों को पकड़ने के लिए दौड़े।

तभी उक्त लोगों ने जानलेवा हमला करने की नीयत से वनरक्षक संतोष गौड़ पर कुल्हाड़ी चला दी। गनीमत रही कि बाल-बाल बच गए। इसके बाद लकड़कट्टे जान से मारने की धमकी दी और लकड़ी को छोड़कर जंगल से फरार हो गए। वनरक्षक संतोष गौड़ ने गुरुवार को पुलिस को तहरीर दी। जिसमें बताया कि सिंहपुर बीट जंगल में गांव नरौठा देवीदास निवासी अनिल पुत्र राजू शाल का पेड़ काटकर बोट बना रहा था और उसके साथ चार लोग अन्य भी थे। मौके पर पहुंच कर ललकारा तो उस पर जानलेवा हमला कर दिया।

# पेड़ बचाओ, पेड़ लगाओ के तहत रोपे पौधे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



ऑल सेंट्स स्कूल में पौधों के साथ बच्चे और प्रबंधक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** ऑल सेंट्स स्कूल में बुधवार को पेड़ बचाओ, पेड़ लगाओ अभियान 2024 के तहत एक विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वीआईपी ग्रुप के मेंबर्स ने भाग लिया और पौधे रोपे।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रबंधक और व्यापार मंडल अध्यक्ष सचिन बाथम ने बच्चों को पौधों का महत्व बताया और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए जागरूक किया। कहा कि अपने परिवार में हर एक सदस्य से कम से कम एक पेड़ लगाना अनिवार्य करें। स्कूल के प्रधानाचार्या साक्षी रस्तोगी ने इस अवसर पर वीआईपी ग्रुप के मेंबर्स अभिनय गुप्ता, नीतू गुप्ता, ज्योति गुप्ता का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में बच्चों और अध्यापकों ने मिलकर पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। इस कार्यक्रम ने बच्चों को न केवल पेड़ लगाने के महत्व को समझाया, बल्कि उन्हें अपने आसपास के पर्यावरण की रक्षा करने के लिए भी प्रेरित किया। इस दौरान मंताशा सिद्दीक़ी, जिया ख़ान, कोऑर्डिनेटर तस्कीन शगुफ्ता, रूबी, जोया, अज़ीम, अश्विनी, मेघा, प्रियंका आदि शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## भाजपा नेताओं ने किया पौधरोपण



**खुटार।** भारतीय जनता पार्टी के एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत भाजपा नेताओं ने बुधवार को चांदपुर साधन सहकारी समिति परिसर में पौधरोपण किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी सोनू ने कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को अपने-अपने गांव घर कस्बे मोहल्ले में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधा अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधा रोपण करने के बाद उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी हम सब की है। इस मौके पर भाजपा शक्ति केंद्र संयोजक राजीव दीक्षित, बूथ अध्यक्ष शोभित मिश्रा, साधन सहकारी समिति चांदपुर के सचिव रामबाबू दीक्षित, राजीव अवस्थी, रामकिशोर, संजीव दीक्षित आदि मौजूद रहे।



हनुमत धाम के पास मकान कुछ इस तरह आधे-आधे पानी में डूब गए हैं। ● अमृत विचार



बाढ़ के बीच फंसे लोगों को बोट से निकालते राहत कर्मी। ● अमृत विचार



इस तरह निकाले गए बाढ़ में फंसे लोग। ● अमृत विचार



लोधीपुर में पानी में समाए घरों से निकल कर सुरक्षित स्थान की ओर जाते लोग।



जलस्तर का निरीक्षण करती एसडीएम अंजली गंगवार। ● अमृत विचार

## नदियों में बढ़ रहा जलस्तर, एसडीएम ने किया निरीक्षण

**तिलहर, अमृत विचार :** नदियों का जलस्तर बढ़ने पर प्रभावित क्षेत्र खुदागंज के गांव भुंडी, बमिहाना, भुंडा हरवंशपुर, रामपुर जयचंद का बुधवार को एसडीएम अंजली गंगवार ने निरीक्षण किया।

एसडीएम ने बताया कि गर्रा नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण पानी गांवों के समीप पहुंच गया है। गनीमत है कि अभी आबादी तक नही पहुंचा है। भुंडा हरवंशपुर में गर्रा के पानी से आवागमन बाधित होने के कारण नाव की व्यवस्था की गई है। बमिहाना एवं रामपुर जयचंद के मध्य भी जलस्तर बढ़ने से मार्ग बाधित हो गया। उक्त गांवों भी नाव की व्यवस्था कर दी गई है। तिलहर के क्षेत्रांतर्गत कुल 25 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई है। गढ़िया रंगीन में रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ा है। नदी का जलस्तर बढ़ने से अभी कोई अपरिहार्य स्थिति उत्पन्न नही हुई है।

# पुवायां-निगोही मार्ग पर सहोरा घाट पर आवागमन शुरू

संवाददाता, पुवायां

● **जलस्तर में कमी आने से लोगों को मिली राहत, राजस्व विभाग की टीम ने लिया स्थिति का जायजा**

**अमृत विचारः** पुवायां निगोही मार्ग पर पुल के ऊपर चल रहा पानी कम होने के बाद अब आवागमन शुरू हो गया है। वहीं एसडीएम के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने मौका मुआयना का बाढ़ की स्थिति का अवलोकन किया।

खन्नौत नदी के जलस्तर में बढ़ाव की वजह से इलाके में कई मार्ग पूरी तरीके से बंद हो गए थे, जिसमें निगोही-पुवायां रोड पर सहोरा घाट में पुल के ऊपर पानी चलने लगा था। निगोही रोड पूरी तरीके से बंद हो गया था। सिंधौली में गोरारायपुर से बिलन्दपुर जाने वाली सड़क पर पानी ज्यादा हो जाने की बजह से रास्ता बंद हो गई थी।सिधौली से कठपुरा घाट पर पुल के किनारे सड़क पर पानी चलने से आवागमन बंद हो गया था और कई दर्जन गांव का ब्लॉक मुख्यालय से संपर्क पूरी तरीके से टूट चुका था। ग्रामीणों का कहना है कि यह पानी अब कम होने लगा और धीरे-धीरे रास्ता बनती जा रही है। वही गोरा रायपुर वाली रास्ते से ट्रैक्टर आदि वाहन निकलने लगे हैं। वहीं एसडीएम पुवाया संजय कुमार पांडेय ने क्षेत्र में राजस्व विभाग की टीम लगा रखी है। जिसमें नायब तहसीलदार सगीर अहमद ने गोरा रायपुर , कठपुरा घाट आदि कई जगह का भ्रमण कर बाढ़ के हालात देखें।




सीएचसी में हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

## सीएचसी परिसर में भरा बहगुल का पानी

**जैतीपुर।** बहगुल नदी में जलस्तर बढ़ने से जैतीपुर सीएचसी परिसर में पानी घुस गया है। जिससे ओपीडी बंद करनी पड़ी। अब ओपीडी तिलहर और कटरा से संचालित होगी। स्वास्थ्य केंद्र से बहगुल 10 मीटर की दूरी पर है। गढ़िया रंगीन ,खेड़ा रठ से ओपीडी देखी जाएगी। मिशन जलशक्ति योजना की टंकी में बाढ़ का पानी भर गया है। वहीं सूरजूपुर गांव में नदी के किनारे बने घरों में बाढ़ का पानी घुसने लगा।



बैरियर लगाकर बंद किया गया रास्ता। ● अमृत विचार

## त्रिलोकीनाथ धाम से बाईपास मार्ग बंद , लगाए गए बैरियर

**सिंधौली।** खन्नौत नदी में बढ़ते जलस्तर की वजह से त्रिलोकीनाथ धाम से होकर जाने वाला बाईपास मार्ग भारी वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है। हालांकि इस मार्ग को मंगलवार को ही बंद कर दिया गया था। जिसे आज भी चालू नहीं किया था। बुधवार को भी बैरियर लगाकर मार्ग को बंद रखा गया। वैकल्पिक रास्तों से वाहन गंतव्य को रवाना हुए।

## बाढ़ में फंसे लोगों को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने निकाला

**शाहजहांपुर।** बाढ़ के हालात होने पर बजरंगदल कार्यकर्ता रमेश कोरी महानगर सत्संग प्रमुख व हर्षित गुप्ता महानगर सहसंयोजक, महानगर उपाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह अपनी टीम के साथ सुबह छह बजे से ही बाढ़ में फंसे लोगों को निकालकर लगातार सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में जुट गए। रमेश कोरी ने बताया कि बजरंगदल का हर कार्यकर्ता हमेशा विपत्ति के समय पूरे मनोयोग से समाज की सेवा को तत्पर रहता है। इस सेवा कार्य में हनुमत नगर प्रखण्ड मंत्री ऋषभ गुप्ता, विवेकानंद नगर प्रखण्ड संयोजक शिवम सिंह, भोलू सिंह, कुलदीप सिंह, राघव कश्यप, मोहित कनौजिया, अमन रावत, अभिषेक, अनुज यादव निशांत कुमार, राहुल सक्सेना, आदि उपस्थित रहे।

# निचले इलाकों के साथ कलेक्ट्रेट और ऑफिसर्स कॉलोनी में दुश्वारियां बरकरार

## तीन दिन बाद भी बाढ़ का पानी नहीं निकला, संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



शहर के उपाधि कॉलेज से दूधिया मंदिर जाने वाले मार्ग पर जलभराव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बारिश थमने और नदियों का जलस्तर कम होने के बाद बाढ़ का प्रभाव तेजी से कम हो रहा है। जो ग्रामीण और शहरी इलाके बाढ़ से प्रभावित हुए थे। उनमें कई जगह अभी भी जलभराव के हालात हैं। ठहरे हुए पानी में मच्छर पनप रहे हैं। संक्रामण बीमारी फैलने का खतरा तेजी से बढ़ गया है। मगर स्वास्थ्य विभाग इन क्षेत्रों में सक्रिय नहीं है। जिससे संक्रामकों का कहर बढ़ने के आसार बन रहे हैं। टीम सिर्फ वहां दौड़ रही है जहां प्रशासन की निगाहें बनी हुई है।

सोमवार से जिले में बाढ़ के हालत बन गए थे। वहीं, देवहा नदी का जलस्तर बढ़ने से शहर से सटे चंदोई, नावकूड़, बक्शपुर, खरुआ, सैजना, ललौरीखेड़ा कस्बा, सिमरिया अनूप आदि गांव में जलभराव चल रहा है। इतना ही नहीं बाढ़ का पानी कम होने के बाद भी ऑफिसर्स कॉलोनी में जलस्तर कम नहीं हुआ है। अधिकारियों के आवासो में जलभराव हो रखा है।

ऑफिसर्स कॉलोनी में बीएसए के आवास में पानी भरा हुआ है। पानी में कारें डूबी पड़ी हैं। पानी भरने से गाड़ियां स्टॉर्ट नहीं हो रही। इसके अलावा एएसपी, सीडीओ, डीडीओ, सीओ आदि अफसरों के मकान भी पानी कम नहीं हुआ है। जिस वजह से अफसर गेस्ट हाउस और होटलों में शरण लिए हैं। वहीं विकास भवन में पानी नहीं घट सका। ऐसे में यहां अधिकतर अफसर कर्मचारी कार्यालय नहीं पहुंच सके। कुछ फरियादी जरूर पानी के बीच कलेक्ट्रेट पहुंचे। मगर अफसर भी नहीं मिल सके। इधर, चंदोई में भी जलस्तर कम नहीं हुआ। ऐसे में यहां यातायात प्रभावित रहा। इधर, जाने आने वाले लोगों के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली का सहारा लेना पड़ा।



विकास भवन में जलभराव। ● अमृत विचार



ऑफिसर्स कॉलोनी के आवासों में भरा पानी। ● अमृत विचार

● **आफिसर्स कालोनी में सबसे ज्यादा आफत, अधिकारियों के आवास के बाहर खड़ी कारें पानी में डूबने के बाद नहीं रही स्टार्ट**



कलेक्ट्रेट में अपनी समस्या को लेकर पानी से गुजरकर जाते फरियादी। ● अमृत विचार

## बाढ़ के आगे भी नहीं मानी हार... बरातियों ने खूब खाए पकवान

**संवाददाता, बीसलपुर, अमृत विचार :** बारिश के बाद नदियों के उफनाने से आई बाढ़ के बाद जहां जनजीवन प्रभावित रहा। जलभराव से पहले से तय कामकाज प्रभावित हो गए। इन सबके बीच नगर में एक ऐसी दावत भी हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा। हर कोई बरातियों के हौसले को लेकर चर्चा करने में जुटा रहा। बता दें कि नगर के एक बरात घर में शादी की दावत थी। बरात के आयोजन स्थल पर पकवान बनवाए गए। सजावट के बीच टैंट लगाकर दावत की तैयारियां की गई। बारिश तो नहीं हुई मगर देवहा नदी उफान मार गई। जिसके बाद बाढ़ के हालात बन गए। इससे कार्यक्रम स्थल भी अछूता नहीं रहा। कई फीट तक पानी भर गया। आयोजन चालू रहा और दावत खाने के लिए लोग भी पहुंचे। इसका वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। जिसमें कमर तक जलभराव के बीच दावत खाने के लिए लोग पानी से होकर पहुंच रहे थे। महिलाओं और बच्चों को जलभराव में चलने में दिक्कत हुई तो पुरुषों ने उन्हें गोद में लेकर ही जलभराव पार कराया और दावत उड़ाई। फिलहाल बाढ़ की चिंता के बीच ये वीडियो चर्चा का विषय बना रहा।

## विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार:** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के मोहल्ला नखासा की रहने वाली प्रिया ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पांच जून 2024 को उसने थाना क्षेत्र के रहने वाले नरेश पुत्र रामविलास के साथ कोर्ट मैरिज की थी। इसके बाद नरेश उसे घर ले गया। नरेश की मां सुमन देवी, ग्राम सैजन की सरिता पत्नी पप्पू कोर्ट मैरिज के दौरान गवाह बने थे।

आरोप है कि सात जून की सुबह पति नरेश, मां सुमन देवी और उसकी पुत्रियां विनीता, कम्मो पुत्री रामविलास ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोप है कि ससुराल वाले अब दहेज में पांच लाख रुपये की मांग कर रहे हैं।इसके पूरा न करने पर घर में रखने से इन्कार कर दिया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# बीडीसी बैठक में सदस्यों ने रखे 37 प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



बैठक में मौजूद ब्लाक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा व बीडीओ मृदुला। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में विकास खंड मरौरी की क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई। बैठक में बीडीसी सदस्यों ने अपने क्षेत्रों से संबंधित 37 प्रस्ताव रखे गए। इस दौरान विभिन्न विभागों के द्वारा सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। शहर के पीलीभीत बैंक्वट हॉल में बुधवार को ब्लाक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई। बैठक में आंकिक सचिन कुमार द्वारा गत बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई।

संबंधित विभागों के अधिकारियों के द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान बीडीसी सदस्यों के द्वारा अपनी समस्याओं को सदन में रखा गया। संबंधित अधिकारियों द्वारा समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया गया। बैठक में बीडीसी सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र में होने वाले निर्माण कार्य के 37 प्रस्ताव ब्लाक प्रमुख को उपलब्ध कराए। समापन पर ब्लाक प्रमुख ने सभी का आभार जताया।

● **ब्लाक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक**

बैठक में 106 बीडीसी सदस्यों के सापेक्ष 91 एवं 95 ग्राम प्रधानों के सापेक्ष 80 ग्राम प्रधान मौजूद रहे। बैठक में गन्ना राज्यमंत्री के प्रतिनिधि ओमप्रकाश, खंड विकास अधिकारी मृदुला, सीडीपीओ राजेंद्र वर्मा, कृषि विभाग के सुरेंद्र कुमार, पूर्ति विभाग से हिमांशु, बेसिक शिक्षा विभाग से खूबकरन, डिप्टी सीवीओ मनीषा चौधरी, एडीओ पंचायत मेहरबान सिंह राना, पंचायत सचिव रिजवान, अवर अभियंता आरईडी विशाल सक्सेना, नसीम अख्तर समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## कोचिंग के लिए निकली किशोरी लापता

**पीलीभीत।** सुनगढ़ी क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित एक कोचिंग सेंटर में पढ़ने जाती है। चार जुलाई को वह रोज की तरह कोचिंग के लिए गई थी। इसके बाद से घर नहीं आई। काफी तलाश करने के बाद भी कुछ पता नहीं लग सका है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## मारपीट में तीन लोग घायल

**पीलीभीत।** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम संतोषपुरा के रहने वाले भोजराज पुत्र माखनलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही ख्यालीराम पुत्र माखनलाल, उसके पुत्र उमाशंकर से पुराना विवाद है। आरोपियों ने पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला करके पिटाई कर दी। पत्नी प्रेमवती और पुत्र वीरपाल ने बचाने का प्रयास किया तो उनको भी धारदार हथियार से वार कर घायल कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## रातभर गुल रही बिजली

**घुंघचिहाई।** कस्बे में बिजली व्यवस्था एक बार फिर लड़खड़ा गई है। बिजली के तारों में मंगलवार रात आग लग गई। जिसके बाद बत्ती गुल हो गई। रातभर उपभोक्ता बिना बिजली के परेशान हो गए। इसकी सूचना पावर कॉरपोरेशन के कर्मचारियों को दी गई। इस पर कर्मचारी पहुंचे और बुधवार सुबह से सुधार कार्य शुरू किया गया। करीब दस घंटे बाद सप्लाई चालू की जा सकी। तब जाकर लोगों को राहत मिली।

# बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर



पुरस्कृत किए गए बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** स्प्रिंगडेल कॉलेज में बुधवार को बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र और गोदावरी हाउस ने प्रतिभाग किया। सभी को अलग-अलग विषय वितरित किए गए। ब्रह्मपुत्र हाउस से पानव जगोता, प्रमोद कुमार, पावनी, इशिका मिश्रा, रिया गंगवार, अन्नया मौर्य, अंशिका मिश्रा, चांदनी सरोज, अभय गुप्ता, प्रशांत वर्मा, अंजली वर्मा, अरीबा शरीफ, तमन्ना रस्तोगी, शिफा खान, नेहा वर्मा, गंगा हाउस से प्रिया वर्मा, अनुष्का वर्मा, हरमनप्रीत कौर, श्रेया, तान्या, अंशिका, आध्या रितिका, खुशी, हिरा, गरिमा, वंश आर्यन, आदित्य प्रताप सिंह, सिद्धार्थ दीक्षित, अनिकेत सक्सेना, मयंक कटियार, सिद्धार्थ, गौरव, मयंक शर्मा, गोदावरी हाउस से भूमिका, नेहा गंगवार, आंचल, अनुष्का, प्रियांशी, कल्पना राठौर, काव्या, सिद्धि, सौम्य, खुशबू, नितिन, निशा शर्मा, प्रीति, अदित्री पाल, शबनम, यश जौहरी, यमुना हाउस से विशाखा राजपूत, निशांत, यश भूषण, अंशिका, श्रुति सिंह, मोहम्मद आरिश, काजल, रिद्धि प्रजापति आदि ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता दो कैटेगरी कक्षा नौ व कक्षा ग्यारह और द्वितीय कैटेगरी में कक्षा दस व कक्षा बारह के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रथम कैटेगरी में ब्रह्मपुत्र हाउस प्रथम, गंगा हाउस द्वितीय, यमुना हाउस तृतीय स्थान पर रहा। कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता, प्रधानाचार्या प्रिया आनंद ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की।

## आरटीआई के तरत बच्चों को दाखिला नहीं देने पर वाले स्कूल संचालकों पर अब कार्रवाई की तैयारी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शिक्षा का अधिकार के तहत चयन होने के बाद भी कई स्कूलों में विद्यार्थियों का प्रवेश नहीं लिया जा रहा है। इस तरह की तमाम शिकायतें शासन तक पहुंचने पर शिक्षा महानिदेशक ने प्रदेश के समस्त बीएसए को ऐसे स्कूलों के खिलाफ सख्ती कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। बताया जाता है कि आरटीआई के तहत हर साल हर वर्ष अनिवार्य रूप से बाल शिक्षाधिकार के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए कक्षा एक के लिए सीटों को रिजर्व किया जाता है। इसके तहत गरीब परिवार के बच्चों को निशुल्क शिक्षा की सुविधा रहती है। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक इस बार भी आरटीआई के तहत प्रवेश के लिए लोगों की ओर से आवेदन किए गए थे। जांच के बाद बच्चों कोस्कूल भी आवंटित कर दिए। मगर कई स्कूल संचालकों की ओर से कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आए। जिन बच्चों ने आवेदन किए थे उनको अब तक स्कूलों में प्रवेश नहीं दिया गया है।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स लि. शाखा बरेली से देवकुमार मंडल पुत्र श्री क्रिश्चनापदा मंडल निवासी सैदपुर खजुरिया पोस्ट पीएसी जिला बरेली एक किता मकान तादादी 55.30 वर्ग मी. जो खेत नं. 202 के जुज पर तामीर है वाकै सैदपुर खजुरिया पर. तह. व जिला बरेली जिसकी चौहद्दी पूरब में मकान मुनादिर हुसैन, पश्चिम में मकान मुअज्जम, उत्तर में मकान कमरूद्दीन व दक्षिण में रास्ता 12 फिट चौड़ा है उक्त सम्पत्ति को गौहर अली से क्रय कर रहे हैं तथा गौहर अली ने उक्त सम्पत्ति द्वारा बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 07.02.2022 को श्रीमान स.र. बरेली में बही सं. 1 जिल्द 13190 के पृष्ठ 15 से 30 तक क्रमांक 2062 पर हुई है इकरारी मो. जहांगीर से बशक्त आराजी क्रय किया था। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है। उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा देवकुमार मंडल के पक्ष में ऋण जारी कर दिया जायेगा। दिनांक : 10.06.2024

मुनीश कुमार सक्सेना
चैम्बर नं. 7, न्यू बिल्डिंग,
बंगलिया सिविल कोर्ट, बरेली।
सूचीबद्ध अधिवक्ता
हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेन्स लि. बरेली
मो.नं. 9997389012

**कार्यालय नगर पंचायत अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर**

पत्रांक : 100/न.पं.अ./2024-25 **सूचना** दिनांक : 10 जुलाई 2024

नगर पंचायत अल्हागंज में स्थित दो अस्थाई गौशाला एवं नंदीशाला में संरक्षित गौवंशों के भरण-पोषण हेतु भूसे की आवश्यकता है। इच्छुक फर्मो/ आपूर्तिकर्ताओं/ विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अल्हागंज में भूसा (कुन्तल में) एवं पशु आहार (कुन्तल में) हेतु दरें दिनांक 19.07.2024 को प्रात: 10:00 बजे से 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो तद्दिनांक को सायं 03 बजे खोली जाएगी।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत अल्हागंज, शाहजहाँपुर
अध्यक्ष, नगर पंचायत अल्हागंज, शाहजहाँपुर

**प्राथमिक विद्यालय मेवाशर्फापुर वि.खं. भुता, बरेली**

**नीलामी सूचना**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक सं. एस.एस.ए. /निर्माण/4618-23-2023-24, दिनांक 15.12.2023 के अनुपालन में प्राथमिक विद्यालय मेवाशर्फापुर के प्रांगण में स्थित जर्जर दो कमरे की नीलामी दिनांक 11.7.2024, 14.7.2024 तथा 18.7.2024 को प्रात: 10:00 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। बोलीदाता को अपना आधार कार्ड तथा रू. 10,000 (दस हजार मात्र) की धनराशि जमानत के रूप में जमा करनी होगी। बोलीदाता का रजिस्ट्रेशन नीलामी दिवस को ही प्रात: 10:30 बजे तक होगा। नीलामी की शेष शर्ते विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है।

अध्यक्ष-श्रीमती रियाना
सचिव-खुशनुमा सितारा, मो. 7417293328
विद्यालय प्रबन्ध समिति प्राथमिक विद्यालय मेवाशर्फापुर विकास खण्ड भुता, बरेली

**कम्पोजिट विद्यालय कुण्डरिया इखलासपुर वि.क्षे. मझगवां, बरेली**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक एस.एस.ए./निर्माण/4648-53/2023-24 दिनांक 15.12.2023 के अनुपालन में कम्पोजिट विद्यालय कुण्डरिया उखलासपुर के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 12.07.2024 दिन शुक्रवार को प्रात: 10 बजे विद्यालय प्रांगण में की जाएगी। आवश्यक प्रक्रियाएँ पूरी न होने की स्थिति में नीलामी पुन: दिनांक 13.07.2024 दिन शनिवार को प्रात: 10 बजे की जाएगी। बोली से पूर्व बोलीकर्ता को अपना आधार कार्ड तथा रु. 5000/- जमानत राशि के रूप में जमा करनी होगी। बोलीदाता का रजिस्ट्रेशन नीलामी दिनांक को प्रात: 10 बजे से 10:30 बजे तक होगा। नीलामी की शेष शर्तें विद्यालय पहुँचकर प्राप्त की जा सकती हैं।

अध्यक्ष, कान्ती देवी, विद्यालय प्रबन्ध समिति
प्रधानाचार्य, कम्पोजिट स्कूल कुण्डरिया इखलासपुर, मझगवां, बरेली
कम्पोजिट विद्यालय कुण्डरिया इखलासपुर, वि.क्षे. मझगवां, बरेली

**प्राथमिक विद्यालय सुकटिया, वि.क्षे. भदपुरा, जिला बरेली**

**नीलामी सूचना**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक सं. एस.एस.ए. /निर्माण/4618-23-2023-24 दिनांक 15/12/2023 के अनुपालन में प्राथमिक विद्यालय सुकटिया के प्रांगण में स्थित जर्जर अतिरिक्त कक्षा-कक्ष की नीलामी दिनांक 12/7/2023 दिन शुक्रवार को प्रात: 10 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। बोली से पूर्व बोलीदाता को अपना आधार कार्ड तथा 10,000/- (दस हजार रुपये) मात्र की धनराशि जमानत के रूप में जमा करनी होगी। बोलीदाता का पंजीकरण नीलामी दिवस को प्रात: 9:30 से 10:00 बजे तक होगा। नीलामी की शेष शर्तें विद्यालय पहुँचकर प्राप्त की जा सकती हैं।

विकास कुमार (अध्यक्ष)
वर्षा रानी गंगवार (सचिव)
विद्यालय प्रबन्ध समिति, प्राथमिक विद्यालय सुकटिया, वि.क्षे. भदपुरा (बरेली)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली से जसपाल पुत्र श्री रामचन्द्र निवासी मो. आर्दश नगर कस्बा नवाबगंज जिला बरेली एक किता मकान तादादी 140.85 वर्गमी. वाकै कस्बा नवाबगंज तह. नवाबगंज जिला बरेली जिसकी चौहद्दी पूरब में रास्ता 5 फिट चौड़ा, पश्चिम में रास्ता आम 14 फिट चौड़ा, उत्तर में मकान विनोद शर्मा व दक्षिण में मकान रामबेटी है उक्त सम्पत्ति को रविन्द्र कुमार से क्रय कर रहे हैं तथा रविन्द्र कुमार ने उक्त सम्पत्ति द्वारा बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 19.02.2024 को श्रीमान स.र. नवाबगंज बरेली में बही सं. 1 जिल्द 5984 के पृष्ठ 257 से 264 तक क्रमांक 2116 पर हुई है। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा जसपाल के पक्ष में ऋण जारी कर दिया जायेगा।

दिनांक : 10.07.2024

मुनीश कुमार सक्सेना, एडवोकेट
चैम्बर नं.-7 न्यू बिल्डिंग, बंगलिया सिविल कोर्ट, बरेली। सूचीबद्ध अधिवक्ता
हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि. बरेली
मो.नं.-9997389012

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

पत्रांक : 456/न.पा.प.ब./रा.वि.आ./2024-25 दिनांक : 09.07.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना (द्वितीय प्रयास)**

समस्त निर्माण सम्बन्धी कार्यों को करने वाले अधिकृत/पंजीकृत फर्मों/संस्थाओं/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पालिका पत्रांक 296 दिनांक 16.06.2024 एवं पत्रांक 315 दिनांक 12.06.2024 के द्वारा राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि की धनराशि से निर्माण/मरम्मत का कार्य कराने हेतु निविदा आमंत्रित की गयी थी परन्तु निर्धारित समयावधि तक कोई भी निविदा प्राप्त नही हुई है। अत: पुन: अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बहेड़ी के नाम दिनांक 16.07.2024 को प्रात: 11:00 बजे तक पालिका में रखे निविदा बॉक्स में निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों की बिक्री दिनांक 10.07.2024 से दिनांक 15.07.2024 तक प्रात: 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी, में की जाएगी। प्राप्त निविदा को दिनांक 16.07.2024 को दोपहर 01:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी में सक्षम अधिकारी द्वारा सभी निविदादाताओं की उपस्थिति में खोला जाएगा। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। कार्य से सम्बन्धित नियम व शर्तें पूर्ववत रहेंगी। कार्य का विवरण निम्नवत् है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रु. में GST सहित | 02 प्रतिशत धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य GST सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कैम्पस में ई.ओ. साहब कार्यालय में फाल सीलिंग लगाये जाने का कार्य। | 4750.00 | 4750.00 | 280 | एक माह |
| 2 | निर्माण/मरम्मत रोड, नाली एवं पुलिया वार्ड नं. 18,22,14 एवं 23 के विभिन्न स्थानों का कार्य। | 418200.00 | 8370.00 | 500 | एक माह |

जितेन्द्र सिंह, अवर अभियन्ता (सिविल)
वीरेन्द्र प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)।
रश्मि जायसवाल, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)।

**कार्यालय ग्राम पंचायत हाड़ौरा विकास क्षेत्र म्याऊं**

सभी पंजित फर्मो एवं अपूतिरक्ताओं को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत हाड़ौरा की वार्षिक कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024 से 25 में पंचम 15 वां वित आयोग आदि योजनाओं के अनुसार धनराशि से स्वीकृत कार्य योजनाओं के उपरोक्त वीर्णत कार्यो के लिए सामग्री जिसमें ईट सीमेंट मौरम बजरी रेता इंटरलॉक ईट सरिया रोड़ा टाइल्स आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है जिसकी सील बंद निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 14.07.2024 से दिनांक 17.07.2024 शाम 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिससे दिनांक 18 .07.2024 को 2रू00 बजे खोला जाएगा बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा

प्रधान - श्री पप्पू
सचिव - श्री अजीत पाल

**कार्यालय ग्राम पंचायत गढ़िया शाहपुर विकास क्षेत्र म्याऊं**

सभी पंजित फर्मो एवं अपूतिरक्ताओं को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत गढ़िया शाहपुर की वार्षिक कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024 से 25 में पंचम 15 वां वित आयोग आदि योजनाओं के अनुसार धनराशि से स्वीकृत कार्य योजनाओं के उपरोक्त वीर्णत कार्यो के लिए सामग्री जिसमें ईट सीमेंट मौरम बजरी रेता इंटरलॉक ईट सरिया रोड़ा टाइल्स आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है जिसकी सील बंद निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 14.07.2024 से दिनांक 17.07.2024 शाम 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिससे दिनांक 18.07.2024 को 2:00 बजे खोला जाएगा बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान - श्री अनीता देवी
सचिव - श्री अजीत पाल

**कार्यालय ग्राम पंचायत हर्रामपुर विकास क्षेत्र म्याऊं**

सभी पंजित फर्मो एवं अपूतिरक्ताओं को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत हर्रामपुर की वार्षिक कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024 से 25 में पंचम 15 वां वित आयोग आदि योजनाओं के अनुसार धनराशि से स्वीकृत कार्य योजनाओं के उपरोक्त वीर्णत कार्यो के लिए सामग्री जिसमें ईट सीमेंट मौरम बजरी रेता इंटरलॉक ईट सरिया रोड़ा टाइल्स आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है जिसकी सील बंद निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 14.07.2024 से दिनांक 17.07.2024 शाम 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिससे दिनांक 18.07.2024 को 2:00 बजे खोला जाएगा बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान - श्री मुकेश
सचिव - श्री अजीत पाल

**कार्यालय ग्राम पंचायत सौंधामई विकास क्षेत्र उसावां (बदायूँ)**

**अल्पकालीन निविदा**

सभी पंजित फर्मो एवं अपूतिरक्ताओं को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत सौंधामई की वार्षिक कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024 से 25 में पंचम 15 वां वित आयोग आदि योजनाओं के अनुसार धनराशि से स्वीकृत कार्य योजनाओं के उपरोक्त वीर्णत कार्यो के लिए सामग्री जिसमें ईट, सीमेंट, मौरम, बजरी, रेता, इंटरलॉक, ईट सरिया, रोड़ा, टाइल्स, हेड पम्प रिबोर व मरम्मत आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है जिसकी सील बंद निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 14.07.2024 से दिनांक 17.07.2024 शाम 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिससे दिनांक 20.07.2024 को 2:00 बजे खोला जाएगा बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा

प्रधान - श्री मंजू देवी
सचिव - श्री अलख निरंजन

**कार्यालय प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ददरौल, शाहजहाँपुर**

पत्रांक : डायट/एस.एस.ए./2062-सी/2024-25 दिनांक : 10.7.24

**जेम पोर्टल विज्ञप्ति**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ.प्र. लखनऊ के पत्र संख्या: अधि./वाहन मो.बि.भ./2444/2024-25 दिनांक : 20.06.2024 के अनुक्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान को समग्र शिक्षा के अन्तर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं क्रियाकलापों के अनुश्रवण व निरीक्षण हेतु 02 चार पहिया एस.यू.वी. वाहन (7 सीटर) किराये पर लेने हेतु जेम पोर्टल पर बिड संख्या GEM/2024/B/5146664 दिनांक : 10.07.2024 अपलोड की गयी है। अपलोड बिड के सापेक्ष इच्छुक निविदादाता अपनी बिड जेम पोर्टल पर ऑनलाइन दिनांक 20.07.2024 की अपरान्ह 01:00 बजे तक अपलोड कर सकते है। बिड के समस्त नियम व शर्ते जेम पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

(हरिवंश कुमार)
प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
ददरौल-शाहजहाँपुर।

**कार्यालय नगर पंचायत बण्डा जनपद शाहजहाँपुर**

पत्रांक : 80/न.पं.ब./ई-निविदा/24-25 दिनांक : 10.07.2024

**ई-निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी के द्वारा मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना/15वाँ वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर पोर्टल पर दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 13.07.2024 समय 12:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय 24.07.2024 को 02:00 बजे अपरान्ह तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 24.07.2024 को 04:00 बजे अपरान्ह से।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लाज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी व ई-निविदा की शर्तो/नियमों के लिए कृपया वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर लाग इन करें, तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

(सत्येन्द्र प्रकाश), अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत बण्डा, शाहजहाँपुर।
(मो. इसहाक), अध्यक्ष, नगर पंचायत बण्डा, शाहजहाँपुर।

# काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए इंटर्नशिप अनिवार्य

## पीएमएसएच संवर्ग के चिकित्सकों को मिलेगा नियमानुसार भारांक

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य के चिकित्सा संस्थान व राजकीय मेडिकल कॉलेजों में परास्नातक पाठ्यक्रम (पीजी) में दाखिले के लिए राज्य स्तर पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी। आरक्षण के नियमों का अनुपालन करते हुए पीजी सीटों पर दाखिले लिए जाएंगे। यह दिशा- निर्देश चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी कर दिए गए हैं।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा मंगलवार को जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि, नीट पीजी2024 की मेरिट लिस्ट में शामिल राजकीय सेवा में कार्यरत अर्थात पीएमएचएस संवर्ग के एमबीबीएस चिकित्सकों को नियमानुसार भारांक देकर, स्टेट की मेरिट सूची में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि चिकित्सा संस्थान व राजकीय

**नीट पीजी- 2024**



मेडिकल कॉलेजों में, एमडी, एमएस, डिप्लोमा, व डीएनबी में दाखिला लेने के लिए नीट पीजी 2024 काउंसिलिंग में, वहीं अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे, जिनकी इंटर्नशिप 15 अगस्त तक पूरी हो रही हो या हो चुकी हो। उन्होंने सरकारी मेडिकल कॉलेजों की काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए 30 हजार, प्राइवेट मेडिकल कॉलेज की काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए दो लाख और प्राइवेट डेंटल कॉलेजों की काउंसलिंग प्रतिभाग करने के लिए एक लाख रुपये बतौर धरोहर राशि जमा करना होगा।

### चयनित चिकित्सा शिक्षकों की तैनाती 19 को

**लखनऊ, अमृत विचार :** अंबेडकरनगर, आजमगढ़ समेत प्रदेश के सात राजकीय मेडिकल कॉलेजों में, उप्र. लोकसेवा आयोग द्वारा चयनित शिक्षकों की नियुक्ति होनी है। बतौर सहायक आचार्य के पद नियुक्त होने वाले अभ्यर्थियों को कॉलेज आवंटित करने के लिए 19 जुलाई को चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय, जवाहर भवन में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग की महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि अंबेडकरनगर, आजमगढ़, जालौन, कन्नौज, सहारनपुर, बांदा और बदायूं के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में भर्ती के लिए अधियाचन भेजा गया था। चयनित शिक्षकों की सूची सार्वजनिक हो चुकी है, सभी को कॉलेज आवंटन के लिए काउंसलिंग में बुलाया गया है।

## ई-कोर्ट से गैरहाजिर रहने पर एकतरफा होगा फैसला

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र भू-सम्पदा नियामक प्राधिकरण (रेरा) लखनऊ व गौतमबुद्ध नगर के लंबित 42 मामलों की सुनवाई ऑनलाइन करेगा। सुनवाई में शामिल होने के लिए आवंटियों व बिल्डरों को आखिरी मौका दिया है। इनके उपस्थित न होने पर एकतरफ फैसला सुनाया जाएगा। रेरा के ई-कोर्ट में घर खरीदारों की लखनऊ में 23 व गौतमबुद्ध नगर में 19 शिकायतें लंबित हैं। सुनवाई के दौरान किसी में आवंटी तो किसी में बिल्डर उपस्थित नहीं होते हैं। इस वजह से मामलों का समाधान नहीं हो पा रहा है।

- **रेरा ने लंबित मामलों पर बिल्डर व आवंटी को दिया अंतिम मौका**

ऐसे में रेरा ने संबंधित आंवटियों और बिल्डरों को सुनवाई का अंतिम मौका दिया। जिन्हें सार्वजनिक सूचना जारी करके हरहाल में ऑनलाइन सुनवाई में उपस्थित होने को कहा है और जुड़ने के लिए ई-मेल व रजिस्टर मोबाइल नंबरों पर लिंक भेजा है।

# नगर निकाय चुनाव में 20 सीटों पर जीते निर्दलीय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के नगर निकायों में 29 सदस्य पद के लिए हुए उप चुनाव में 20 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशी विजयी हुए, जबकि सात सीटों पर भाजपा व दो सीटों कांग्रेस प्रत्याशियों ने विजय हासिल की। बुधवार को सभी निकायों में शांतिपूर्ण ढंग से मतगणना के बाद नतीजे घोषित कर दिए गए।

राज्य निर्वाचन आयोग ने बताया कि जिन सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी जीते हैं, उनमें उन्नाव की नगर पंचायत अचलगंज, गाजीपुर की नगर पालिका परिषद गाजीपुर, नगर पालिका परिषद जमानियां, नगर पालिका परिषद मुहम्मदाबाद, फतेहपुर की नगर पंचायत कारीकान धाता, रामपुर की नगर पालिका परिषद बिलासपुर व सुल्तानपुर की नगर पंचायत कादीपुर शामिल हैं। इसी तरह, कांग्रेस के जीते प्रत्याशियों में नगर पंचायत भदोही व लखीमपुर खीरी की नगर पालिका परिषद के प्रत्याशी शामिल हैं। बाकी सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशी जीते हैं।

### सबसे ज्यादा मत उन्नाव के कृष्णानंद को मिले

**लखनऊ।** नगर निकाय के सदस्य पद पर हुए उप चुनाव में सबसे ज्यादा 69.73 प्रतिशत मत उन्नाव की नगर पंचायत अचलगंज वार्ड धन्नीपुर के विजयी प्रत्याशी कृष्णानंद को मिले, जबकि सबसे कम 27.48 प्रतिशत मत फतेहपुर की नगर पालिका परिषद फतेहपुर वार्ड पानी की विजयी सदस्य मोहम्मद अयाज को मिले।

इनमें रामपुर के दो निकायों और झांसी व सुल्तानपुर के एक-एक निकायों में कुल चार प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। सबसे ज्यादा 68.47 प्रतिशत मतदान मेरठ की नगर पंचायत हर्रा में हुआ, जबकि सबसे कम 34.15 प्रतिशत मतदान गाजीपुर के जमानिया में हुआ।

लखीमपुर खीरी की नगर पंचायत खीरी वार्ड शेख सराय उत्तरी से कांग्रेस की परवीन ने विजय हासिल की। शाहजहांपुर की नगर पालिका परिषद तिलहर वार्ड घेरचोवा से निर्दलीय राधा रमण विजयी घोषित किए गए हैं।

## सार-संक्षेप

### उमेशपाल हत्याकांड : आरोपी विजय हिस्ट्रीशीटर घोषित

**प्रयागराज, अमृत विचार :** राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह रहे अधिवक्ता उमेश पाल और उसके दो सरकारी सुरक्षाकर्मियों की हत्या के मामले में एक और चार्जशीट खोली गई है। इस हत्याकांड के छठे आरोपी की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। माफिया अतीक अहमद व अशरफ के वकील रहे विजय मिश्रा को पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर घोषित कर दिया। इस समय विजय मिश्रा नैनी जेल में बंद है। उस पर आरोप है कि वह भी उमेश पाल हत्याक़ांड की साजिश में शामिल रहा है। उस पर यह भी आरोप है कि उमेश पाल जब कचेहरी से घर के लिए निकला तो उसकी लोकेशन अशरफ और असद को दी गई थी। इसका खुलासा खान सौलत हनीफ ने किया था।

### पूर्व खेल मंत्री ओपी सिंह के मामले में बहस 19 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ दर्ज आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने अभियोजन की तरफ से बहस पूरी की। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने बचाव पक्ष की बहस के लिए 19 जुलाई की तारीख नियत की है। विशेष लोक अभियोजन के मुताबिक मोतिगरपुर के ढेमा बाजार में दो साल पूर्व आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में सरकार में जयसिंहपुर विधानसभा सीट के पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ विशेष कोर्ट में मामला विचाराधीन है। मोतिगरपुर थाने के उप-निरीक्षक सुशील कुमार राय ने 15 जनवरी 2022 को आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया था।

### पूर्व मंत्री के मुकदमे में हुई फार्मासिस्ट की गवाही

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बसपा सरकार में दर्जा प्राप्त मंत्री रहे जंग बहादुर सिंह के विरुद्ध बुधवार को फार्मासिस्ट की गवाही दर्ज की गई। पूर्व मंत्री के खिलाफ एमपीएमएलए जज एकता वर्मा के न्यायालय में हत्या में साजिश का मुकदमा चल रहा। यह घटना 23 साल पहले अमेठी के जगदीशपुर में हुई थी। विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय ने बताया कि एफआईआर 17 अप्रैल 2001शाम को जामो थाने के गौरा पूरे मतउ निवासी शिव कुमार ने लिखाई थी। आरोप लगाया कि मेरा एक भतीजा अरुण कुमार वारिसगंज बाजार गया था। वहां जानकारी मिली कि दिन मे साढ़े दस बजे दिछौली के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। हम लोगों ने जाकर देखा तो राजकुमार का शव पड़ा था। पुलिस की विवेचना मे पूर्व मंत्री और रामविलास की भूमिका हत्या की साजिश में पता चली।

### तीन बच्चों की तालाब में डूबने से मौत

**बिंदकी-फतेहपुर, अमृत विचार :** उमस भरी गर्मी से राहत पाने के लिए तालाब नहाने गए तीन बच्चों की डूबकर मौत हो गई। जिससे उनके परिजनों समेत पूरे गांव में हड़कम्प मच गया। तीनों बच्चे कक्षा दो के छात्र थे। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के जनता गांव में बुधवार को अपरान्ह करीब तीन बजे कक्षा दो के पढ़ने वाले अंश रैदास (9) पुत्र अर्जुन रैदास, विष्णु रैदास (8) पुत्र गौरेलाल रैदास एवं आयुष प्रजापति (8) पुत्र सुनील प्रजापति स्कूल से पढ़ कर घर वापस आए। आसपास रहने वाले तीनों विद्यार्थियों ने अपने-अपने घर जा कर स्कूल बैग रखा और खाना खाया। इसके बाद तीनों बच्चे घर से खेलने के लिए निकल गये। घर से करीब ढाई सौ मीटर दूर तालाब में जाकर नहाने लगे। नहाते समय तीनों गहरे पानी में चले गए और डूबने से उनकी मौत हो गई।

### प्रेमिका से मिलने गए युवक की पीटकर हत्या, 3 गिरफ्तार

**नोएडा, एजेंसी।** गौतमबुद्ध नगर जिले के दनकौर क्षेत्र में अपने दोस्त के साथ उसकी नाबालिग प्रेमिका से मिलने गए एक युवक को लड़की के परिजनों ने पीट-पीटकर कथित तौर पर मार डाला। पुलिस ने बताया कि मामले में छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया, जिनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया है। उसने बताया कि घटना दनकौर थाना क्षेत्र के पीपलका गांव की है, जब अस्तौली गांव का निवासी कमल अपने दोस्त जितेंद्र के साथ कथित तौर पर उसकी नाबालिग प्रेमिका से मिलने गया था।

# यात्रियों ने 80 किमी तक सांप के साथ किया ट्रेन में सफर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचारः** गोरखपुर-बांद्रा एक्सप्रेस के थर्ड एसी कोच में सांप निकलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। कुछ यात्री तो दूसरे कोच में चले गए, वहीं कई ने दहशत के बीच लखनऊ से कानपुर तक का 80 किमी का सफर खौफ के साये में किया।

ट्रेन के सेंट्रल स्टेशन पर पहुंचते ही यात्री कोच से उतरकर प्लेटफार्म पर आ गए। सूचना पर पहले से मौजूद आरपीएफ, जीआरपी व रेलवे कर्मियों ने सांप को तलाश की, लेकिन सांप

- **गोरखपुर-बांद्रा एक्सप्रेस के सेंट्रल स्टेशन पहुंचते ही कोच से उतरकर भागे यात्री**

नजर नहीं आया। इस पर एसी कोच बदलकर ट्रेन को करीब सवा दो घंटे विलंब से रवाना किया गया। यात्रियों ने अधिकारियों को वीडियो दिखाया कि 45 नंबर बर्थ पर हाथ से ठोंकने पर सांप पूंछ लहराता है। एसीएम रेलवे संतोष त्रिपाठी ने बताया कि सांप की सूचना मिली थी। काफी तलाश कराई गई, लेकिन सांप कहीं नजर नहीं आया। एहतियातन नया कोच लगाकर ट्रेन रवाना की गई।

## शिक्षामित्र के पति की गला रेत कर हत्या

**हमीरपुर, अमृत विचार :** बिवांर थाना क्षेत्र के अतरार गांव के परिषदीय विद्यालय में मंगलवार रात शिक्षामित्र के पति की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई। बुधवार सुबह स्कूल में शौचालय के पीछे शव मिलने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का दौरा कर छानबीन की। बिवांर थाना क्षेत्र के अतरार निवासी संदीप सिंह (45) पुत्र अर्जुन सिंह की कंपोजिट स्कूल में दिव्यांग शौचालय के पीछे धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। परिजनों ने बताया कि संदीप सिंह मंगलवार की देर शाम घर से निकला था।

# लेखपाल बनते ही पत्नी ने किया किनारा

संवाददाता, झांसी

**अमृत विचारः** कुछ माह पहले एक महिला अधिकारी का मामला चर्चा में आया था। उसके पति की ओर से दावा किया गया था कि अफसर बनते ही पत्नी के तेवर बदल गए थे। कुछ ऐसा ही प्रकरण झांसी में सामने आया है। झांसी में एक पति ने बताया कि उसकी पत्नी लेखपाल बन गई तो उसने घर छोड़ दिया। बातचीत भी बंद कर दी।

पति ने कहा कि वह कार की पेंटिंग करता है। इसलिए ही उसने लव मैरिज के 2 साल बाद सरकारी नौकरी लगने पर मुझे छोड़ दिया है। झांसी कलेक्ट्रेट सभागार में नवनियुक्त लेखपालों को



- **दो साल पहले ही दोनों ने घर से भाग कर किया था विवाह**

जिलाधिकारी नियुक्ति पत्र बांट रहे थे। वहीं सभागार के बाहर एक पति अपनी का इंतजार इसलिए कर रहा था, क्योंकि उसकी पत्नी लेखपाल बन गई थी और पति अपनी लेखपाल पत्नी के हाथों में प्रमाण पत्र देखना चाहता था। लेकिन पति लेखपाल पत्नी का इंतजार ही करता रह गया और पत्नी पति को झांसा देकर सभागार से निकल गई। पति नीरज ने बताया 5 साल पहले उसकी मुलाकात ऋचा से हुई थी और फिर दोनों दोस्त बन गए थे। बाद में दोनों ने ओरछा में मंदिर में जाकर शादी की, जिसका रजिस्ट्रेशन भी हुआ।

**लेखपाल भर्ती का फार्म पति ने ही भरवाया था:** इस बीच साल 2022 में उत्तर प्रदेश सरकार ने लेखपाल भर्ती निकाली। लेखपाल भर्ती का फार्म खुद नीरज लेकर अपनी पत्नी ऋचा के पास आया। पति नीरज का आरोप है कि लेखपाल बनते ही उसकी पत्नी ने उसे छोड़ दिया। उससे बातचीत बिल्कुल बंद कर दी। पति अब अधिकारियों से इस मामले में दखल देने की गुहार लगा रहा है।

## खबरें कोर्ट रूम से...

# धर्मगुरु ने धोखे से की शादी, कोर्ट ने शून्य घोषित की

**लखनऊ, अमृत विचारः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए एक कथित धर्मगुरु द्वारा धोखाधड़ी कर 18 वर्षीय युवती से किए गए विवाह को शून्य घोषित कर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि विवाह हिंदू रीति के बिना हुआ है तो उक्त विवाह के लिए मैरिज रजिस्ट्रार द्वारा जारी मैरिज सर्टिफिकेट या आर्य समाज मंदिर द्वारा जारी प्रमाणपत्र का कोई महत्व नहीं रह जाता।

अपील में परिवार न्यायालय, लखनऊ के 29 अगस्त 2023 के निर्णय को चुनौती दी गई थी। अपीलार्थी युवती की ओर से दलील

- **अंधेरे में रख धर्मगुरु ने युवती से कर लिया था विवाह**

दी गई कि प्रतिवादी एक धर्मगुरु है। युवती की मां व मौसी उसकी अनुयायी थीं। 5 जुलाई 2009 को उसने अपीलार्थी व उसकी मां को अपने यहां बुलाया व कुछ दस्तावेजों पर यह कहते हुए दोनों के हस्ताक्षर करवाए कि वह उन्हें अपने धार्मिक संस्थान का नियमित सदस्य बनाना चाहता है। इसके पश्चात 3 अगस्त 2009 को भी उसने सेल डीड में गवाह बनने के नाम पर रजिस्ट्रार ऑफिस बुलाकर दोनों के हस्ताक्षर करवा लिए। कुछ दिनों बाद उसने अपीलार्थी के पिता को सूचना दी कि 5 जुलाई 2009 को उसका आर्य समाज मंदिर में अपीलार्थी से विवाह व 3 अगस्त 2009 को पंजीकरण भी हो चुका है। कहा गया कि सभी दस्तावेज धोखाधड़ी कर के बनवाए गए। अपील का प्रतिवादी ने विरोध किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि विवाह को सिद्ध करने का भार प्रतिवादी पर था। परंतु हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7 के तहत हिंदू रीति से विवाह होना वह सिद्ध नहीं कर सका। ऐसे में धारा 7 के तहत विवाह संपन्न होना नहीं माना जा सकता।

### अधिवक्ता गुरुवार को भी न्यायिक कार्य से रहेंगे विरत

**प्रयागराज :** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने अधिवक्ताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले कुछ जजों के आचरण को लेकर असंतोष जाहिर करते हुए गुरुवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहने का संकल्प लिया है। वर्तमान स्थिति के बारे में मुख्य न्यायाधीश को पत्र के जरिये अवगत कराकर यथाशीघ्र कार्यवाही करने की मांग की है। एसोसिएशन ने रजिस्ट्री द्वारा अधिवक्ता रोल नंबर का डेटा प्रदान करने से इनकार करने के बारे में भी अपनी शिकायत उठाई है।

### मीटिंग में रिवॉल्वर लेकर घुसे वकील को हाजिर करने के आदेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** हाईकोर्ट के आदेश पर लखनऊ बार एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया में एल्डर्स कमेटी की मीटिंग के दौरान एक अधिवक्ता के रिवॉल्वर लेकर घुसने और एल्डर्स कमेटी के सदस्य अधिवक्ताओं को धमकी देने का मामला सामने आया है। न्यायालय ने घटना पर सख्त रुख अपनाते हुए धमकी देने वाले अधिवक्ता अरविन्द कुमार को हाजिर करने का आदेश पुलिस आयुक्त को दिया है।

### माल्या-नीरव के बाद अब राशिद पर लगेगा एफईओए

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) 1000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के कथित सरगना शाइन सिटी ग्रुप के चेयरमैन राशिद नसीम के खिलाफ भगौड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओए) के तहत मामला दर्ज करने की तैयारी में है। यह पहली बार है, जब उप्र. में किसी भगोड़े आर्थिक अपराधी के खिलाफ यह अधिनियम लगाया जाएगा। शराब कारोबारी विजय माल्या व हीरा व्यापारी नीरव मोदी के खिलाफ यह अधिनियम लगाया गया था।

# अवैध रूप से जमीन हड़पने में एसडीएम समेत पांच निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** फिरोजाबाद के सिरसागंज तहसील में गलत तरीके से भूमि का विक्रय करने, अपने करीबियों को जमीन दिलाने के मामले में कड़ा एक्शन लेते हुए राज्य सरकार ने उप जिलाधिकारी, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और पेशकार को निलंबित कर दिया है। जांच के लिए गठित कमेटी की अनुशंसा के बाद यह कार्रवाई की गई है। शासन की ओर से डीएम को इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ एफआईआर कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

प्रदेश सरकार के सतर्कता विभाग की ओर से इन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच के भी

- **राज्य सरकार ने डीएम को दिये एफआईआर कराने के निर्देश**

निर्देश दिए गए हैं। उप जिलाधिकारी फिरोजाबाद विवेक राजपूत ने सिरसागंज तहसील में तैनाती के दौरान जून 2024 में ग्राम रुधैनी की जमीन से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए अवर न्यायालय द्वारा पारित आदेश को खारिज कर संदिग्ध रूप से आदेश पारित किया। आदेश के महज पांच दिन के अंदर अनियमित तरीके से पद का दुरुपयोग करते हुए भूमि अपने गृह जनपद के निवासियों व अन्य सगे संबंधियों को दिला दी गई। इसी प्रकार प्रभारी तहसीलदार-नायब तहसीलदार नवीन कुमार पर भी पद का दुरुपयोग कर राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से जमीन हड़पने पर निलंबित कर दिया गया।

### पूर्व आईएएस आलोक रंजन के 383 डॉलर खाते से कटे

**लखनऊ, अमृत विचार :** पूर्व आईएएस अधिकारी आलोक रंजन के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी से जुड़े एक एफआईआर गोमतीनगर थाने में दर्ज हुआ है। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि उनके एसबीआई क्रेडिट कार्ड से बिना उनको सूचना दिए 383 यूएस डालर काट लिए गए। यह धनराशि किसने और क्यों काटी इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है। ऐसे में उनके साथ फ्राड किया गया है। पूर्व आईएएस की शिकायत पर गोमतीनगर पुलिस ने अज्ञात के नाम सूचना प्रद्योगिकी (संशोधन अधिनियम) 2008 के अंतर्गत 66 डी के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। एसएचओ ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।


## वर्ग पहेली-127

**बाएं से दाएं**

1. 1. रास्ता, मार्ग 2. तराज़ू पर चीज़ें तौलने का बटखरा, बट्टा। (मु.)- जोहना : प्रतीक्षा करना। -पड़ना : पीछे पड़ना। -कहीं बाट पड़ना : डाका पड़ना।
4. पुंज, समूह, राशि।
6. नालदार जूता।
7. 1. छोटा 2. कमज़ोर, कृशकाय 3. लघु, अल्प।
8. 1. निर्झर, पानी का झरना 2. सोता 3. वह धन जो हाट या बाज़ार में बैठकर सौदा बेचने वाले छोटे दुकानदारों से नित्य प्रति कर के रूप में उगाहा जाता है
9. 1. तमोगुण से युक्त 2. तामस स्वभाव का।

**ऊपर से नीचे**

2. बाग या बगीचे में पेड़-पौधे उगाने और उनकी देखभाल करने वाला व्यक्ति; बाग का माली।
3. 1. किसी तरल पदार्थ को सांस के साथ भीतर की ओर खींचना, नास लेना 2. उदरस्थ करना, पी जाना।
5. 1. बेशऊर होने की अवस्था 2. बदतमीज़ी, नौसिखियापन, फूहड़ता।



### वर्ग पहेली -126 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 फ | ल | 2 मं | डी | |
| | | | द | | |
| | 3 स | र | स | री | |
| | | | मी | | 4 ब |
| 5 ना | 6 के | दा | र | | ड़ |
| | व | | | 7 सिं | ह |
| 8 ए | का | ए | क | | ल |

## सुडोकू -40

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | 1 | | 6 | | |
| | | 3 | 5 | | 8 | | | |
| 7 | | | | 2 | | | 9 | |
| 5 | 3 | | | 8 | | 2 | 7 | |
| 2 | | | 3 | | 5 | | | 6 |
| | 8 | 6 | | 9 | | | 4 | 3 |
| | 9 | | | 5 | | | | 8 |
| | | | 6 | | 4 | 9 | | |
| | | 5 | | 7 | | | | 1 |

### सुडोकू -39 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 3 | 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 9 |
| 5 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 | 3 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 8 | 9 | 4 | 1 | 7 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 8 | 9 | 5 | 7 | 4 |
| 3 | 7 | 5 | 2 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 |
| 7 | 3 | 2 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 जुलाई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 10.03 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 01.04 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** — आज आर्थिक क्षेत्र में आय एवं व्यय का संतुलन बना रहेगा। आगंतुक मेहमान से ग्रह खर्चे में वृद्धि होगी। श्रम संघर्ष दौड़ धूप के बावजूद लाभ कम होगा। रिश्तों में मजबूती आएगी। वैवाहिक जीवन में जीवनसाथी का प्यार और सहयोग मिलेगा।

**वृष** — आज का दिन आपके लिए चिंता भरा रहने वाला है कार्य क्षेत्र में आपको कुछ समस्या हो सकती हैं। आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा। घर में भोग विलास की सामग्री पर धन खर्च होगा। व्यापार में आय कम होने के योग हैं।

**मिथुन** — आज आपका कोई काम पूरा होने से कल आपको खुशी होगी जिस कारण आप किसी पूजा पाठ आदि का आयोजन कर सकते हैं। बैंक सेवा से जुड़े लोगों को धन एवं उपहार प्राप्त होंगे। व्यापार में आपकी सूझबूझ के कारण हानि लाभ में बदल जाएगी।

**कर्क** — आज आपके लिए स्वास्थ्य के लिए हाथ से कमजोर रहने वाला है। आपका मन-आप किसी बात को लेकर परेशान रहेगा जिसे लेकर आप जीवनसाथी से बातचीत कर सकते हैं। आर्थिक मामला में कोई भी निर्णय सोच विचार कर लें।

**सिंह** — आज व्यवसाय में आपको आपको कोई नया ऑफर मिल सकता है और आप किसी काम को लेकर यदि लंबे समय से परेशान चल रहे थे तो वह भी कल पूरा हो सकता है। आज आप अपना ऋण चुकाने में सफल होंगे।

**कन्या** — आज परिवार में यदि कोई वाद विवाद हो तो आप उसमें चुप लगाए नहीं तो वह बढ़ सकता है। आर्थिक लेनदेन में मामलों में सतर्कता रखें। जहां तक संभव हो अधिक धन न लें। घर में भौतिक सुख साधनों की वस्तु पर खर्च होगा। वाहन आदि का कार्य कर सकते हैं।

**तुला** — आज काम की अधिकता रहने के कारण आप थोड़ा परेशान रहेंगे, जिस कारण आप अपने परिवार के सदस्यों को समय थोड़ा काम देंगे। कार्य क्षेत्र में किसी अधीनस्थ लाभ होगा। आय बढ़ेगी। पैतृक धन संपत्ति मिलेगी।

**वृश्चिक** — आज आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य की बाधा दूर होने से रुका हुआ धन मिलेगा। बौद्धिक कार्य को करने वालों को विशेष सफलता मिलेगी। आपके परिवार में लोग आपकी बातों का पूरा मन रखेंगे जिसे देखकर आपको खुशी होगी।

**धनु** — आज नौकरी में अपेक्षित धन लाभ न होने से आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। धन किसी अनजान व्यक्ति को न दें अन्यथा वह लेकर भाग जाएगा। व्यापार में पिता से सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन का खर्चा सोच विचार कर करें। वाहन खरीद सकते हैं।

**मकर** — आज आमदनी कम खर्च अधिक होगा। आर्थिक क्षेत्र में पुराने आय स्रोतों पर अधिक ध्यान देना पड़ेगा। प्रेम संबंध में अत्यधिक धन व्यय होगा। नौकरी में कोई आपसी मतभेद होने से आपकी आय पर असर पड़ेगा। संतान के करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण लेना पड़ सकता है।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए आनंद में रहने वाला है आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। आर्थिक क्षेत्र में किए गए परिश्रम से सफलता प्राप्त होगी। पूर्व से रुका हुआ धन प्राप्त होगा। नवीन संपत्ति वाहन आदि खरीदने के योग बन सकते हैं।

**मीन** — आज आपको किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। व्यापार में अच्छी आय होने के योग हैं। नौकरी में पदोन्नति संग वेतन वृद्धि होगी। प्रेम संबंध में धन, मान का लाभ मिलेगा। उधार वापस मिलेगा। विदेश से धन एवं उपहार प्राप्त होंगे।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | तेरी कसम | सुबह : 08.40 |
| B4U Movies | हीरो | रात : 09.17 |
| &pictures | टॉयलेट | सुबह : 10.45 |
| &pictures | धमाल | रात : 07.30 |
| Sony Pix | हैनकॉक | सुबह : 11.23 |
| Sony Pix | लाइट आउट | शाम : 05.39 |
| Zee Cinema | सीटीमार | सुबह : 10.31 |
| Zee Cinema | ऑपरेशन जावा | रात : 08.00 |
| Colors Cineplex | जुर्माना | सुबह : 07.49 |
| Colors Cineplex | कुछ कुछ होता है | शाम : 05.58 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू का पांव केले के छिलके पर पड़ा और वो फिसल कर गिर गया...
सोनू उठा और फिर आगे चला, तो दूसरे छिलके में पांव पड़ा और फिर फिसल कर गिर गया...
सोनू फिर उठा और थोड़ा आगे और चला, तो उसे तीसरा छिलका दिख गया...
सोनू रोते- रोते बोला - धत तेरे की, अब फिर से फिसलना पड़ेगा...

पत्नी- मैंने जन्मदिन पर गिफ्ट में गहने मांगे और तुमने दिया "खाली डिब्बा कितनी शर्म आई मुझे फ्रेंड्स के आगे
रामू- शर्म ही तो औरतों का गहना है पगली।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2075, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1780, रविन्द्रा 1990, फॉर्चुन ली. 1630, जय जवान 1525, सचिन 1515, सूरज 1535, अवसर 1650, राग गोल्ड 1610, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1575, चक्र टिन 1890, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1910, स्वास्तिक 2045 **किराना (प्रतिकु.) :** हल्दी निजामाबाद 19500, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-25500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 **चावल (प्रति कु0) :** डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4800, खजाना 4800 **दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 10900, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10200-10900, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8300, लाल हिंदुस्तान 8400, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10800

## सर्राफा

बरेली

| | |
| --- | --- |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72700 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71700 |
| सिल्वर पक्की) | 905 (अनुमानित) |

# मुनाफावसूली से लुढ़का बाजार

## सेंसेक्स ने 426.87 और निफ्टी ने 108.75 अंक का लगाया गोता

मुंबई, एजेंसी

विश्व बाज़ार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली के दबाव में आज शेयर बाजार क़रीब आधे प्रतिशत तक लुढ़क गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 426.87 अंक अर्थात 0.53 प्रतिशत का गोता लगाकर 79,924.77 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 108.75 अंक यानी 0.45 प्रतिशत टूटकर 24,324.45 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.19 प्रतिशत उतरकर 47,450.68 अंक और स्मॉलकैप 0.69 प्रतिशत की गिरावट लेकर 53,779.98 अंक पर आ गया।







● निफ्टी की 27 कंपनियों में गिरावट जबकि 23 में तेजी रही

बीएसई में कुल 4021 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2576 में मुनाफावसूली जबकि 1363 में लिवाली हुई वहीं 82 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 27 कंपनियों में गिरावट जबकि 23 में तेजी रही। बीएसई में एफएमसीजी, तेल एवं गैस, हेल्थकेयर, पावर और यूटिलिटीज समूह की 0.69 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर शेष 15 समूहों में मुनाफावसूली हुई। इससे कमोडिटीज 0.87, सीडी 0.78, ऊर्जा 0.12, वित्तीय सेवाएं 0.34, इंडस्ट्रियल्स 0.62, आईटी 0.99, दूरसंचार 0.44, ऑटो 1.65, बैंकिंग 0.64, कैपिटल गुड्स 0.44, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.26, धातु 1.60, रियल्टी 0.07, टेक 0.76 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.25 प्रतिशत टूट गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.60, जर्मनी का डैक्स 0.79 और जापान का निक्केई 0.61 प्रतिशत मजबूत रहा।

## टाटा संस के सूर्य कांत यूएसआईएसपीएफ के निदेशक मंडल में

**वाशिंगटन।** भारत के कॉर्पोरेट क्षेत्र के दिग्गज एवं टाटा संस के वरिष्ठ सलाहकार सूर्य कांत यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के निदेशक मंडल में शामिल हो गए हैं। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मुकेश अघी ने कहा, सूर्य कांत का नेतृत्व रणनीतिक साझेदारी की रूपरेखा तैयार करने और उसका मार्गदर्शन करने में मदद करेगा। अमेरिका और भारत के बीच मजबूत साझेदारी को बढ़ावा देने में प्रौद्योगिकी स्टार्टअप और एसटीईएम शिक्षा की बदलती गतिशीलता को वह समझते हैं। सूर्य कांत ने एक बयान में कहा, भारत और अमेरिका के बीच संबंध लगातार मजबूत होते जा रहे हैं।

# एनबीएफसी की जानकारियों की गुणवत्ता पर जताई चिंता

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने कुछ गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) की तरफ से दी गई जानकारियों की गुणवत्ता पर चिंता जताते हुए लेखा परीक्षकों से उचित गुणात्मक जानकारी सुनिश्चित कराने को कहा है।

राव ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, वैधानिक ऑडिटर वित्तीय विवरणों में हितधारकों का विश्वास बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह बैंकिंग उद्योग के मामले में खासतौर पर महत्वपूर्ण है क्योंकि इसकी पूरी इमारत भरोसे पर बनी है और सबसे बड़े बाहरी हितधारक यानी जमाकर्ता विखंडित और असंगठित होते हैं।

उन्होंने मंगलवार को वाणिज्यिक बैंकों और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के वैधानिक लेखा परीक्षकों और मुख्य वित्त अधिकारियों (सीएफओ) के सम्मेलन में यह बात कही। डिप्टी गवर्नर ने कहा कि वित्तीय विवरणों का खुलासा पारदर्शिता की आधारशिला हैं क्योंकि ये प्रबंधन की जानकारी और बाहरी उपयोगकर्ता के बीच की खाई को पाटते हैं। व्यापक खुलासे और संक्षिप्तता के बीच संतुलन बनाना एक कठिन काम है।



● आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने उचित जानकारी सुनिश्चित कराने को कहा

## एआईबीओसी ने रूपम रॉय को फिर महासचिव चुना

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कनफेडरेशन (एआईबीओसी) ने रूपम रॉय को फिर से महासचिव चुना है। एआईबीओसी बैंक अधिकारियों की सबसे बड़ी यूनियन है। गुवाहाटी में आयोजित 13वीं त्रैवार्षिक आम परिषद की बैठक के दौरान बालचंद्रन पी एम को भी एआईबीओसी का फिर से अध्यक्ष चुना गया। एआईबीओसी ने बैठक में कहा कि इस कार्यक्रम में लगभग सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बैंक अधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी संबद्धों के लगभग 1,100 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, एआईबीओसी और सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकाउंटेबिलिटी (सीएफए) द्वारा संयुक्त रूप से मेरी ब्याज दर कहां है? शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की गई।

## इंफ्रास्ट्रक्चर बांड से एसबीआई ने 10,000 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक ने आज अपने छठे इंफ्रास्ट्रक्चर बांड के माध्यम से 7.36 प्रतिशत की कूपन दर पर 10,000 करोड़ रुपये जुटाए। बैंक ने यहां जारी बयान में कहा कि इस निर्गम को निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और 18,145 करोड़ रुपये से अधिक की बोलियां प्राप्त हुईं तथा यह 5,000 करोड़ रुपये के आधार निर्गम आकार के मुकाबले लगभग 3.6 गुना अधिक अभिदानित हुआ। प्राप्त बोलियों की कुल संख्या 120 थी, जो बोलियों की विविधता के साथ व्यापक भागीदारी को दर्शाती है।

# विकसित भारत का खाका पेश कर सकता है आने वाला बजट : रिपोर्ट

नयी दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस महीने पेश किये जाने वाले बजट में 2047 तक विकसित भारत के लिए खाका और राजकोषीय मजबूती के लिए मध्यम अवधि की योजना पेश कर सकती हैं। वैश्विक ब्रोकरेज कंपनी मॉर्गन स्टेनले ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया है। रिपोर्ट में कहा गया, राजकोषीय सूझ-बूझ वाले रुख के साथ हमारा अनुमान है कि राजस्व व्यय के मुकाबले पूंजीगत खर्च पर जोर बना रहेगा।

● वैश्विक ब्रोकरेज कंपनी मॉर्गन स्टेनले ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया

साथ ही भौतिक, सामाजिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे तक पहुंच में सुधार के साथ लक्षित सामाजिक क्षेत्र पर ध्यान दिया जाएगा।

सीतारमण 23 जुलाई को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश करेंगी। ब्रोकरेज कंपनी ने अनुमान जताया है कि चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा लक्ष्य जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के 5.1 प्रतिशत पर बना रहेगा। यह अंतरिम बजट में तय लक्ष्य के अनुरूप है। साथ ही सरकार अगले वित्त वर्ष तक इसे 4.5 प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य पर कायम रहेगी। वित्त वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.6 प्रतिशत था। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से अपेक्षा से अधिक लाभांश मिलने के साथ राजकोष के मोर्चे पर गुंजाइश बेहतर हुई है। इससे पूंजीगत व्यय की गति बनाये रखने और लक्षित कल्याणकारी उपायों पर खर्च बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## बीवाईडी ने एट्टो 3 को भारत में उतारा

**नई दिल्ली।** चीन की इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता बी वाई डी ने भारतीय बाजार में एट्टो 3 को लॉन्च करने की घोषणा की है जिसकी शुरुआती एक्स शोरूम कीमत 24.99 लाख रुपए है। कंपनी ने आज यहां कहा कि अब कंपनी इस ईवी के 2024 संस्करण को लाई है। इसके नए वेरिएंट के साथ ही ब्लैक संस्करण भी लॉन्च की गई है। यूरो एनसीएपी में सेफ्टी के लिए पांच स्टार हासिल करने वाली बीवाईडी की इस इलेक्ट्रिक एसयूवी को भारत में 24.99 लाख रुपये की एक्स शोरूम कीमत पर लॉन्च किया गया है। यह कीमत इसके डायनेमिक वेरिएंट की है।

# टाटा और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने घटाए एसयूवी के दाम

नई दिल्ली, एजेंसी

टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) की कीमतों में कटौती की है। एसयूवी की बिक्री बढ़ाने के प्रयास के तहत इन कंपनियों ने यह कदम उठाया है। टाटा मोटर्स ने अपनी प्रमुख एसयूवी हैरियर (14.99 लाख रुपये) और सफारी (15.49 लाख रुपये) की शुरुआती कीमतों में बदलाव किया है। अन्य लोकप्रिय एसयूवी मॉडल पर 1.4 लाख रुपये की कटौती की गई है।

टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने बयान में कहा, इलेक्ट्रिक वाहनों के संबंध में नेक्सन.ईवी पर की गई कटौती (1.3 लाख रुपये तक) ने इसे सबसे सुलभ बना दिया है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त पंच.ईवी के दाम में भी 30 हजार रुपये तक की कटौती की गई है। महिंद्रा एंड महिंद्रा के अनुसार, उसकी एक्सयूवी700 सभी सुविधाओं से लैस एएक्स7 की शुरुआती कीमत अब 19.49 लाख होगी। इसमें दो लाख रुपये से अधिक की कटौती गई है।

● बिक्री बढ़ाने के प्रयास के तहत इन कंपनियों ने यह कदम उठाया



## एक नजर

### समलैंगिक विवाह मामले में पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार करने के अपने फैसले के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई नई पीठ के गठन तक बुधवार को स्थगित कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ को आज (10 जुलाई) न्यायाधीश कक्ष में इस मामले पर सुनवाई करनी थी। इस बीच पांच सदस्यीय इस पीठ के सदस्य न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने मामले से अपने को अलग कर लिया। इस वजह से पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई नहीं हो सकी और नई पीठ के गठन होने तक इस मामले को स्थगित कर दिया गया। शीर्ष अदालत ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार करने वाला फैसला 17 अक्टूबर 23 को सुनाया था।

### बिभव कुमार की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह इस बारे में आदेश 12 जुलाई को सुनाएगा कि आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहायक बिभव कुमार को जमानत दी जाए या नहीं। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कुमार के वकील तथा दिल्ली पुलिस एवं मालीवाल की ओर से पेश वकीलों की दलीलें सुनने के बाद कुमार की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। पुलिस की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ने जमानत अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि जांच जारी है और 16 जुलाई को या उससे पहले आरोपपत्र दाखिल कर दिया जाएगा।

### शंभू बॉर्डर पर अवरोधक हटाने का कोर्ट का आदेश

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने हरियाणा सरकार को अंबाला के निकट शंभू बॉर्डर पर लगाए गए अवरोधक एक सप्ताह के भीतर हटाने का बुधवार को आदेश दिया। किसान अपनी मांगों को लेकर 13 फरवरी से वहां डेरा डाले हुए हैं। दरअसल संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों के समर्थन में जब दिल्ली की ओर बढ़ने की घोषणा की थी तब हरियाणा सरकार ने फरवरी में अंबाला-नयी दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवरोधक लगा दिए थे।

# केंद्र सरकार के नियंत्रण में काम करती है सीबीआई : उच्चतम न्यायालय

## पश्चिम बंगाल के वाद को विचारणीय बताते हुए केंद्र की आपत्ति को किया खारिज

नयी दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के एक वाद की विचारणीयता पर केंद्र की आपत्ति को खारिज करते हुए कहा कि सीबीआई केंद्र सरकार के नियंत्रण में काम करती है। न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में सहमति वापस लिए जाने के बाद भी सीबीआई के तफ्तीश करने के विरोध में राज्य द्वारा दायर मुकदमे की विचारणीयता पर केंद्र की आपत्ति को खारिज कर दिया। पश्चिम बंगाल सरकार ने सीबीआई को 16 नवंबर, 2018 को राज्य में मामलों की जांच करने या छापे मारने के लिए दी गई अनुमति को वापस ले लिया था।



शीर्ष अदालत ने कहा कि दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन अधिनियम, 1946 के एक प्रावधान के अनुसार भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के तहत अपराधों के मामलों को लेकर नियंत्रण केंद्रीय सतर्कता आयोग के पास है। न्यायालय ने डीएसपीई कानून के अनेक प्रावधानों का जिक्र करते हुए कहा, हम यह भी पाते हैं कि स्थापना, शक्तियों का प्रयोग, अधिकार क्षेत्र का विस्तार, डीएसपीई का नियंत्रण, सबकुछ भारत सरकार के पास है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने व्यवस्था दी थी कि मुकदमा विचारणीय है। पीठ ने कहा, ''हमारे विचार से सीबीआई एक शाखा या अंग है जिसकी स्थापना डीएसपीई कानून द्वारा लागू वैधानिक योजना के मद्देनजर भारत सरकार द्वारा की गई और वह भारत सरकार के अधीन है। पीठ ने अपने 74 पन्नों के फैसले में कहा, इतना ही नहीं, जिन अपराधों को केंद्र सरकार आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचित करती है, उनमें ही डीएसपीई द्वारा जांच की जा सकती है। इसने कहा कि डीएसपीई अधिनियम की धारा 4 के तहत, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराधों को छोड़कर, जिसमें अधीक्षण केंद्रीय सतर्कता आयोग के पास होगा, अन्य सभी मामलों में डीएसपीई का नियंत्रण केंद्र सरकार के पास होगा।

### बैल दौड़ प्रतियोगिता



पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में धान के खेत में बैल दौड़ प्रतियोगिता के दौरान प्रतियोगी। ● एजेंसी

# आदमी को ढोने की प्रथा की समाप्ति होगी बड़ी उपलब्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि जिस दिन एक आदमी द्वारा दूसरे आदमी को ढोने की प्रथा ( साइकिल रिक्शा से ढोने की प्रथा) समाप्त होगी, वह ऐतिहासिक दिन और उपलब्धि होगी। गडकरी ने भारत विकास परिषद के 62वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा देश के विभिन्न क्षेत्रों में अभी भी एक आदमी द्वारा दूसरे आदमी के ढोने की परम्परा कायम है और मैं इस परम्परा को समाप्त करने के लिए प्रयासरत हूं।



● भारत विकास परिषद के 62वें स्थापना दिवस के मौके पर बोले गडकरी

उन्होंने कहा इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए ई- रिक्शा और ई- कार्ट जैसे कदम उठाया है। जिस दिन हमारे देश से यह कुप्रथा समाप्त हो जाएगी, वह दिन मेरे जीवन का और हम सभी के लिए ऐतिहासिक दिन होगा।

# कठुआ हमले को लेकर 51 हिरासत में

जम्मू, एजेंसी

जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में हुए हमले में शामिल आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान एक ट्रक चालक और 50 अन्य लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। इस हमले में सेना के पांच जवान शहीद हो गए थे। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार यह ट्रक शुरू में माचेडी-किंडली-मल्हार पहाड़ी सड़क पर सेना के वाहनों के पीछे था।

सोमवार को हुए इस हमले में एक जूनियर कमीशंड अधिकारी सहित पांच सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे। टिप्पर चालक पर संदेह जताया गया है और अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या उसने पुलिया पर पास मांगकर जानबूझकर (सैन्य) काफिले के निकलने में देरी कराई थी। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, आमतौर पर इन इलाकों में सेना के वाहनों को प्राथमिकता दी जाती है, लेकिन टिप्पर ने फिर भी पास मांगा, जिससे दोनों वाहनों की गति धीमी हो गई।



● हमले में एक जूनियर कमीशंड अधिकारी सहित पांच सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे

अधिकारियों ने बताया कि चार जिलों के घने जंगलों में रुक-रुककर हो रही बारिश के बीच सेना और पुलिस का तलाश अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि अभियान कठुआ, उधमपुर और भद्रवाह से शुरू किया गया और इसके परिणामस्वरूप सुरक्षाबलों ने घात लगाकर किए गए हमले के सिलसिले में पूछताछ के लिए 50 लोगों को हिरासत में लिया है।

# बीएमसी ने बार में किए गए अनधिकृत निर्माण को ढहाया

मुंबई, एजेंसी

बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने शहर के उस बार में किए गए अनधिकृत निर्माण को ढहा दिया, जहां बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले का मुख्य आरोपी कथित तौर पर दुर्घटना को अंजाम देने से कुछ घंटे पहले गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बीएमसी ने जुहू स्थित वाइस-ग्लोबल तापस बार में यह कार्रवाई की और 3,500 वर्ग फुट के अवैध निर्माण को गिरा दिया।

● बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में बीएमसी ने की कार्रवाई

बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि के-वेस्ट वार्ड कार्यालय की टीम आज सुबह वाइस-ग्लोबल तापस बार पहुंची और उसके अंदर किए गए अनधिकृत निर्माण और बदलावों को ध्वस्त कर दिया। अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को बीएमसी ने बार का निरीक्षण किया था ताकि यह पता लगाया जा सके कि वहां कोई अनधिकृत निर्माण या बदलाव तो नहीं किया गया है।

# नीतीश ने पैर छूने की पेशकश कर शर्मिंदा किया

पटना, एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को यहां रोडवेज परियोजना का जिम्मा संभाल रही एक निजी कंपनी के एक प्रतिनिधि को पैर छूने की पेशकश कर शर्मिंदा करने की कोशिश की। पटना में जेपी गंगा पथ के दूसरे चरण का लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री जैसे ही वहां से चलने के लिए उठे तो सामने खड़े निर्माण एजेंसी के इंजीनियर से कहा कि तेजी से काम को पूरा करें। उन्होंने कहा कि जल्दी से जल्दी काम पूरा होना चाहिए.. कहिए तो आपके पैर भी छू लेंगे। कुमार इंजीनियर का पैर छूने के लिए जैसे ही आगे बढ़े, वहां मौजूद पथ निर्माण विभाग के सचिव प्रत्यय अमृत ने हाथ जोड़कर उनका रास्ता रोक लिया और ऐसा नहीं करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा तथा स्थानीय सांसद रवि शंकर प्रसाद भी मौजूद थे।



● निर्माण एजेंसी के इंजीनियर से कहा कि जल्दी काम पूरा होना चाहिए

बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने एक्स पर एक वीडियो फुटेज साझा करते हुए लिखा, एक कमजोर बेबस मुख्यमंत्री के कारण बिहार में होना वही है जो चंद सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारियों ने ठाना है क्योंकि अधिकारी भी जानते है कि ये 43 सीट वाली तीसरे नंबर की पार्टी के मुख्यमंत्री है।

## राहुल पर टिप्पणी करने वाले भाजपा विधायक पर रिपोर्ट

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर भाजपा के विधायक भरत शेट्टी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंगलुरु शहर पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने यहां संवाददाताओं को बताया कि मंगलुरु नगर निगम के कांग्रेस पार्षद के. अनिल द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद कवूर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई।

# बाल विवाह में शामिल लोगों को अभियोजित करने से समस्या का समाधान नहीं होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि बाल विवाह में संलिप्त लोगों को अभियोजित करने से इस समस्या का समाधान नहीं होगा क्योंकि इसके सामाजिक आयाम हैं। साथ ही, शीर्ष अदालत ने देश में बाल विवाह के मामलों में वृद्धि का आरोप लगाते हुए दायर की गई जनहित याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। केंद्र ने दलील दी कि राज्यों में जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस पर, शीर्ष अदालत ने कहा, ये कार्यक्रम, व्याख्यान जमीनी स्तर पर वास्तव में चीजें नहीं बदलते हैं।

● शीर्ष अदालत ने जनहित याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'सोसाइटी फॉर एनलाइटनमेंट एंड वॉलंटरी एक्शन' ने 2017 में शीर्ष अदालत में जनहित याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम को बखूबी लागू नहीं किया जा रहा है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील और केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी की दलीलें सुनीं और इसके बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने कहा, यह केवल अभियोजन का मामला नहीं है।

## खेल डायरी

### रचिन रविंद्र को न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के भारतीय मूल के क्रिकेटर रचिन रविंद्र को वनडे विश्व कप सहित पिछले एक साल में शानदार प्रदर्शन के कारण पहली बार केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया गया है। इस 24 वर्षीय ऑलराउंडर को उन 20 खिलाड़ियों में शामिल किया गया है जिन्हें न्यूजीलैंड क्रिकेट ने 2024-25 के सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध दिया है। तीन अन्य खिलाड़ियों बेन सियर्स, विल ओरूर्के और जैकब डफी को भी पहली बार न्यूजीलैंड के केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया है। अनुबंध पाने वाले खिलाड़ियों में फिन एलन, टॉम ब्लंडेल, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, हेनरी निकोल्स, विल ओरूर्के, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सेंटनर, बेन सियर्स, ईश सोढ़ी, टिम साउथी, विल यंग शामिल हैं।

### चयनकर्ता वहाब और रज्जाक बर्खास्त

**लाहौर।** पाकिसतान क्रिकेट बोर्ड ने टी-20 विश्वकप के निराशाजनक अभियान के बाद चयनकर्ताओं वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को बर्खास्त कर दिया है। रज्जाक पाकिस्तान की महिला टीम के भी चयनकर्ता थे और उन्हें पद से हटा दिया गया। इन दोनों की विदाई का आधिकारिक ऐलान इस सप्ताह के आखिर में होगा। वहाब को पीसीबी चैयरमैन मोहसिन नकवी का बहुत करीबी माना जाता है। वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को हटाए जाने के बाद पाकिस्तान की चयन समिति में मोहम्मद युसुफ, असद शफीक और डेटा एनालिस्ट बिलाल अफजल बचे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि चयन समिति का पुर्नगठन होगा और समिति में एक मुख्य चयनकर्ता भी होगा। इस चयन समिति के सदस्यों की संख्या भी सात से कम होगी। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान पिछले चार वर्षों में छह मुख्य चयनकर्ता देख चुका है।



### राष्ट्रपति मुर्मु ने साइना के साथ खेला बैडमिंटन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का खेलों के प्रति स्वाभाविक प्रेम तब देखने को मिला जब उन्हें बुधवार को राष्ट्रपति भवन के कोर्ट पर दिग्गज खिलाड़ी साइना नेहवाल के साथ बैडमिंटन खेलता देखा गया। राष्ट्रपति मुर्मु ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रेषित पर साइना नेहवाल के साथ बैडमिंटन खेलते हुए अपनी कुछ फोटो साझा करते हुए लिखा कि यह प्रेरणादायक कदम भारत के बैडमिंटन की दुनिया में एक पावर हाउस के रूप में उभरने के अनुरूप है, जिसमें महिला खिलाड़ी विश्व मंच पर बड़ा प्रभाव डाल रही हैं। उन्होंने कहा कि पद्म पुरस्कार विजेताओं की उनकी कहानी-मेरी कहानी व्याख्यान शृंखला के हिस्से के रूप में, साइना नेहवाल आज राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में एक व्याख्यान देंगी और दर्शकों से बातचीत करेंगी।

### डूरंड टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का राष्ट्रपति ने किया अनावरण

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित समारोह में डूरंड कप, प्रेसिडेंट्स कप और शिमला ट्रॉफियों का अनावरण किया। इस अवसर पर श्रीमती मुर्मु ने डूरंड कप टूर्नामेंट 2024 में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि फुटबॉल विश्व के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है। जब पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी हजारों प्रशंसकों के सामने खेलते हैं, तो खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि वे जीतें या हारें खेल में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए और उन्हें दूसरी टीमों का सम्मान करना चाहिए।

# भारत ने जिम्बाब्वे को 23 रनों से हराया

## तीसरे टी-20 में भारतीय कप्तान गिल ने जड़ा अर्धशतक, शृंखला में बनाई 2-1 की बढ़त



यशस्वी **36** रन

मैच के दौरान शॉट खेलते यशस्वी जयसवाल ● एजेंसी

हरारे, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल (66) और ऋतुराज गायकवाड़ (49) रनों की शानदार पारियों के बाद वॉशिंगटन सुंदर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारत ने बुधवार को तीसरे टी-20 मैच में जिम्बाब्वे को 23 रनों से हरा कर पांच मैचों की शृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली हैं।

183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने महज 3.1 ओवर में 19 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। वेस्ले मधेवीरे (1), तड़िवनाशे मारुमानी (13) और ब्रायन बेनेट (4) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद डिओन मेयर्स और कप्तान सिकंदर रजा ने पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने सिकंदर रजा (15) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसी ओवर की आखिरी पर सुंदर ने जोनाथन कैंपबेल (1) रन को भी आउट कर दिया। डिओन मेयर्स और क्लाइव मडांडे के बीच 77 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी करते हुए मैच का रुख मोड़ने का प्रयास किया। मडांडे ने 26 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुये 37 रन बनाए। डिओन मेयर्स ने 49 गेंदों मे सात चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद (65) रनों की पारी खेली। वेलिंग्टन मसाकाट्ज़ा 10 गेंदों में (18) रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन ही बना सकी और 23 रन से मुकाबला हार गई। भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर ने 15 रन देकर तीन विकेट लिये। आवेश खान को दो विकेट मिले। खलील अहमद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



शुभमन **66** रन

अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट खेलते कप्तान शुभमन गिल। ● एजेंसी

इससे पहले आज यहां भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यशस्वी जयसवाल और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 67 रन जोड़े। नौंवे ओवर में सिकंदर रजा ने यशस्वी जयसवाल को ब्रायन के हाथों कैच आउट कराकर जिम्बाब्वे को पहली सफलता दिलाई। जयसवाल ने 27 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से (36) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये पिछले मैच के शतकवीर अभिषेक शर्मा (10) सिकंदर रजा के शिकार बन गये। 18वें ओवर में मुजराबानी ने शुभमन गिल को रजा के हाथों कैच आउट करा कर जिम्बाब्वे के लिए तीसरा विकेट हासिल किया। गिल ने 49 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुये सर्वाधिक (66) रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ ने 28 गेंदों में 49 रन बनाए। संजू सैमसन सात गेंदों में (12) और रिंकू सिंह (1) रन पर नाबाद रहे। निर्धारित 20 ओवरों में भारत ने चार विकेट पर 182 रन बनाये और जिम्बाब्वे को जीत के लिए 183 रनों का लक्ष्य दिया।

**49** रनों की शानदारी खेल कर ऋतुराज ने भारत को कम स्कोर पर रुक जाने से बचाया

### स्कोर बोर्ड

| भारत 182/4 (20 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का बेनेट बो रजा | 36 | 27 | 4/2 |
| शुभमन गिल का रजा बो मुजरबानी | 66 | 46 | 7/3 |
| अभिषेक शर्मा का मरुमानी बो रजा | 10 | 9 | 1/0 |
| रुतुराज का माधेवेरे बो मुजरबानी | 49 | 28 | 4/3 |
| संजू सैमसन नाबाद | 12 | 7 | 2/0 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 8, गेंदबाजी : बेनेट 1-0-15-0, नगारवा 4-0-39-0, चतारा 3-0-30-0, मुजरबानी 4-0-25-2, रजा 4-0-24-2, मसाकाद्जा 3-0-25-0, माधेवेरे 1-0-19-0

| जिम्बाब्वे 159/6 (20 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| वेस्ली माधेवेरे का अभिषेक बो आवेश | 1 | 2 | 0/0 |
| ताडिवनाशे मरुमानी का दुबे बो खलील | 13 | 10 | 3/0 |
| ब्रायन बेनेट का बिश्नोई बो आवेश | 4 | 5 | 1/0 |
| डियोन मायर्स नाबाद | 65 | 49 | 7/1 |
| सिकंदर रजा का रिंकू बो सुंदर | 15 | 16 | 3/0 |
| कैंपबेल का स्थानापन्न (पराग) बो सुंदर | 1 | 2 | 0/0 |
| क्लाइव मेडांडे का रिंकू बो सुंदर | 37 | 26 | 2/2 |
| वेलिंगटन मसाकाद्जा नाबाद | 18 | 10 | 1/1 |

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : खलील 4-0-15-1, आवेश 4-0-39-2, बिश्नोई 4-0-37-0, सुंदर 4-0-15-3, अभिषेक 2-0-23-0, दुबे 2-0-27-0

## टी-20 विश्व कप में महत्वपूर्ण होगी पूजा की भूमिका : मंधाना

चेन्नई, एजेंसी



● वस्त्राकर द. अफ्रीका के खिलाफ पूरी शृंखला में शानदार प्रदर्शन किया

भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 शृंखला में किए प्रदर्शन से प्रभावित हैं और उनका मानना है कि बांग्लादेश में अक्टूबर में होने वाले टी-20 विश्व कप में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

वस्त्राकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 शृंखला में 8 विकेट लिए। उन्होंने तीसरे और अंतिम मैच में 13 रन देकर 4 विकेट हासिल किए जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने इस मैच में 10 विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की शृंखला 1-1 से बराबर की। मंधाना ने कहा पहले दो मैच में विकेट सपाट था और ऐसे में इस तरह का प्रदर्शन शानदार है। हमें उम्मीद है कि पूजा विश्व कप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह लंबी अवधि की शृंखला थी और एक गेंदबाज होने के नाते उसने जैसा प्रदर्शन किया उससे मैं हैरान हूं। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 के अलावा तीन वनडे और एक टेस्ट मैच भी खेला।

## एटकिंसन ने लिए 7 विकेट वेस्टइंडीज 121 रन पर ढेर

**लंदन।** पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज गस एटकिंसन के सात विकेट से इंग्लैंड ने बुधवार को यहां पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन वेस्टइंडीज को पहली पारी में 121 रन पर समेट दिया। इंग्लैंड ने जवाब में चाय तक एक विकेट पर 30 रन बना लिए थे। सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली 24 जबकि ओली पोप एक रन बनाकर क्रीज पर थे।

इंग्लैंड की टीम वेस्टइंडीज से 91 रन पीछे जबकि उसके नौ विकेट शेष हैं। मेजबान टीम ने एकमात्र विकेट बेन डकेट (03) का गंवाया जिन्होंने जेडन सील्स की गेंद पर विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा को कैच थमाया। इससे पहले एटकिंसन ने टेस्ट पदार्पण करते हुए सात विकेट चटकाए जिससे वेस्टइंडीज की टीम 41.4 ओवर में पवेलियन लौट गई। एंडरसन, वोक्स और बेन स्टोक्स ने भी एक-एक विकेट चटकाया। वेस्टइंडीज की ओर से पदार्पण कर रहे मिखाइल लुई ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। एलिक एथानाजे (23) और केवेम हॉज (24) भी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे।

## भारतीय क्रिकेट को सुनहरे दिन देने वाले गावस्कर 75 वर्ष के हुए

नई दिल्ली, एजेंसी



● बीसीसीआई समेत भारतीय खेल जगत के दिग्गजों ने दी लिटिल मास्टर को बधाई

अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज और पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर को उनके 75वें जन्मदिन पर शुभकामनाओं का तांता लगा रहा और उनकी कलात्मक बल्लेबाजी को याद किया गया। गावस्कर को क्रिकेट जगत के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में गिना जाता है। वह टेस्ट क्रिकेट में 10000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने थे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने 'एक्स' पर लिखा जन्मदिन की शुभकामनाएं, सुनील गावस्कर। आपकी बल्लेबाजी तकनीक इतनी बेहतरीन थी कि आप आक्रामक और रक्षात्मक दोनों तरह से समान रूप से खेल सकते थे। हर चीज के लिए शुभकामनाएं। गावस्कर क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद कमेंटेटर बन गए जिसमें उन्होंने अपार सफलता हासिल की। उन्हें दुनिया के सबसे सम्मानित कमेंटेटरों में गिना जाता है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गावस्कर को बधाई देते हुए लिखा लिटिल मास्टर आज 75 साल के हो गए। भारतीय टीम की बल्लेबाजी क्रांति का मार्ग प्रशस्त करने वाले गावस्कर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

## भारतीय हैंडबॉल टीम में लखनऊ के सुयश सहित प्रदेश के चार खिलाड़ी चयनित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. के मो. तौहीद को जयपुर में आयोजित यूथ व जूनियर पुरुष आईएचएफ ट्रॉफी जोन 2 एशिया के लिए चयनित भारतीय यूथ हैंडबॉल टीम का कोच बनाया गया है। टूर्नामेंट के लिए चयनित भारतीय टीम में जगह बनाने वाले यूपी के चार खिलाड़ियों में से लखनऊ के सुयश अवस्थी और गोरखपुर के मनीष यादव का चयन यूथ टीम में किया गया है। वहीं, गोरखपुर के ज्ञान गौरव और मानवेंद्र यादव का चयन भारतीय जूनियर हैंडबॉल टीम के लिए किया गया है।



भारतीय हैंडबॉल खिलाड़ियों के साथ टीम के कोच।

भारतीय टीम में उप्र के चार खिलाड़ियों के चयन पर उप्र हैंडबाल संघ की अध्यक्षा अलका दास, महासचिव डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय, कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह और संयुक्त सचिव डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी सहित सभी पदाधिकारियों ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। हैंडबॉल इंडिया के महासचिव तेजराज सिंह ने भारतीय टीम की घोषणा करते हुए बताया कि यूथ व जूनियर पुरुष आईएचएफ ट्रॉफी जोन 2 एशिया प्रतियोगिता 10 से 14 जुलाई तक जयपुर राजस्थान में होगी।

# रिबाकिना सेमीफाइनल में पहुंचीं

लंदन, एजेंसी

पूर्व चैंपियन एलेना रिबाकिना ने बुधवार को यहां एलिना स्वितोलिना को सीधे सेट में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

वर्ष 2022 की चैंपियन रिबाकिना ने 21वीं वरीय स्वितोलिना को क्वार्टर फाइनल में 6-3, 6-2 से हराया। चौथी वरीय रिबाकिना महिला एकल में बची शीर्ष वरीय खिलाड़ी हैं। पच्चीस साल की इस खिलाड़ी की ऑल इंग्लैंड पर 21 मैच में यह 19वीं जीत है। रिबाकिना सेमीफाइनल में 31वीं वरीय बारबरा क्रेसिकोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने दो पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन के बीच हुए मुकाबले में 13वीं वरीय येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। रोलां गैरो पर 2021 की विजेता क्रेसिकोवा दूसरे सेट में 1-4 से पिछड़ रहीं थी लेकिन वापसी करते हुए जीत दर्ज करने में सफल रहीं।



जीत के बाद दर्शकों का अभिवादन करतीं एलेना रिबाकिना। ● एजेंसी

### डि मिनोर हटे, जोकोविच सेमीफाइनल में पहुंचे

**लंदन।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कूल्हे की चोट के कारण बुधवार को एलेक्स डि मिनोर के हटने पर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलिया के नौवें वरीय डि मनोर ने सेंटर कोर्ट पर जोकोविच के खिलाफ होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले से घंटों पहले टूर्नामेंट से हटने की घोषणा की। डि मिनोर ने कहा बेशक यह वह घोषणा नहीं है जो मैं करना चाहता था। मैं टूट चुका हूं। उन्होंने बताया कि सोमवार को चौथे दौर में आर्थर फिल्स पर जीत के दौरान उन्होंने क्रैक की आवाज सुनी थी। जब वह मैच समाप्त हुआ तो डि मिनोर सावधानी से नेट की ओर गए लेकिन बाद में मीडिया से बात करते समय उन्होंने स्थिति की गंभीरता को कम करके आंका।

## अल्कराज और मेदवेदेव ने जीते क्वार्टर फाइनल मुकाबले



**लंदन।** स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्कराज और रूस के पांचवें वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव बुधवार को विंबलडन चैंपियनशिप में अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले जीत गये। क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 21 वर्षीय अल्कराज ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए अमेरिका के टॉमी पॉल को 5-7, 6-4, 6-2, 6-2 से हराया। मैच के बाद अल्कराज ने कहा पहला सेट हारने के बाद मैंने अपने आपको मानसिक रूप से मजबूत किया। यह मेरे लिए थोड़ा मुश्किल था, लेकिन मुझे पता था कि यह एक लंबा मैच है। मैंने अगले सेट में जीत हासिल की और मैं खुश हूं। वहीं दूसरे क्वार्टरफाइनल में 28 वर्षीय मेदवेदेव ने दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी जैनिक सिनर को 6-7(7), 6-4, 7-6(4), 2-6, 6-3 से हराने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। इस जीत के साथ ही मेदवेदेव ने 22 वर्षीय इटली के खिलाड़ी के खिलाफ लगातार पाँच मैच हारने का सिलसिले को खत्म किया। चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में अल्कराज और मेदवेदेव के बीच मुकाबला होगा।

## बॉलीवुड हलचल

### पूजा ने पूरी की फिल्म देवा की शूटिंग



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अपनी आने वाली एक्शन-थ्रिलर फिल्म देवा की शूटिंग पूरी कर ली है। पैन इंडिया स्टार पूजा हेगड़े, जिनका 2024 का कैलेंडर काफी रोमांचक और व्यस्त है। पूजा हेगड़ ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन-थ्रिलर देवा की शूटिंग पूरी कर ली है। रॉय कपूर फिल्म्स और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित इस फिल्म में पूजा हेगड़े के साथ शाहिद कपूर भी हैं। शूटिंग पूरी होने के बाद पूजा ने निर्देशक रोशन एंड्रयूज और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर तथा क्रू के साथ मिलकर केक काटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। इससे पहले, पूजा ने फिल्म सूर्या 44 के लिए सुंदर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक शूटिंग शेड्यूल भी पूरा किया था, जिसमें वह प्रसिद्ध अभिनेता सूर्या के साथ अभिनय कर रही हैं। देवा अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है, और फैंस इस रोमांचक एक्शन से भरपूर फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। देवा और सूर्या 44 के अलावा पूजा हेगड़े नाडियाडवाला ग्रैंडसन की सनकी और कुछ अघोषित प्रोजेक्ट्स में भी नजर आएंगी।

### करण और बादशाह के साथ नजर आएगी नोरा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही, गायक करण औजला और बादशाह के साथ नए प्रोजेक्ट में नजर आएगीं। नोरा फतेही ने अपने खास डांस कौशल और आकर्षक स्क्रीन उपस्थिति के साथ मनोरंजन की दुनिया में अपने लिए एक जगह बनाई है। वह जो भी काम चुनती है उसमें सर्वश्रेष्ठ लाने में कोई कसर नहीं छोड़ती। हाल ही में नोरा से पूछा गया कि जब उनका नाम फिल्म बैड न्यूज के वायरल गाने तौबा-तौबा के लिरिक्स में शामिल किया गया, जिसने इंटरनेट पर धूम मचा दी, तो उन्हें कैसा लगा। नोरा ने कहा, मैं घबरा गई! मैंने करण औजला का नया गाना सुना, और मुझे लगा कि यह मेरा नाम है। लेकिन क्या वह मेरा जिक्र कर रहा है या किसी और नोरा का, मेरा और उसका और बादशाह का एक ग्रुप है। और मैंने पूछा करण, क्या तुम मेरा जिक्र कर रहे हो? और वह बोला हाँ! बिल्कुल तुम! मैंने कहा करण, मैं आधिकारिक तौर पर अब इतिहास और पॉप कल्चर का हिस्सा हूँ, तुम्हारा शुक्रिया!



# फ्रांस को हराकर फाइनल में पहुंचा स्पेन

बर्लिन, एजेंसी

युवा सनसनी लैमिन यामल और दानी ओल्मो के शानदार गोलों की बदौलत स्पेन ने फ्रांस पर 2-1 की रोमांचक जीत दर्ज करते हुए यूरो 2024 के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

मैच के दौरान मैदान पर स्पेन के 16 वर्षीय यामल ने विलक्षण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए गोल दागकर अपनी टीम की मैच में वापसी कराई और इसके साथ ही यूरोकप में सबसे कम उम्र के गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में अपना नाम इतिहास में दर्ज करा लिया। स्पेन ने मैच की शुरुआत शानदार तरीके से की। लेकिन नौंवें मिनट में काइलियन एमबाप्पे के बेहतरीन पास रैंडल कोलो मुआनी ने हेडर के जरिए गोल दागकर फ्रांस को बढ़त दिलाई। इसके चार मिनट बाद स्पेन डैनी ओल्मो ने फ्रांसीसी रक्षापंक्ति को भेदते हुए गेंद को नेट में डालकर मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया। दूसरे हाफ में फ्रांस ने वापसी का प्रयास करते हुए कई हमले किए। स्पेन ने दबाव को झेलते हुए मजबूत रक्षात्मक रुख अपनाया। मैच में आखिर तक स्पेन की रक्षापंक्ति ने मजबूती से डटे रहकर फाइनल में प्रवेश किया।



मैच के दौराल गोल दागता स्पेन का खिलाड़ी। ● एजेंसी

### सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी बने यामल

**म्यूनिख।** लैमिन यामल यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। स्पेन की तरफ से 16 वर्ष के यामल ने 21वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। इसके चार मिनट बाद डैनी ओल्मो ने निर्णायक गोल किया। यामल ने मैच के बाद कहा, शुरू में गोल खाने के बाद हम मुश्किल स्थिति में थे। मैंने सिर्फ गेंद पर कब्जा किया और उसे सही तरह से गोल में डाला। मैं बहुत खुश हूं। मैं बहुत अधिक नहीं सोचता हूं। बस अपने खेल का आनंद लेता हूं और टीम की मदद करने की कोशिश करता हूं। मैं गोल करके और टीम की जीत से बहुत खुश हूं। स्पेन की निगाह रिकॉर्ड चौथे खिताब पर टिकी हैं। रविवार को फाइनल में इंग्लैंड या नीदरलैंड का सामना करेगा।

### मेसी ने दागा 109वां गोल अर्जेंटीना फाइनल में

**ईस्ट रदरफोर्ड (न्यू जर्सी)।** लियोनेल मेसी के अपने करियर के 109वें अंतर्राष्ट्रीय गोल और वर्तमान टूर्नामेंट के पहले गोल के दम पर गत चैंपियन अर्जेंटीना ने कनाडा को 2-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंटके फाइनल में प्रवेश किया। अर्जेंटीना की तरफ से जूलियन अल्वारेज़ ने 22वें मिनट में पहला गोल किया जबकि मेसी ने 51वें मिनट में एन्जो फर्नांडीज के शॉट को गोल में भेज कर उसकी बढ़त दोगुनी की। मेसी के सामने तब गोलकीपर मैक्सिम क्रेप्यू थे लेकिन इस स्टार फुटबॉलर के आगे उनकी एक नहीं चली। मेसी ने अर्जेंटीना के लिए अपने पिछले 25 मैचों में 28 गोल किए हैं। वह कोपा अमेरिका में अब तक 14 गोल कर चुके हैं जो रिकॉर्ड से तीन गोल कम हैं। अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में मेसी से अधिक गोल पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम पर दर्ज हैं जिन्होंने अभी तक 130 गोल किए हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## अंतरिक्ष से आई तस्वीर



नासा ने बुधवार को कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं, जिसमें अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर का दिखाई दे रहे हैं। दोनों ने अंतरिक्ष से विज्ञानियों से संवाद किया। नासा ने कहा है कि दोनों की वापसी में देरी हो गई है, लेकिन उनके लिए लंबे समय तक के लिए पर्याप्त आपूर्ति मौजूद है। एजेंसी

## यूएई में भारतीय मूल के डॉक्टर ने किया बच्ची का यकृत प्रतिरोपण

दुबई। भारतीय मूल के एक डॉक्टर ने चार साल की बच्ची का सफलतापूर्वक यकृत (लिवर) प्रतिरोपण किया है जो यूएई में अपनी तरह का पहला ऑपरेशन है। जीवित दानदाता का यकृत लेकर बच्ची में प्रतिरोपण किया गया है। बुर्जील मेडिकल सिटी (बीएमसी) में डॉ. रेहान सैफ के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक टीम ने इस महत्वपूर्ण सर्जरी को अंजाम दिया। अबू धाबी में जन्मी रजिया खान को प्रोग्रेसिव फैमिलियल इंट्राहेपेटिक कोलेस्टेसिस टाइप 3 (पीएफआईसी) नामक एक दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी थी। रजिया के परिवार को पीएफआईसी के घातक परिणाम की जानकारी थी क्योंकि उनकी पहली बेटी की तीन साल पहले इसी बीमारी से भारत में मौत हो गई थी।

# एलएसी पर भारत के साथ सहयोग को चीन तैयार

बीजिंग, एजेंसी



विदेश मंत्री वांग यी



अजीज डोभाल

- चीन के विदेश मंत्री ने अजीत डोभाल के समक्ष रखा प्रस्ताव

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से कायम सीमा विवाद के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीनी स्थिति से संबंधित मुद्दों को ठीक से संभालने के लिए भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की है।

डोभाल को भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और भारत-चीन सीमा मुद्दे के लिए विशेष प्रतिनिधि के रूप में उनकी पुनर्नियुक्ति पर बधाई संदेश में वांग ने कहा कि चीन और भारत एक ऐसा रिश्ता साझा करते हैं जो द्विपक्षीय सीमाओं से परे है और वैश्विक महत्व बढ़ाने वाला है। वांग विदेश मंत्री के अलावा भारत-चीन सीमा वार्ता प्रणाली के लिए चीन के विशेष प्रतिनिधि भी हैं। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग ने मंगलवार को डोभाल को भेजे अपने संदेश में कहा कि दुनिया में दो सबसे अधिक आबादी वाले विकासशील देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के रूप में चीन और भारत एक ऐसा रिश्ता साझा करते हैं जो द्विपक्षीय सीमाओं से परे व बढ़ते वैश्विक महत्व वाला है। वांग ने हाल में कजाकिस्तान के अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से इतर एस जयशंकर से मुलाकात की थी। भारत में हाल में हुए आम चुनावों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी सरकार के गठन के बाद यह भारतीय और चीनी अधिकारियों के बीच पहली उच्च स्तरीय बैठक थी।

भारत-चीन की 3,488 किलोमीटर तक फैली सीमा के जटिल विवाद से व्यापक तौर पर निपटने के लिए 2003 में गठित, विशेष प्रतिनिधि तंत्र का नेतृत्व भारत के एनएसए और चीनी विदेश मंत्री करते हैं। गलवान में हिंसक झड़प के बाद 5 मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा होने के बाद से व्यापार को छोड़कर दोनों देशों के बीच संबंध एक नए निचले स्तर पर पहुंच गए। अब तक कोर कमांडर स्तर की 21 दौर की बातचीत की है। 22वीं बैठक होने वाली है।

### भारत कई इलाकों से पीछे हटने का बना रहा है दबाव

चीनी सेना के अनुसार, दोनों पक्ष अब तक पूर्वी लद्दाख में चार बिंदुओं- गलवान घाटी, पैंगोंग झील, हॉट स्प्रिंग्स और जियानन दबन (गोगरा) से पीछे हटने पर सहमत हुए हैं। भारत पीएलए पर देपसांग और डेमचोक इलाकों से सेना हटाने का दबाव बना रहा है। उसका कहना है कि जब तक सीमाओं की स्थिति असामान्य बनी रहेगी तब तक चीन के साथ उसके संबंधों में सामान्य स्थिति की बहाली नहीं हो सकती। चीन का अपना पक्ष है कि सीमा का प्रश्न संपूर्ण चीन-भारत संबंधों का प्रतिनिधित्व नहीं करता, और इसे द्विपक्षीय संबंधों में उचित रूप से रखा जाना चाहिए एवं ठीक से संभाला जाना चाहिए।

## एक नजर

### ईरान के नए राष्ट्रपति 30 जुलाई को लेंगे शपथ

तेहरान। ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान 30 जुलाई को शपथ लेंगे। ईरानी संसद के प्रेसिडियम के सदस्य मोजतबा यूसेफी ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईरानी समाचार एजेंसी आईएसएनए ने यूसेफी के हवाले से कहा 14वां चुनाव जीतने वाले राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण समारोह 30 जुलाई को होगा। पेजेशकियान (69) ने 5 जुलाई को हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की और देश के नौवें राष्ट्रपति बने। पेजेशकियान कुल 30,510,157 वोट में से 16,384,403 वोट हासिल किए और उनके प्रतिद्वंदी सईद जलीली को 13,538,179 वोट मिले। पेजेशकियान पेशे से हृदय के सर्जन हैं।

### सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत, 7 घायल

जोहान्सबर्ग। दक्षिण अफ्रीका में गौतेंग प्रांत के मेराफोंग स्थानीय नगर पालिका में बुधवार सुबह एक मिनीबस और ट्रक की टक्कर में 12 विद्यार्थियों सहित 13 लोगों की मौत हो गई तथा सात अन्य घायल हो गए। प्रांत में शिक्षा, खेल, कला, संस्कृति एवं मनोरंजन के लिए कार्यकारी परिषद के सदस्य माटोम चिलोएन ने बताया कि छात्रों को ले जा रही एक मिनीबस को सुबह करीब 6:45 बजे एक पिकअप ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह पलट गयी और उसमें आग लग गयी। चिलोएन ने बताया कि बस में सवार 11 छात्र रॉकलैंड्स प्राइमरी स्कूल से थे और एक कार्लटनविले के लार्सकूल ब्लिवूरुइट्सिग से था।

### रूस यूक्रेन संघर्ष में 600 यूक्रेनी सैनिक मारे गये

मास्को। रूस के दक्षिणी सैन्य समूह के साथ पिछले 24 घंटों के दौरान संघर्ष में यूक्रेन सशस्त्र बलों के करीब 600 सैनिक मारे गये। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने लगभग 600 सैनिक, छह वाहन, दो 152-मिमी डी-20 बंदूकें और दो अमेरिका निर्मित 105-मिमी एम119 हॉवित्जर तोप नष्ट हो गये। रूस के सैन्य समूह के बलों ने पांच यूक्रेनी जवाबी हमलों को विफल कर दिया है। इस दौरान यूक्रेन के करीब 510 सैनिकों की मौत हो गई है। यूक्रेन के रूस के जैपैड (पश्चिम) सैन्य समूह के साथ लड़ाई में 495 सैनिक मारे गये हैं।


# आर्थिक सहयोग बढ़ाएंगे भारत-ऑस्ट्रिया

## ऑस्ट्रिया के चांसलर ने कहा- रूस और यूक्रेन शांति प्रक्रिया में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण

वियना, एजेंसी

भारत एवं ऑस्ट्रिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान कर आर्थिक, शैक्षणिक एवं उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग को विस्तार देने का फैसला किया तथा इसके साथ ही दोनों देशों ने यूक्रेन में युद्धविराम एवं शांति स्थापित करने के लिए मिल कर काम करने का संकल्प जताया। वियना की यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के बीच यहां चांसलरी भवन में आयोजित द्विपक्षीय शिखर बैठक में दोनों देशों के बीच के रिश्तों में नयी ऊर्जा का संचार हुआ। इस दौरान उन्होंने ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर से भी मुलाकात की।


किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया की यात्रा 41 साल बाद हो रही है। बैठक के बाद मोदी ने कहा मेरी यह यात्रा ऐतिहासिक भी है और विशेष भी है। ये भी सुखद संयोग है कि ये यात्रा उस समय हो रही है जब हमारे आपसी संबंधों के 75 साल पूरे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा लोकतंत्र और कानून का राज जैसे मूल्यों में साझा विश्वास, हमारे संबंधों की मजबूत नींव हैं। आपसी विश्वास और समान हितों से हमारे रिश्तों को बल मिलता है। आज मेरे और चांसलर नेहमर के बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई। हमने आपसी सहयोग को और मज़बूत करने के लिए नई संभावनाओं की पहचान की है। हमने निर्णय लिया है कि संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान की जाएगी।



ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति से हाथ मिलाते प्रधानमंत्री मोदी।



वियना में बैठक में मोदी के साथ उपस्थित जयशंकर।



मोदी संग सेल्फी लेते चांसलर नेहमर।

- यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया में चल रहे विवादों पर की चर्चा

### जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद जैसी चुनौतियां सामने खड़ी

मोदी ने कहा कि आज मानवता के सामने जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद जैसी चुनौतियों पर भी हमने विचार साझा किये। जलवायु के विषय में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठजोड़, आपदारोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठजोड़ (सीडीआरआई), बॉयोफ्यूल अलायन्स जैसी हमारी पहलों से जुड़ने के लिए हम ऑस्ट्रिया को आमंत्रित करते हैं। हम दोनों आतंकवाद की कठोर निंदा करते हैं। हम सहमत हैं कि ये किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। इसको किसी तरह भी न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता। हम संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार के लिए सहमत हैं।

### यूक्रेन में युद्ध समाप्त होना चाहिए

चांसलर नेहमर ने अपने वक्तव्य में बैठक के बारे में कहा प्रधानमंत्री मोदी और मैं सहमत हैं कि पश्चिम और वैश्विक दक्षिण के देशों को स्विट्जरलैंड में शांति शिखर सम्मेलन में चुने गए रास्ते को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट होना चाहिए। इस संबंध में भी भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। यूक्रेन में युद्ध समाप्त होना चाहिए। ऑस्ट्रिया हर संभव प्रयास करेगा और संवाद स्थल के रूप में भी काम करने के लिए तैयार है। नेहमर ने कहा, मोदी और मैं आर्थिक संबंधों को और मजबूत करेंगे।


### बिजनेस फोरम महत्वपूर्ण योगदान देगा

मोदी ने कहा कि वियना में आज का बिजनेस फोरम महत्वपूर्ण योगदान देगा और हमारे आर्थिक सहयोग को बढ़ाएगा। विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में हम ऑस्ट्रियाई और भारतीय तकनीकी विश्वविद्यालयों के बीच एक महत्वपूर्ण सहयोग समझौते के बहुत करीब हैं। फार्मास्यूटिकल्स, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, डिजिटल बुनियादी ढांचे और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में साझेदारी करेंगे।

# कोई गलती न करें, रूस युद्ध में विफल हो रहा है : बाइडेन

वाशिंगटन, एजेंसी

- नाटो की 75वीं वर्षगांठ पर यूक्रेन को वायु-रक्षा उपकरण दान में देने की ऐतिहासिक घोषणा की



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मंगलवार को यूक्रेन के लिए वायु-रक्षा उपकरण दान में देने की ऐतिहासिक घोषणा की और कहा कि रूस इस युद्ध में विफल हो रहा है। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के लिए नाटो सदस्य देशों के नेताओं का स्वागत करते हुए बाइडेन ने कहा कि अमेरिका, जर्मनी, नीदरलैंड, रोमानिया और इटली, यूक्रेन को पांच अतिरिक्त, सामरिक रूप से महत्वपूर्ण वायु-रक्षा प्रणाली उपलब्ध कराएंगे।

आगामी महीनों में अमेरिका और उसके साझेदारों की यूक्रेन को कई अतिरिक्त वायु-रक्षा प्रणालियां उपलब्ध कराने की योजना है। उन्होंने बताया कि अमेरिका यह सुनिश्चित करेगा कि जब ''हम अहम वायु-रक्षा प्रणालियां भेजें तो यूक्रेन अग्रिम मोर्चे पर हो। बाइडेन ने कहा रूस के 3,50,000 से अधिक सैनिक मारे जा चुके हैं या घायल हो गए हैं, करीब 10 लाख रूसी नागरिक, जिनमें से कई युवा लोग हैं, वे रूस छोड़कर जा चुके हैं क्योंकि उन्हें अपने देश में कोई भविष्य नहीं दिखता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा हम जानते हैं कि पुतिन यूक्रेन में रुकेंगे नहीं। लेकिन कोई गलती भी न करें, यूक्रेन पुतिन को रोक सकता है और रोकेगा।

### मेरे प्रोत्साहन के बिना नाटो गठबंधन नहीं होता : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान अन्य सदस्य देशों को अपना योगदान बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित न किया होता तो आज नाटो गठबंधन नहीं होता। ट्रंप ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल के माध्यम से कहा है कि अगर मैं राष्ट्रपति नहीं होता, तो शायद अब तक नाटो नहीं होता।

## भारतीय मूल के दो नागरिकों को धोखाधड़ी के लिए जेल

सिंगापुर। भारतीय मूल के दो सिंगापुरी नागरिकों को यहां की एक अदालत ने कम से कम 50 कंपनी के जरिए लोगों से धोखाधड़ी करने के मामले में दोषी ठहराते हुए अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई है। उप लोक अभियोजक मैथ्यू चू ने अदालत को बताया कि दोषी की दो कंपनी क्वाट्र्ज रिसोर्सेज और किओरा वर्ल्डवाइड को बैंक खातों के जरिए धन प्राप्त हुआ जिसमें चीन और संयुक्त अरब अमीरात से लेनदेन भी शामिल है। स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर में बताया गया कि ईशान शर्मा (34) को चार सप्ताह जेल की सजा सुनाई गई है जिस पर आरोप है कि उसने अपने दोस्त कांधिबन लेचुमननसामी (36) को उपरोक्त दोनों कपनियों में सिर्फ नाम का निदेशक बनाया और उसे कंपनी के कामकाज में दखल नहीं देने के लिए कहा।

# हम कभी भी सेना में भारतीयों को भर्ती नहीं करना चाहते थे

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस ने कहा कि वह रूसी सेना में सहायक कर्मी के रूप में भर्ती किए गए भारतीयों की वापसी के भारत के आह्वान से संबंधित मुद्दे के शीघ्र समाधान की उम्मीद कर रहा है। उसने कहा कि उनकी भर्ती पूरी तरह से एक व्यावसायिक मामला है।

रूस के दूतावास प्रभारी रोमन बाबुश्किन ने कहा कि मॉस्को कभी नहीं चाहता था कि भारतीय उसकी सेना का हिस्सा बनें और संघर्ष के संदर्भ में उनकी संख्या नगण्य है। उन्होंने कहा हम इस मुद्दे पर भारत सरकार के साथ हैं। हमें उम्मीद है कि इस मुद्दे का जल्द समाधान होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया, जिसके बाद रूस ने रूसी सेना में सहायक कर्मियों के रूप में कार्यरत भारतीय नागरिकों की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने का वादा किया था और इसके एक दिन बाद बाबुश्किन का बयान आया। बाबुश्किन ने कहा कि इस मुद्दे को राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा हम पूरी तरह स्पष्ट कर देते हैं कि हमने कभी नहीं चाहा कि भारतीय रूस की सेना में शामिल हों। आप इस पर रूस के अधिकारियों द्वारा कभी कोई घोषणा नहीं देखेंगे।



- रूस के दूतावास प्रभारी रोमन बाबुश्किन ने मुद्दे के शीघ्र समाधान की उम्मीद जताई

## हूती विद्रोहियों का तीन अमेरिकी, इजराइली जहाजों पर हमला

सना। यमन के हूती विद्रोही समूह अरब सागर और अदन की खाड़ी में अमेरिका तथा इजराइल के स्वामित्व वाले तीन जहाजों पर हमले का किया है। अल-मसीरा टीवी ने मंगलवार को हूती प्रवक्ता याह्या सरिया के हवाले से बताया कि अमेरिका और इजरायल के जहाज माएर्स्क सेंटोसा, मार्थोपोलिस तथा एमएससी पटनारी को निशाना बनाया गया।

उन्होंने कहा कि पहले अभियान में अरब सागर में अमेरिकी जहाज, माएर्स्क सेंटोसा को कई बैलिस्टिक और अन्य मिसाइलों से निशाना बनाया गया जबकि दूसरे अभियान में अरब सागर में जहाज, मार्थोपोलिस को ड्रोन से निशाना बनाया गया क्योंकि यह जहाज इज़रायली बंदरगाह की ओर जा रहा था। उन्होंने कहा कि तीसरे अभियान में 'अदन की खाड़ी में इजरायली जहाज एमएससी पटनारी को कई ड्रोन से निशाना बनाया गया।

# सेना ने गाजा सिटी को तुरंत खाली करने का दिया आदेश

यरूशलम, एजेंसी

इजराइली सेना ने सभी फिलिस्तीनियों को गाजा सिटी को तुरंत खाली कर दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया है। इजराइली सेना ने युद्धग्रस्त क्षेत्र के उत्तर, दक्षिण और मध्य में नए सिरे से हमले शुरू किए हैं जिनमें पिछले 48 घंटों में दर्जनों लोग मारे गए हैं।

सैन्य गतिविधियों में वृद्धि ऐसे समय हुई है, जब अमेरिका, मिस्र और कतर के मध्यस्थ कतर की राजधानी दोहा में इजराइली अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे, ताकि गाजा के हमास आतंकवादी समूह के साथ काफी समय से लंबित संघर्षविराम समझौते को आगे बढ़ाया जा सके। सेना ने शहर में पर्चे गिराए, जिनमें लोगों से दक्षिण की ओर जाने का आह्वान किया गया और कहा गया, गाजा सिटी एक खतरनाक युद्ध क्षेत्र बना रहेगा। इससे पहले मध्य गाजा में बुधवार तड़के इजराइल के हवाई हमले में छह बच्चों और तीन महिलाओं समेत 20 फलस्तीनी मारे गए जिनमें से कुछ इजराइली सेना द्वारा घोषित कथित सुरक्षित क्षेत्र के अंदर थे। मध्यवर्ती शहर दीर अल-बलाह और उसके आसपास के शरणार्थी शिविरों पर लगातार दूसरी रात ये घातक हमले किए गए। इजराइल का कहना है कि वह नौ महीने से जारी सैन्य हमले के बाद गाजा के विभिन्न हिस्सों में फिर से संगठित हो रहे हमास चरमपंथियों को निशाना बना रहा है।



- सेना ने उत्तर, दक्षिण व मध्य गाजा में नए सिरे से हमले शुरू किए

## कई फ्रांसीसी सांसद वामपंथी गठबंधन से मुक्ति चाहते हैं

पेरिस। फ्रांस में कई वामपंथी सांसदों ने प्रस्ताव दिया है कि संसदीय चुनावों में वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट (एनएफपी) गठबंधन की जीत के बाद संसद में एक अलग समूह बनाया जाए। यह जानकारी फ्रेंच ब्रॉडकास्टर बीएफएमटीवी ने दी।

निर्वाचित सांसदों ने ग्रीन्स पार्टी और फ्रांसीसी कम्युनिस्ट पार्टी, जो गठबंधन का हिस्सा हैं, को गठबंधन से अलग होने और अपना समूह बनाने की पेशकश की है। बीएफएमटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, इस पहल की शुरुआत सांसद क्लेमेंटाइन ऑटेन, एलेक्सिस कॉर्बिएर और फ्रेंकोइस रफिन ने की, जिन्होंने मंगलवार को उक्त पार्टियों को एक आधिकारिक पत्र भेजा। सांसद क्लेमेंटाइन ऑटेन ने बताया कि नए समूह का उद्देश्य कथित रूप से जीन-ल्यूक मेलेनचॉन की फ्रांस अनबोव्ड पार्टी और सोशलिस्ट पार्टी के साथ प्रतिस्पर्धा करना है।

# मोदी-पुतिन मिलाप से अमेरिका परेशान

वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और रूस के द्विपक्षीय संबंधों तथा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेल-मिलाप को लेकर अमेरिका चिंतित है और उसने अपनी इन चिंताओं को भारत सरकार के साथ निजी स्तर पर बातचीत में और सीधे भी प्रकट किया है। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अमेरिका की ओर से इस तरह की चिंता मोदी की मास्को यात्रा के दौरान व्यक्त की गई है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मोदी के पुतिन के गले मिलने के विषय में संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा हम रूस के साथ भारत के संबंधों को लेकर अपनी चिंताओं के बारे में बिल्कुल स्पष्ट हैं। हमने इसे भारत सरकार के साथ निजी तौर पर और सीधे भी इसे रखा है तथा हम ऐसा करते आ रहे हैं। इस संबंध में हमारे रूख में बदलाव नहीं आया है। मोदी-पुतिन मिलाप पर यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की आपत्ति जता चुके हैं, तो क्या इसका भारत पर विश्वास और उसके साथ अमेरिका के रणनीतिक संबंधों पर कोई असर पड़ेगा इस पर मिलर ने कहा वह यूक्रेन में संप्रभुता तथा भौगोलिक अखंडता के सम्मान के लिए संयुक्त राष्ट्र के घोषणा पत्र के सिद्धांतों के अनुसार, किये जाने वाले प्रयासों को समर्थन दे।

### मोदी की रूस यात्रा की गूंज पेंटागन तक सुनाई दी

प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा की गूंज अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन में भी सुनाई दी। पेंटागन के प्रेस प्रवक्ता मेजर जनरल पैट रेडर से मोदी-पुतिन मुलाकात के समय के बारे में पूछा गया, जो उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की शिखर बैठक के ठीक पहले हुई है। उनसे सवाल किया गया कि क्या इसे देखते हुए अमेरिका भारत को हथियारों की बिक्री करने के अपने निर्णयों पर पुनर्विचार करेगा।

### रणनीतिक साझेदार बना रहेगा भारत : अमेरिका

राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन ने कहा है कि रूस के साथ संबंधों को लेकर चिंताओं के बावजूद भारत वाशिंगटन का रणनीतिक साझेदार बना रहेगा। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन और विदेश विभाग के प्रवक्ताओं ने रूस के साथ भारत के रिश्तों और मोदी के मॉस्को दौरे से जुड़े सवालों पर मंगलवार को अलग-अलग प्रतिक्रिया दी। पेंटागन के प्रेस सचिव मेजर जनरल पैट राइडर ने कहा भारत और रूस के बीच काफी लंबे समय से रिश्ते हैं।

## ट्रंप हमारे लोकतंत्र को तानाशाही में बदलना चाहते हैं : हैरिस

वाशिंगटन। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के चुनाव के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी लोकतंत्र को तानाशाही में बदल देंगे। हैरिस ने बाइडेन-हैरिस के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए लास वेगास में कहा डोनाल्ड ट्रंप हमारे लोकतंत्र को तानाशाही में बदलना चाहते हैं। यह कार्यक्रम पूरे देश में एशियाई अमेरिकी, मूल हवाई नागरिक और प्रशांत द्वीपसमूह (एएएनएचपीआई) के मतदाताओं, समुदायों और नेताओं को संगठित करेगा।



परिवर्तन | कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा 300 व सतही ओजोन की मात्रा 60 पीपीबी पहुंची

# मानसून आया वायु प्रदूषण में सुधार लाया

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचारः मानसून आया तो कृषि के साथ वायु प्रदूषण में राहत लाया है। मानसून की बारिश से मध्य हिमालय क्षेत्र में वायु प्रदूषण की मात्रा में काफी हद तक सुधार आ गया है। कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा 300 व सतही ओजोन की मात्रा 60 पहुंच गई है। गर्मी के दौरान कार्बन मोनोऑक्साइड चार गुना, जबकि ओजोन की मात्रा ढाई गुना बढ़ गई थी।

इस बार की गर्मी कई मायनों में याद की जाएगी। जिसमें वायु प्रदूषण ने भी आसमान छूने में कसर नही छोड़ी। ओजोन व कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा सर्वाधिक रही। जिसमें कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा 800 (पीपीबी) पार्ट पर बिलियन पहुच गई थी, जो सामान्य से चार गुना अधिक दर्ज की गई। इसी क्रम में ओजोन की मात्रा 100 पीपीबी पहुच गयी थी, जो सामान्यतः 40 पीपीबी होनी चाहिए। इसकी सामान्य मात्रा 200 पीपीबी होनी चाहिए। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के मुताबिक इन दिनों 300 पीपीबी पहुच गई है। ओजोन की मात्रा में भी काफी सुधार आ गया है, जो 60 पीपीबी पहुच गया है। आने वाले दिनों में बारिश में इनकी मात्रा में अधिक सुधार आएगा और वायु प्रदूषण की स्थिति सामान्य अवस्था में लौट आएगी। पर्वतीय क्षेत्रों में वायु प्रदूषण में वृद्धि की प्रमुख वजह जंगलों की आग है। इस बार वनाग्नि ने हिमालय की तलहटी में जंगलों के जंगल स्वाहा कर दिए।



### एरीज कार्यशाला में खुलेंगे वायु प्रदूषण के रहस्य

नैनीताल : एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डा मनीष नाजा ने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में इस बार गर्मी के दौरान वायु प्रदूषण की मात्रा में अधिक वृद्धि दर्ज की गई। एरीज वायु प्रदूषण को लेकर कार्यशाला आयोजित करने जा रहा है। जिसमें वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य हानि मुख्य एजेंडा होगा। इसके अलावा सैटेलाइट व स्पेस सैंसर आधुकनिक तकनीक के जरिए वायु प्रदूषण मापन पर चर्चा की जाएगी।